स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बुधवार
7 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -255 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

विराट कोहली बोले खुश रहने के लिए छोड़ी थी कप्तानी





# भारत में आज बजेगा जंगी सायरन



**नई दिल्ली।** सुरक्षा मॉक ड्रिल को लेकर केंद्रीय गृह

### छाएगा अंधेरा चलेगा ऑपरेशन

पाक से तनाव के बीच सुरक्षा मॉक ड्रिल आज

गृह मंत्रालय ने की तैयारियों की समीक्षा

सचिव गोविंद मोहन ने अहम बैठक की। बैठक में डीजी, सिविल डिफेंस और डीजी, एनडीआरएफ समेत कई उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल हुए। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच हुई इस बैठक में गृह मंत्रालय के सबसे वरिष्ठ अधिकारी से सिविल डिफेंस तंत्र को मजबूत करने की तैयारियों की समीक्षा की गई। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि देशभर के मुख्य सचिव और सिविल डिफेंस के प्रमुख वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए। देशभर में कल राष्ट्रव्यापी सुरक्षा तैयारी अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास मुख्य रूप से हवाई हमले के सायरन और ब्लैकआउट जैसी स्थितियों की तैयारी पर केंद्रित होगा। मंगलवार को गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में हुई बैठक में 2010 में अधिसूचित 259 नामित नागरिक सुरक्षा जिलों पर विशेष ध्यान दिया गया। समीक्षा इस बात पर केंद्रित है कि मौजूदा उपकरण काम कर रहे हैं या उनकी मरम्मत की आवश्यकता है।

बैठक में यह भी देखा गया कि आपातकालीन हालात में नागरिकों को कैसे प्रशिक्षित किया जाए। इस दौरान हवाई हमले के सायरन के प्रति जनता की प्रतिक्रिया, ब्लैकआउट के दौरान की जाने वाली कार्रवाई और आवश्यक आपूर्ति की तैयारियों पर भी बात की गई।

### पीएम मोदी से फिर मिले एनएसए अजित डोभाल

पीएम नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने मंगलवार सुबह ही मुलाकात की। उनकी बीते 48 घंटों के अंदर दूसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के साथ मीटिंग हुई है। पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए यह अहम मुलाकात मानी जा रही है। डोभाल के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी की कई बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के अलावा तीनों सेनाओं के प्रमुखों से मुलाकात हो चुकी है। इन मुलाकातों के सिलसिले इतने तेज हैं कि अब कयास लगते रहते हैं कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठा सकता है।

### योगी कैबिनेट ने लिए 11 महत्वपूर्ण फैसले

# 15 मई से 15 जून के बीच होंगे तबादले

सभी नगर निगमों में होगी एक समान पार्किंग | दुधवा महोत्सव कराएगी प्रदेश सरकार | अडानी से बिजली खरीदेगा यूपी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आज हुई। बैठक के बाद हुई पत्रकार वार्ता में मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बैठक के महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट के फैसलों में प्रदेश में पार्किंग का स्थान तय करने पर चर्चा हुई। कैबिनेट ने फैसला लिया कि उत्तर प्रदेश के सभी नगर निगमों में एक समान पार्किंग नियम लागू किए जाएंगे। इसके साथ ही साथ प्रदेश में कर्मचारियों के तबादलों की नई नियमों की घोषणा की गई। तबादले की नई नीति के तहत अब प्रदेश के सभी कर्मचारियों के तबादले 15 मई से 15 जून के बीच होंगे। उसके पहले संबंधित विभाग में इसकी पूरी प्रक्रिया कर ली जाएगी। योगी सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने की कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी स्थित दुधवा टाइगर रिजर्व में दुधवा महोत्सव कराने का निर्णय लिया है। दुधवा महोत्सव नवंबर में होगा। यह प्रदेश का पहला आवासीय सांस्कृतिक एवं वन्यजीव महोत्सव है। तीन दिवसीय महोत्सव-25 न सिर्फ प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और जैविक समृद्धि का उत्सव होगा, बल्कि यह पर्यटकों को जंगल की गोद में प्रकृति से जुड़ने और थारू संस्कृति को करीब से जानने का मौका भी देगा। साथ ही देश की जानी मानी हस्तियों द्वारा परफॉर्मेंस भी दी जाएगी। यूपी में बिजली की खरीद अडानी पॉवर लिमिटेड से होगी। लगभग 5 रूपए 38 पैसे प्रति यूनिट की दर से यह बिजली खरीदी जाएगी। एक अनुमान के मुताबिक इससे 2958 करोड़ की बजत होगी। आज के फैसलों के मुताबिक शहरों में नई पार्किंग नीति के तहत पीपीपी मॉडल पर पार्किंग बनेगी। इसके पहले चरण में 17 नगर निगमों में पार्किंग नीति की शुरूआत होगी और पार्किंग के लिए पांच साल के लिए दिया जाएगा लाइसेंस। पार्किंग का किराया नगर निगम तय करेंगे। राज्य कर विभाग का दर्जा, व्यवसायिक से बदलकर सेवारत विभाग किया गया है।

### 1500 मेगावाट बिजली की होगी खरीद

बिजली आपूर्ति की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकार 1600 मेगावाट की परियोजना से 1500 मेगावाट बिजली खरीदने का प्रस्ताव पारित करेगी। यह खरीद प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग के आधार पर होगी, जिससे राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे प्रदेश में बिजली व्यवस्था बेहतर होगी।

## कौशल राज शर्मा अब दिल्ली में तैनात होंगे!



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काशी में जिलाधिकारी और कमिश्नर दोनों रहे आईएएस कौशल राज शर्मा दिल्ली बुला लिए गए हैं। दस दिन पहले ही उनका वाराणसी से तबादला लखनऊ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना सचिव बनाया था। लखनऊ आने के एक पखवारे के अंदर ही उनकी जिम्मेदारी बदलने की फरमान आ गया है। कौशल राज शर्मा को प्रतिनियुक्ति पर एजीएमयूटी कैडर में बुलाया गया है। माना जा रहा है कि दिल्ली में उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। उन्हें फिलहाल तीन साल के लिए प्रतिनियुक्ति मिली है। 2006 बैच के अफसर कौशल राज शर्मा की नजदीकियां पहले से पीएमओ से रही हैं।

## एलओसी से पाक घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा से एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा गया है। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया। घुसपैठिए की उम्र 20 साल के आसपास है और नियंत्रण रेखा पार करके इस तरफ घुसने के तुरंत बाद सेना के जवानों ने उसे हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए ले जाया गया।

## 12वीं रात भी संघर्ष विराम का उल्लंघन

**कुपवाड़ा।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बीच, पाकिस्तानी सैनिकों ने लगातार 12वीं रात जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसके कारण भारतीय सेना की ओर से मजबूत और संतुलित प्रतिक्रिया की गई। जम्मू में रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि 5-6 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की।

# गोधरा ट्रेन अग्निकांड के दोषियों की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को गोधरा ट्रेन अग्निकांड के दोषियों की उस याचिका को

दो जजों की पीठ से सुनवाई कराने पर जताई थी आपत्ति

खारिज कर दिया, जिसमें दो जजों की पीठ द्वारा उनकी अपील पर सुनवाई करने पर आपत्ति जताई गई थी। याचिका में कहा गया था कि दो जजों की पीठ उनकी अपील पर सुनवाई नहीं कर सकती क्योंकि यह मामला मौत की सजा से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं के वकील संजय हेगड़े ने जस्टिस जेके माहेश्वरी और



जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ से लाल किला आतंकी हमले में मोहम्मद आरिफ उर्फ अशरफ को मौत की सजा देने के मामले का उल्लेख किया। उस सुनवाई में कहा गया था कि तीन जजों की पीठ ही मौत की सजा से जुड़े मामलों की सुनवाई कर सकती है। हेगड़े ने कहा कि मान लीजिए कि दो जजों की पीठ कुछ आरोपियों को मौत की सजा दे देती है तो फिर इस मामले पर तीन जजों की पीठ को फिर सुनवाई करनी पड़ेगी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस सबमिशन को खारिज कर दिया और कहा कि तीन जजों की पीठ उन्हीं मामलों पर सुनवाई कर सकती है, जिनमें उच्च न्यायालय ने मौत की पुष्टि कर दी हो। जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि गुजरात उच्च न्यायालय ने इस मामले में 11 दोषियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। इस मामले में सिर्फ ट्रायल कोर्ट ने ही मौत की सजा सुनाई है। ऐसे में इस मामले में दो जजों की पीठ सुनवाई कर सकती है।

### 'ट्रेन का डिब्बा बन गया है आरक्षण'

सुप्रीम कोर्ट में आज महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के विवाद से जुड़े मुद्दे की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ द्वारा सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि इस देश में आरक्षण ट्रेन के उस डिब्बे की तरह हो गया है, जिसमें जो घुसता है, वह फिर दूसरे को अंदर नहीं आने देना चाहता है। यह तल्ख टिप्पणी जस्टिस सूर्यकांत ने की, जो इस साल के अंत तक देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। उनसे पहले 14 मई को जस्टिस बीआर गवई 52वें सीजेआई के तौर पर शपथ लेने जा रहे हैं।

### डिप्टी कलेक्टर पर भड़के जस्टिस गवई

देश के अगले मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई को आज एक याचिकाकर्ता पर बुरी तरह भड़कते हुए देखा गया। उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा कि आज आप अपने छोटे-छोटे बच्चों की दुहाई दे रहे हैं लेकिन जिनका घर आपने उजाड़ा, उनके भी तो बच्चे थे। दरअसल, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ आंध्र प्रदेश के एक डिप्टी कलेक्टर की उस अर्जी पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें अधिकारी ने हाई कोर्ट द्वारा अवमानना के मामले में दी गई सजा के खिलाफ अपील की थी।

### पहलगाम हमले पर मल्लिकार्जुन खड़गे का दावा

# पीएम मोदी को मिल गई थी खुफिया रिपोर्ट

**रांची।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड की राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

जिसके बाद रद्द किया कश्मीर का दौरा



उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, जिसके बाद ही उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश का अपना दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले से तीन दिन पहले प्रधानमंत्री को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी। इसलिए उन्होंने कश्मीर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। मैंने यह बात एक अखबार में भी पढ़ी। झारखंड की राजधानी रांची में संविधान बचाओ रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि खुफिया जानकारी में खामी थी। उन्होंने पूछा, क्या केंद्र को पहलगाम हमले में हुई मौतों के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुफिया जानकारी में खामी स्वीकार कर ली है। उन्होंने एलान किया कि कांग्रेस पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए केंद्र के साथ खड़ी है, क्योंकि देश सर्वोच्च है और पार्टी, धर्म और जाति से परे है।

## मुर्शिदाबाद में बाहर से लाए गए थे दंगाई

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता

ममता बनर्जी ने दंगा पीड़ितों से की भेंट

हर संभव मदद का दिलाया भरोसा



बनर्जी ने मुर्शिदाबाद हिंसा से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा और धार्मिक कट्टरपंथियों की बात सुनकर लोगों में विभाजन पैदा न करें। मुर्शिदाबाद में सरकारी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि दंगाई बाहर से बंगाल में लाए गए हैं, उनके उकसावे में नहीं आएं। वक्फ अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद के समसेरगंज, सुती और धुलियान सहित कई हिस्सों में हिंसा भड़कने के बाद मुख्यमंत्री ने पहली बार इस क्षेत्र का दौरा किया। दंगों में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बनर्जी ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सरकारी सहायता का आश्वासन दिया और हिंसा भड़काने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया।

## शाहजहांपुर : सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के मदनापुर थाना क्षेत्र में इको कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर होने से छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार चार

ईको कार और बाइक में टक्कर, बाइक जलकर हुई राख



युवकों की मौत हुई है। ये चारों दोस्त बताए गए हैं। वहीं, इको कार में सवार दो लोगों की जान गई है। हादसा सोमवार रात करीब 11 बजे हुआ। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। मदनापुर थाना क्षेत्र में काबिलपुर गांव के सामने पेट्रोल पंप से थोड़ा पहले सोमवार की रात करीब 11 बजे बरेली की ओर जा रही बाइक और मदनापुर की ओर से इको कार आमने-सामने टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक में आग लग गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में इको कार में सवार बरेली के फरीदपुर के गांव करनपुर के रहने वाले सुधीर (40 वर्ष) और सोनू (18) की मौत हो गई। बाइक पर सवार तिलहर के नजरपुर कस्बे के रहने वाले रवि (20 वर्ष), आकाश (20 वर्ष), दिनेश (19 वर्ष) और अभिषेक (19 वर्ष) की मौत हो गई।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $38^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $25^0$ |
| सूर्योदय | - 05:28 |
| सूर्यास्त | - 06:38 |

आसमान साफ रहेगा।

## मूडीज ने घटाया भारत का वृद्धि अनुमान

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने साल 2025 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने पहले अनुमान जताया था कि 2025 में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। भूराजनैतिक परिस्थितियों जैसे भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव से भी भारत की विकास दर पर असर पड़ने की आशंका है। इससे निवेश और उद्योगों पर असर आएगा। हालांकि मूडीज ने साल 2025 के लिए भले ही विकास दर में कटौती का अनुमान जताया है, लेकिन साल 2026 में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत ही रहने की संभावना जताई है। साल 2024 में भारत की विकास दर 6.7 प्रतिशत रही थी।

# सड़क हादसे के पीड़ितों का अब तुरंत मुफ्त इलाज

**नई दिल्ली।** सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों और उनके परिवारजनों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी राहत का ऐलान किया है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी कर देशभर में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम की घोषणा की है। सड़क परिवहन मंत्रालय की एक गैजेट अधिसूचना के मुताबिक इस योजना के तहत पीड़ित को दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक

देशभर में लागू हुई योजना

किसी भी मानित अस्पताल में अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार का लाभ मिल सकता है। यह योजना 5 मई 2025 से लागू हो गई है। केंद्र सरकार की अधिसूचना के मुताबिक, किसी भी सड़क पर मोटर वाहन द्वारा हुई सड़क दुर्घटना का शिकार होने वाला कोई भी व्यक्ति इस योजना के प्रावधानों के तहत कैशलेस उपचार का हकदार होगा। बता दें कि इससे पहले इस



साल जनवरी में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भारत में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए यह घोषणा की थी कि सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए जल्द ही ऐसी योजना लाने पर विचार कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस योजना को लागू करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण राज्य की पुलिस, अस्पतालों और राज्य की स्वास्थ्य एजेंसी के साथ मिलकर काम करेगा। भारत में सड़क हादसों में हर साल लगभग 5 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

### शहीद विनय नरवाल के परिजनों से मिले राहुल

**करनाल।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार से मिलने के लिए कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज करनाल पहुंचे। राहुल ने शहीद की पत्नी हिमांशी नरवाल और उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल मारे गए थे। वह अपनी पत्नी हिमांशी के साथ हनीमून के लिए पहलगाम गए थे, जहां आतंकियों ने उनकी हत्या कर दी।

### हरियाणा में महंगी होगी शराब

**चंडीगढ़।** हरियाणा में शराब के शौकीनों के लिए एक बुरी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को चंडीगढ़ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में वर्ष 2025-27 के लिए नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी गई है। नई आबकारी नीति लागू होने के बाद हरियाणा में अलग-अलग कैटेगिरी की शराब के दामों में 10 से 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है। आबकारी विभाग के सूत्रों के मुताबिक अभी स्पष्ट तौर पर कुछ तय नहीं हो पाया है लेकिन विभाग की ओर से जल्द ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। नई आबकारी नीति में विभाग की ओर से आंशिक तौर पर कुछ बदलाव किए जा सकते हैं।


### पुंछ : खाई में गिरी बस, जवान सहित चार की मौत

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक बस सड़क से उतरकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 44 अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक जवान भी शामिल है। बस घनी गांव से मेंढर जा रही थी, तभी मंगलवार सुबह करीब 9.20 बजे चालक ने नियंत्रण खो दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटनास्थल पर बचाव अभियान शुरू किया और पुलिस, भारतीय सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने उनकी मदद की। सेना का जवान मजीद असम में तैनात था और छुट्टी पर गांव आया हुआ था।

## सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान को खूब लताड़ा

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान का भारत के खिलाफ हर पैंतरा उस पर ही भारी पड़ रहा है। ताजा मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक का है, जहां पाकिस्तान मदद मांगने गया था, लेकिन

उकसावे की कार्रवाई पर लगी फटकार



सुरक्षा परिषद ने उल्टे पाकिस्तान को ही लताड़ दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पाकिस्तान से ही मुश्किल सवाल पूछे और पहलगाम आतंकी हमले पर जवाबदेही तय करने को कहा। यूएनएससी की बैठक में सदस्यों ने पाकिस्तान से पूछा कि क्या पहलगाम आतंकी हमले में लश्कर ए तैयबा का हाथ है या नहीं। पाकिस्तान ये दिखाने की कोशिश कर रहा है कि भारत पहलगाम आतंकी हमले की आड़ में उस पर हमला करना चाहता है। हालांकि सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान के इस तर्क को खारिज कर दिया और उल्टे हमले में लश्कर ए तैयबा की भूमिका पर ही सवाल पूछ लिए। पाकिस्तान द्वारा हाल ही में बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया गया है। सुरक्षा परिषद के कई सदस्यों ने इस पर भी नाराजगी जताई और इसे पाकिस्तान की उकसावे वाली कार्रवाई बताया। पाकिस्तान की कोशिश थी कि मामले को सुरक्षा परिषद में उठाकर इसका अंतरराष्ट्रीयकरण किया जाए और भारत पर दबाव बनाया जाए कि वह सैन्य कार्रवाई न करे।

## मानव विकास में भारत की प्रगति यात्रा जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसी सरकारी राष्ट्रीय योजनाओं, अभियानों और कार्यक्रमों से 193 देशों के वैश्विक मानव सूचकांक में भारत

193 देशों की सूची में तीन पायदान चढ़ कर 130वें स्थान पर पहुंचा

130 वें स्थान पर पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की मंगलवार को जारी रिपोर्ट ए मैटर ऑफ चॉइस : पीपुल एंड पॉसिबिलिटीज इन द एज ऑफ एआई में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की मानव विकास प्रगति जारी और मानव विकास निरंतर प्रगति कर रहा है तथा 193 देशों में 133 वें स्थान से बढ़कर 130 वें स्थान पर आ गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का मानव विकास सूचकांक वर्ष 2022 में 0.676 से बढ़कर वर्ष 2023 में 0.685 हो गया। इससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया गया है। भारत जल्दी जो उच्च मानव विकास 0.700 के करीब पहुंच जाएगा। देश में जीवन प्रत्याशा वर्ष 1990 में 58.6 वर्ष से बढ़कर वर्ष 2023 में 72 वर्ष हो गई है, जो सूचकांक शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है।





# कुशीनगर में कब्जा कर बनाई गई दीवार पर चला बुलडोजर

## राजस्व टीम और पुलिस बल की उपस्थिति में हटाया गया अवैध निर्माण



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**कुशीनगर।** एसडीएम के निर्देश के तहत ग्राम सपही टड़वा स्थित गाटा संख्या-958 की झाड़ियों और जंगल की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्यवाही राजस्व टीम और पुलिस बल की उपस्थिति में की गई। अतिक्रमणकर्ता ने सरकारी भूमि पर झोपड़ी डालकर कब्जा कर लिया था और फिर झोपड़ी के भीतर पक्की दीवार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। राजस्व विभाग द्वारा कई बार अतिक्रमणकर्ता को निर्माण कार्य रोकने के लिए चेतावनी दी गई थी, लेकिन उसने इन चेतावनियों को अनदेखा कर दिया और निर्माण कार्य जारी रखा। इसके बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाया और बुलडोजर की मदद से पक्की दीवार को गिरा दिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक तमकुहीराज अश्वनी राय, हल्का लेखपाल खालिद सिद्दीकी, यशपाल सिंह और कमरुज्जमा अंसारी मौके पर उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि अतिक्रमणकर्ता भविष्य में पुनः निर्माण कार्य करता है, तो उसे पूरी तरह से बेदखल कर दिया जाएगा। प्रशासन ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा न करें, अन्यथा इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## 10 साल पुराने आवासीय पट्टे की जमीन पर दिलाया कब्जा



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**कुशीनगर।** तमकुहीराज के एसडीएम ऋषभ पुण्डीर ने मंगलवार को बभनौली गांव में पांच परिवारों को 10 साल पुराने आवासीय पट्टे की जमीन का कब्जा दिलाया। इस जमीन पर गांव के कुछ लोगों का वर्षों से अवैध कब्जा था। पांच परिवार कब्जा नहीं मिलने की स्थिति वर्षों से बिना आवास के रहने को मजबूर थे। अवैध कब्जा हटने के बाद गरीब परिवार के लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक देखी जा सकती थी।

बभनौली निवासी गयासुद्दीन, छांगुर, गुलबेसर, गौरीशंकर और एनुद्दीन को 10 साल पहले आवासीय पट्टे मिले थे। लेकिन गांव के कुछ लोगों ने इस जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था। पट्टाधारकों के कहने पर भी वे जमीन खाली नहीं कर रहे थे। पट्टा धारक वर्षों से जिले से लेकर तहसील तक चक्कर लगाते लगाए तक गए थे परन्तु उनको न्याय नहीं मिल पा रहा था।गांव के प्रधान संजय राय ने पट्टाधारकों की समस्या एसडीएम तक पहुंचाई। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक और लेखपाल से जानकारी ली। मंगलवार दोपहर ढाई बजे वे राजस्वकर्मियों की टीम के साथ गांव पहुंचे। जमीन का सीमांकन कराया और पट्टाधारकों को कब्जा दिलाया। पट्टाधारकों का कहना है कि वे पिछले 10 साल से चक्कर लगा रहे थे। एसडीएम ने समस्या सुनी और न्याय दिलाया और कहा कि तहसील क्षेत्र में किसी को कोई समस्या हो तो वह 10 से 12.30 बिना किसी सिफारिश के मुझसे सीधे मिलकर अपनी बात कह सकता है। प्रशासन हर स्तर पर लोगो का सहयोग करने को तत्पर है।

## एसपी ने सुनी पुलिसकर्मियों की समस्याएं



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**महाराजगंज।** पुलिस लाइन में एसपी सोमेन्द्र मीना की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन की शुरुआत में विभिन्न थानों से आए पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की मासिक समीक्षा की गई। थानों पर लंबित विवेचनाओं, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, अपहृत व्यक्तियों की बरामदगी, महिला उत्पीड़न, एसटी संबंधी अपराधों और मिशन मोड पर चिन्हित अभियोगों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा हुई। इसके अतिरिक्त ऑपरेशन दृष्टिम्, त्रिनेत्र के तहत भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाने, ऑपरेशन शिकंजा व एंटी चीयर्स के प्रभावी संचालन, आईजीआरएस व एफआईआर मामलों के गंभीर निस्तारण जैसे बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए। त्यौहारों के मद्देनज़र सतर्कता बरतने, ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने व पब्लिक ग्रीवेंस पोर्टल पर लंबित मामलों को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना पिंक बूथ का उद्देश्य



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**बस्ती।** मंगलवार को कलवारी सर्किल क्षेत्र के नगर थाना के सामने पुलिस पिंक बूथ का शुभारंभ किया गया। पिंक बूथ का उद्घाटन नगर पंचायत नगर बाजार की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने फीता काटकर किया।

उन्होंने कहा कि पिंक बूथ जिसका उद्देश्य महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है, जो अपने आप में मील का पत्थर साबित होगी। इस बूथ पर विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मी ही तैनात की गई हैं। ताकि महिलाएं बिना किसी झिझक के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। सीओ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने उद्घाटन के दौरान वहां उपस्थित महिलाओं को निःसंकोच अपनी समस्याएं बताने और पुलिस पिंक बूथ का लाभ लेने के प्रेरित किया। थाना प्रभारी नगर देवेंद्र सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति 5/0 के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मी प्रतिदिन विभिन्न स्कूलों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं को आत्मरक्षा, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, एवं साइबर हेल्पलाइन 1930, की जानकारी प्रदान कर रही हैं। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को न केवल सुरक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना भी है। पिंक बूथ का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिए त्वरित सुविधा उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर वंदना चौधरी ने पिंक पेट्रोल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं व छात्राओं समेत कलवारी सर्किल में पड़ने वाले सभी थाना प्रभारी व उप निरीक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह, डा वीके वर्मा, शिवश्याम चौधरी, वेद प्रकाश, उप निरीक्षक मो मुस्तफा, उप निरीक्षक विवेकानन्द तिवारी, उप निरीक्षक मृत्युंजय मिश्रा उप निरीक्षक सोम नाथ राय बृजमोहन सिंह, अरविन्द पटेल, संरजीत यादव, दीपक कुमार मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया बस्ती का स्थापना दिवस



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जनपद का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में केक काटा गया और संगीत की धुन पर लोगों ने बोला हैप्पी बर्थडे बस्ती। बस्ती का थीम सांग नगर है यह खास नाम इसका बस्ती बजा तो पूरा सभागार झूम उठा। बस्ती के विकास और जनपद वासियों के प्रगति तथा खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम संयोजक एवं उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने बस्ती के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि साहित्य, कला और त्याग बलिदान जिले की माटी में रचा बसा है। उन्होंने बस्ती के जन्मदिन पर जनपद का नाम बदलकर वशिष्ठ नगर किए जाने का दृढ़ संकल्प दोहराया। उन्होंने समाजसेवियों और आम जन से वशिष्ठ नगर नामकरण अभियान से जुड़ने की अपील किया। इसके पूर्व नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने बस्ती मण्डल के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने सभी को जनपद के स्थापना दिवस पर बधाई दिया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने बस्ती की गाथा सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कवि राम कृष्ण लाल जगमग ने अपने दोहों से खूब वाहवाही बटोरी। डॉ वीके वर्मा, अर्चना श्रीवास्तव, सुशील सिंह, घनश्याम सिंह, चंद्र मोहन लाल, बाल कवि हिमांशु शेखर मिश्र ने अपनी रचना सुनाई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सुपेलवा गोलू सिंह, अश्वनी राज, सत्येंद्र श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने की चकबंदी कार्यों की समीक्षा



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**संतकबीरनगर।** डीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) जयप्रकाश उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित चकबन्दी प्राधिकारियों का निर्धारित समयावधि में चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सीमांकन/कब्जा परिवर्तन स्तर पर प्रचलित ग्रामों का निर्धारित समायवधि में सीमांकन कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अजय प्रकाश दीक्षित, किसलय किशोर द्विवेदी, कमलेश कुमार शर्मा, संजय कुमार सिंह गौतम, उमेश चन्द्र पाण्डेय, कृष्ण कुमार, जितेन्द्र कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, रामदरस, इन्द्रजीत यादव, अवधेश कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव, आशुतोष नायक एवं उदिता पाण्डेय उपस्थित रहें।

## वक्फ संशोधन से होगा संपत्तियों का सही इस्तेमाल



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**महाराजगंज।** नए वक्फ संशोधन बिल के लागू होने पर अब संपत्ति की लूट नहीं होगी। गरीबों को उनका हक मिलेगा। पहले कानून की लचरता का लाभ उठाते हुए काफी लोगों ने संपत्ति की लूटपाट की थी। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून से कांग्रेस और सपा में बेचैनी का माहौल है। गरीबों के हक को भाजपा उन गरीबों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उक्त बाते सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने नगर के सिविल लाइन वार्ड में स्थित मदरसा जामिया रजविया नूरुल उलूम में अल्पसंख्यक समाज के लोगों से वक्फ सुधार जनजागरुकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि इस संपत्ति से गरीबों की सुविधा के लिए शिक्षा स्वास्थ्य की व्यवस्था होगी। अस्पताल, सामुदायिक केंद्र बन सकें। विधायक ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के बाद गरीब मुसलमानों के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पास होने के बाद देश के करोड़ों मुसलमान आज प्रधानमंत्री को धन्यवाद दे रहे हैं लेकिन विपक्ष को यह कानून रास नहीं आ रहा है। इस कानून को लेकर समाज के लोगों को बरगलाया जा रहा है। इसके पूर्व मदरसे के प्रबंधक शमशुल हुदा खान सहित मदरसे के तमाम शिक्षकों ने विधायक का बेज लगाकर और माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा जिला संयोजक इल्ताफ खान, अध्यक्ष हाजी गुलाम रसूल, डॉ सैयद अली, सफी अहमद, सैफुद्दजा ,शहाबुद्दीन, नूरुल एन खान , अनवर अली, सदरे आलम खान, अख्तर हुसैन, फारूक अब्बासी, हाजी मुस्तफा, वजहुल हुदा खान सहित तमाम अल्प संख्यक समाज के लोग मौजूद रहे।

## पूर्व सीएमओ पर गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**पडरौना कुशीनगर।** मदर केयर हॉस्पिटल बावली चौक पडरौना के प्रबंधक डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने पूर्व सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया पर भ्रष्टाचार का आरोप मुख्यमंत्री पोर्टल पर 25 फरवरी को किया था। डॉ मिश्रा का कहना है कि पूर्व सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया गलत तरीके से मेरे हॉस्पिटल सहित मेरे आवासीय आवास को भी 25 अगस्त 2024 दिन रविवार को मेरे अनुपस्थिति में बिना किसी नोटिस के और न ही किसी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में, मेरे हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। जिसके वजह से बच्चे की पढ़ाई चार महीने बाधित हो गया स्कूल में अनुपस्थिति हो गया समय से फीस न जमा होनें के कारण बच्चे का स्कूल से नाम कट गया था अर्ध वार्षिक एग्जाम में अनुपस्थिति हो गया । मदर केयर हॉस्पिटल में ही होम्योपैथ का प्रैक्टिस करते थे जिसका रजिस्ट्रेशन इसी हॉस्पिटल में अलग से कराया गया था और मरीज देख रहे थे। हॉस्पिटल और आवासीय आवास सील होने की वजह से डॉ मिश्रा की सारी कमाई के श्रोत बंद हो गए किराए के मकान में चार महीने रहना पड़ा आर्थिक तंगी से गुजर रहे डॉक्टर कई लोगों से कर्ज लेकर काम चलाए। डॉ मिश्रा का कहना है कि जब भी सीएमओ साहब से मिलने जाते थे तो इशारे में पैसा का डिमांड करते थे। मिठाई खाने के नाम पर 5 हजार लिए तब जाकर आवास खोले पूर्व सीएमओ से मिलकर अपना पोस्टिंग सीएमओ ऑफिस में करा लिया।

## व्यस्कों को नहीं लगेगा सी-वाई टीबी इंजेक्शन

### सीवाई टीबी इंजेक्शन से उच्चजोखिम वाले व्यक्तियों में क्षयरोग की होगी पहचान : सीएमओ



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**पड़रौना, कुशीनगर।** सीएमओ सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में चलने वाले सीवाई टीबी इंजेक्शन कार्यक्रम के लिये सीएमओ डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुआ।

सीएमओ डॉ एपी भास्कर ने कहा कि सीवाई टीबी इंजेक्शन से उच्चजोखिम वाले व्यक्तियों में क्षयरोग की पहचान की होगी। उसके बाद उस व्यक्ति को टीबी रोग से बचाव हेतु दवा चलायी जायेगी। सीएमओ ने कहा कि यह इंजेक्शन सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि सीवाई टीबी टेस्ट केवल क्षयरोग के संक्रमण की पहचान करने के लिये है। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एसएन त्रिपाठी ने कहा कि यह इंजेक्शन 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों तथा पीएल एचआईवी एवं सीएल एचआईवी से संक्रमित व्यक्तियो को नही लगेगा। उन्होंने कहा कि यह उन व्यक्तियों में प्राथमिकता से लगेगी जो उच्चजोखिम व्यक्ति हो जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, जैसे-डायलिसिस पर चल रहे मरीज, हृदय एवं सांस के रोगी, सुगर के रोगी, गम्भीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति, टीबी मरीजों के साथ एवं सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों में। इस दौरान डॉ मुकेश यादव, डॉ अवधेश कुशवाहा,डॉ उमाशंकर नायक, डॉ जीशान अली,डॉ सुधीर तिवारी, डॉ रजनीश श्रीवास्तव, डॉ महेश्वरी मिश्रा, नितेश राय, आशुतोष मिश्र, शाहिद अंसारी, अनिता यादव, राकेश सिंह, विशाल जयसवाल, राजीव राय, अमित पांडेय, अमित वर्मा, सत्येन्द्र पांडेय, नवीन मिश्र, अमित श्रीवास्तव, निशांत मिश्र, कमलशंकर पांडेय, विवेक यादव, सन्तोष, अविनाश उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**बस्ती।** मंगलवार को व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने सूर्य कुमार शुक्ल के नेतृत्व में डीएम को पत्र सौंपकर नगर पालिका के ईओ अंगद गुप्ता द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र के बभनगांवा निवासी स्वर्ण व्यापारी टुनटुन जी ज्वैलर्स के आनन्द कुमार सोनी पुत्र ओमप्रकाश सोनी के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग किया। डीएम ने मामले को गंभीरता से सुना और एडीएम को मामले की जांच सौंप दिया। व्यापारियों ने कहा कि अभद्र व्यवहार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। बभनगांवा निवासी आनन्द कुमार सोनी गत 5 मई को सुबह लगभग 8 बजे अपने घर के सामने साफसफाई कर रहे थे कि ईओ नगर पालिका बस्ती ने कहा कि इतने बड़े व्यवसाई हो झाड़ू लगा रहे हो, शर्म नही आ रही है। मुझे प्रतिमाह सुविधा शुल्क पहुंचा दिया करो, मैं नगर पालिका के कर्मचारियों से साफसफाई करवा दिया करूंगा।

## सार्वजनिक जमीन पर बनें मदरसे को किया ध्वस्त

**परसामलिक।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत विषखोप स्थित मदरसा पिछले कई वर्षों से नवीन परती के भूमि पर अवैध रूप से काबिज था। शासन के निर्देश पर राजस्व एवं प्रशासन की टीम ने नवीन परती के जमीन पर काबिज मदरसे को ध्वस्त करवाकर कब्जा मुक्त करवाया। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विषखोप में स्थित मदरसा अहले सुन्नत गौसिया अशरफुल ऊलूम असरफिया पिछले करीब दस वर्षों से नवीन परती के जमीन पर 0.081 एयर भूमि पर अवैध रूप से काबिज था। इस दौरान सौरभ कुमार श्रीवास्तव, योगेन्द्र कुमार राय, अभिजीत कुमार मौजूद रहे। एसडीएम नवीन प्रसाद ने बताया कि उक्त मदरसा का कुछ हिस्सा नवीन परती के भूमि पर काबिज था जिसे ध्वस्त करवाकर सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त करवाया गया है।

## जिला महिला अस्पताल : गर्भवती को डांट कर भगाया

### जिला महिला चिकित्सालय में चिकित्सकों के अभद्रता से गिर रहा मान सम्मान

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**बस्ती।** जिला महिला चिकित्सालय में उपचार के लिए पहुंची एक गर्भवती को चिकित्सक ने पहले डांट लगाई, फिर जलील करते हुए भगा दिया। इससे मरीज रोने लगी। मरीज काफी देर तक बदहवास होकर बैठी रही, लेकिन इलाज नहीं हो पाया। बाद में निराश होकर घर चली गई।

हुआ यह कि लोहरौली संतकबीरनगर जिले से आई वंदना के पेट में दर्द हो रहा था। दर्द से कराहती मरीज वंदना ने बताया कि पहले वह लाइन लगाकर पर्चा बनवाई। उसके बाद ओपीडी में पहुंची। यहां भी लाइन लगाकर चिकित्सीय परामर्श के लिए प्रतीक्षारत थी। नंबर आने पर जैसे ही चिकित्सक के पास पहुंची, पीछे हटो, हटो कहते हुए गलत व्यवहार

**मरीज और तीमारदार ने चिकित्सक पर लगाया अभद्रता का आरोप**

करने लगी। पूछने पर चिकित्सक और भड़क गई। गार्ड को बुलाकर बाहर करने के लिए कहा। इस पर भी मरीज शांत रही, तब तक परिजन पहुंच गए। चिकित्सक से न देखने का कारण पूछा तो चिकित्सक, परिजन से भी भिड़ गए। पर्चा फाड़ देने की धमकी देते हुए चेंबर से भगा दिया। जिससे मरीज के साथ ही परिजन ने भी आत्मग्लानि महसूस किया और निराश होकर वापस चली गई। उसके बाद एक कथित दलाल मरीज को पकड़ लिया और बाहर ले जाकर इलाज कराने को कहा। फीस देकर बाहर डॉक्टर को दिखाया और अल्ट्रासाउंड कराया। इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ। बताया कि इतनी दूर से आने के बाद भी उपचार नहीं मिला। इलाज के नाम पर पैसा भी खर्च हो गया। कहा कि, यहां चिकित्सक का जो व्यवहार है इससे तो उपचार मिलना कठिन हो जाएगा। बताया कि कुछ न बोलने पर यह हरकत है तो यदि बोलते तो क्या दशा होती। काफी देर तक वहां हो हल्ला होता रहा। बाद में मामला सीएमएस डॉ अनिल कुमार तक पहुंचा। उन्होंने बाद में मरीज को बुलवाकर जानकारी ली। सीएमएस ने बताया कि मरीज से पूरी जानकारी ले ली गई है। यदि शिकायत पत्र मिलता है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। कोशिश होती है कि मरीज को बेहतर उपचार की सुविधा मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मण्डल अध्यक्ष बने ईष्टदेव पांडेय



**बस्ती।** विकासशील उद्योग व्यापार एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव आनंद जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश सिंह रघुवंशी की संस्तुति पर ईष्टदेव पांडेय को बस्ती मण्डल का मण्डलीय जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धेश कुमार ने कटेश्वर पार्क के निकट ईष्टदेव पांडेय का स्वागत करते हुए कहा कि निःसन्देह उनके नेतृत्व में व्यापारियों की आवाज मुखर होगा, उत्पीड़न रूकेगा और समस्याओं के हल निकलेंगे। यह जानकारी देते हुये एसोसिएशन जिलाध्यक्ष आशीष स्वामी उर्फकल्लू बाबा ने बताया कि ईष्टदेव पांडेय को विकासशील उद्योग व्यापार एसोसिएशन का मण्डल अध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा, महेश शुक्ल, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, पवन कसौधन, ओमप्रकाश ठाकुर, सतीश सोनकर, राजन ठाकुर, विकास चौधरी, विकास बरनवाल, मनोज गुप्ता, राजन सोनी, रामकुमार साहू, अशोक गुप्ता, दिनेश गुप्ता, रामकुमार पांडेय, सत्यव्रत दूबे, बृजबिहारी, रमेश सिंह, लक्ष्मी नारायण, राम सुरेश, चमन कुमार, ब्रम्हर्षि उपाध्याय, चक्रपाणि दूबे, बब्लू गुप्ता, शुभम गुप्ता, रजत गुप्ता, बहरैची, रतन निषाद आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

### मकान खाली करने को लेकर मारपीट, केस

**सिंदुरिया।** ग्रामसभा मिठौरा निवासिनी हफिजून निशा पत्नी नामवर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि जबरिया मकान खाली कराने को लेकर पांच लोग आये और मुझे तथा मेरी बेटी को गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी देने लगे, मामले को संज्ञान मे लेते हुए पुलिस ने पांचो आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच मे जुट गयी है। मिठौरा निवासी पीड़िता हफ़ीजून ने पुलिस को दिए तहरीर मे बताया है कि वह अपने ही ग्रामवासी नेयाज पुत्र मुनीर से उसके खाली पड़े मकान को नौ लाख रूपये मे खरीद कर अपने परिवार के साथ रहती है,शनिवार की शाम 6बजे अचानक हमारे घर पर नेयाज के साथ उसके रिश्तेदार नौतनवा थाना क्षेत्र के बैरवा जंगल निवासी आजाद हुसैन, रेशमा,मिठौरा निवासी जमीला पत्नी मटकुटी तथा गोरखपुर के पिपराइच थाना के ग्राम मुडेरी गडवा निवासी जमीला पत्नी जौवाद घर के अंदर घुस गए और मकान खाली करने का दबाव बनाते हुए लात मुक्के से मारने पीटने लगे,हमारे कहने पर भी यह मकान हमने ख़रीदा है। प्रभारी थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांचो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फजिलनगर, कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित काजीपुर चौराहे पर मंगलवार की सुबह एक बाइक सवार ट्रक के नीचे आ गया। बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी तथा उसका शव सड़क पर कई टुकड़ों में बट गया। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिये भेज ट्रक थाने ले गयी।

थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित काजीपुर चौराहे पर मंगलवार की सुबह बाइक पर एक बाइक कुछ सामान लेकर तीर्थ सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी सरदार पुर बुजुर्ग कानपुर देहात उम्र 40 बर्ष तमकुही की तरफ से फाजिलनगर की तरफ जा रहा था।जैसे ही वह काजीपुर चौराहे पर पहुचा की उसी दौरान फाजिलनगर की तरफ से आ रहे एक ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी तथा उसका शव कई टुकड़ो में बट गया। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।यह दर्दनाक घटना देख कर चौराहे पर मौजूद लोग सिहर गए। सूचना पर पहुची पुलिस अभी शव की पहचान करने अग्रीम कार्यवाई में जुट गई।फाजिलनगर चौकी इंचार्ज मनोज वर्मा ने बताया कि शव को पी एम के लिये भेज दिया गया है ट्रक पुलिस के कब्जे में है।

## आंगनबाड़ी एशोसिएशन की बैठक में हुए महत्वपूर्ण निर्णय

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**महराजगंज।** आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन संघ उत्तर प्रदेश इकाई जनपद महराजगंज विकास खंड फरेंदा मीटिंग हॉल में संगठन की बैठक आहुत की गई जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष विनीता चौधरी द्वारा किया गया बैठक में ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी और समस्त सहायिकाएं और भाइयों द्वारा प्रतिभाग लिया गया जिसमें बिंदुवार समस्याओं पर चर्चा किया गया जिसके निस्तारण के लिए जिला संरक्षक सत्येंद्र पटेल द्वारा आश्वासन दिया गया कि आप लोगों की समस्या ब्लॉक एवं जिला स्तर से है मै और मेरे संगठन के जिम्मेदार लोगों द्वारा आपकी हर समस्या का निस्तारण करने का हर हाल में प्रयास किया जाएगा ब्लॉक अध्यक्ष विनीता चौधरी ने कहा कि अब जो भी बहिन कार्य सेवा से निवृत होगी उस बहिन का संगठन यह निश्चय किया है कि अब प्रयास होगा कि उस बहिन को संतोष जनक अन्य विभाग के कर्मचारियों की तरह सम्मान पूर्वक विदाई व सम्मान किया जाएगा जिससे आप सभी को जिम्मेदारी व सहयोग की जरूरत है बिना आप लोगो के सहयोग के बिना कुछ भी नहीं हो सकता बैठक में उपस्थित ब्लॉक संरक्षक सुरेश प्रसाद,आरती सिंह,श्याम विभा शुक्ल, संगीता सिंह, लक्ष्मी,रंजना यादव, ममता तिवारी,तेजमती तिवारी ,सुनीता देवी, बबीता देवी आदि उपस्थित थी।

## भंडारे संग हुआ यज्ञ का समापन



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**परसरामपुर, बस्ती।** श्रीराम सर्किट से जुड़े पौराणिक स्थल मखभूमि मखौड़ा धाम में चल रहे श्रीराम महायज्ञ समारोह मंगलवार को जानकी नवमी को पूर्णाहुति एवं धूमधाम से विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ।

श्रीराम महायज्ञ समारोह के यज्ञध्यक्ष राम कोटि दशरथ महल अयोध्या धाम बड़ी जगह के महंत विन्दुगद्याचार्य देवेन्द्र प्रसादाचार्य महाराज के अध्यक्षता में यज्ञ कुण्ड में वैदिक मंत्रोच्चार से पूर्णाहुति दी गयी। विन्दुगद्याचार्य देवेन्द्र प्रसादाचार्य महाराज ने कहा कि माता जानकी का जीवन संघर्षों, त्याग और समर्पण से परिपूर्ण था। यज्ञ आयोजक सूर्य नारायण दास वैदिक ने बताया कि 30 अप्रैल अक्षय तृतीया से यज्ञ का शुभारंभ के साथ 6 मई जानकी नवमी को पूर्णाहुति एवं विशाल भण्डारे से समापन हुआ। इस अवसर पर पुणे महाराष्ट्र के मुख्य यजमान धीरज लाल कुंवर आदि शामिल रहे।

# हाइवे पर ट्रेलर से ट्रेलर की भिड़ंत में चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** हाइवे पर रविवार से ही दुर्घटनाग्रस्त खड़े ट्रेलर को समय रहते राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पेट्रोलिंगकर्मी तथा रूट इंचार्ज हटा देते तो हादसा टल सकता था। एनएचएआई की हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा दूर्घटनाग्रस्त खड़े ट्रेलर के पीछे ना तो सेफ्टी लगाई गई और ना ही ट्रेलर को सड़क से हटाकर दूर खड़ा किया गया।

गगहा थाना क्षेत्र के गोरखपुर वाराणसी हाईवे पर कुसमौरा बुजुर्ग के पास मंगलवार सुबह चार बजे पहले से घटनाग्रस्त खड़ी ट्रेलर में पीछे से एक ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाइवे पर चीख-पुकार मच गई। इस घटना में ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

बता दें की गगहा थाना क्षेत्र के कुसमौरा बुजुर्ग के पास रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर पौधों को पानी डाल रहे पानी टैंकर को ट्रेलर गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में चालक राम दवन यादव (57) निवासी ओडवालिया गांव सहजनवा की मौत हो गई थी। दो दिन से हाईवे पर डिवाइडर के पास ही यह दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर खड़ी थी। इस ट्रेलर पर सरीये लदे हुए थे। मंगलवार सुबह 4.00 बजे इसी दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर में बड़हलगंज से गोरखपुर की तरफ जा रही एक दूसरी ट्रेलर जा भीड़ी जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए। आगे खड़ी ट्रेलर के सरीये पिछे वाली ट्रेलर में फंस गए। ट्रेलर चालक की पहचान विनोद यादव (40) निवासी ग्राम महुली जिला आजमगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हाइवे पर रविवार से ही दुर्घटनाग्रस्त खड़े ट्रेलर को समय रहते राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पेट्रोलिंगकर्मी तथा रूट इंचार्ज हटा देते तो हादसा टल सकता था। एनएचएआई की हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा दूर्घटनाग्रस्त खड़े ट्रेलर के पीछे ना तो सेफ्टी लगाई गई और ना ही ट्रेलर को सड़क से हटाकर दूर खड़ा किया गया। ऐसे में सेफ्टी तथा संकेतक के अभाव में मंगलवार सुबह ट्रेलर अनियंत्रित होकर ट्रेलर के पीछे घुस गई और हादसे में चालक की मौत हो गई। लोगों का कहना है कि गोरखपुर वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली के बावजूद वाहन चालकों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। इन सुविधाओं तथा संकेतक और चेतावनी बोर्ड के अभाव में हाईवे पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।



## पुरवा चौराहे पर पलटी बोलेरो, बाल-बाल बचे यात्री

**गोरखपुर।** गोरखपुर-देवरिया फोरलेन पर पुरवा चौराहे के पास औद्योगिक आस्थान के सामने मंगलवार की दोपहर में गोरखपुर की ओर से तेज गति से आ रही बोलेरो बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलट गई। इसके बाद अफरा तरफरी मच गई। आनन-फानन में राहगीरों ने दौड़कर वाहन को सीधा किया। घटना के बाद वाहन में सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए। हालांकि सभी को हल्की चोंट आईं। वाहन में एक मरीज व उसके परिजन सवार थे जो चिकित्सकीय कार्य से जा रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के किनारे बने कट और अनियमित ट्रैफिक व्यवस्था के चलते इस तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## अनियंत्रित हुआ डंपर, साइकिल सवार बचा

**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के सेमरी में गोला-हाटा मार्ग पर हुई। यहां एक तेज रफ्तार मिट्टी लदी डंपर अनियंत्रित हो गई। यह देख सेमरी गांव में शादी समारोह में खाना बनाने अपने साथियों के साथ जा रहे बेवरी चौराहे के विनोद हलवाई बाल-बाल बच गए। विनोद ने सड़क के नीचे साइकिल उतार कर अपनी जान बचाई। अनियंत्रित डंपर ट्रांसफॉर्मर पर लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पोल टूट गए। उस पर लगा ट्रांसफॉर्मर छटककर डंपर पर गिर गया। इससे हाईटेंशन तार टूट कर सड़क पर गिर गया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने डंपर चालक को थाने लेकर आ गई।

## खाद्य विभाग ने नष्ट कराया दो क्विंटल पनीर

**गोरखपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मिलावटी पनीर के दो क्विंटल जखीरे को नष्ट कर दिया है। इस डेयरी का लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस डेयरी में बनने वाले प्रोडक्ट महराजगंज, कुशीनगर जिलों में भी भेजे जाते हैं।यह घटना खाद्य पदार्थों में मिलावट के बढ़ते खतरे की ओर इशारा करती है और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा करती है। लगन के सीजन में बड़े पैमाने पर नकली पनीर खपाने की सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग को मिली थी। इसी क्रम में टीम ने महानगर के गोपालपुर सियारामपुर स्थित अमृत डेयरी पर छापा मारा। वहां सप्लाई के लिए बड़ी मात्रा में पनीर रखा गया था। टीम ने तत्काल उसकी प्राथमिक जांच की, जिसमें वह खराब निकला। टीम ने तत्काल पनीर नष्ट करा दिया।

# योग दिवस पर डीडीयू करेगा बहुआयामी कार्यक्रमों का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की घोषणा की गई है। उन्होंने इसे एक भव्य उत्सव बताया है, जो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को, बल्कि पूरे ग्रह के पर्यावरणीय, मानसिक, और सामाजिक स्वास्थ्य को केंद्र में रखता है। यह विषय वैश्विक एकता, समरसता एवं प्रकृति के साथ संतुलन के महत्व को रेखांकित करता है। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, इस थीम से प्रेरित होकर, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित करने जा रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम :** डीडीयू जिन अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों (नेपाल, बांग्लादेश, मलेशिया एवं संयुक्त राज्य अमेरिका) के साथ एमओयू के अंतर्गत जुड़ा है, उनके साथ मिलकर ऑनलाइन योग जागरूकता सत्र एवं समूह योगाभ्यास का आयोजन करेगा। यह प्रयास भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा।

**वंचित समुदायों हेतु समर्पित योग सत्र :** यह कार्यक्रम समाज के उन वर्गों के लिए है जो सामान्यतः मुख्यधारा के आयोजनों से वंचित रह जाते हैं, जैसे - बुजुर्ग, महिलाएं, दृष्टिबाधित, मूक-बधिर छात्र-छात्राएं एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग।

**हाइब्रिड योग प्रशिक्षण एवं व्याख्यानमाला:** महायोगी गुरु श्री गोरक्षनाथ शोधपीठ के तत्वाधान में एक सप्ताह लंबा योग कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें युवाओं को जोड़ने के लिए प्रतिदिन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में योग अभ्यास, साथ ही योग दर्शन, विज्ञान एवं आधुनिक जीवन में योग की भूमिका पर केंद्रित विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे।

### सामूहिक योग एवं जल योग कार्यक्रम

यह कार्यक्रम गोरखपुर के प्रसिद्ध रामगढ़ ताल (नौकायन क्षेत्र) में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि, छात्र, शिक्षक, नागरिक तथा योग साधक भाग लेंगे। इसमें जल के ऊपर योग प्रदर्शन (वाटर योग) भी किया जाएगा, जो इस क्षेत्र में एक अनूठी पहल होगी।

**योग पार्क एवं नवग्रह वाटिका का निर्माण :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन परिसर में नवग्रह वाटिका और योग पार्क का उद्घाटन किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों को स्थायी रूप से प्रकृति के बीच योग करने की सुविधा उपलब्ध कराना है।



पीएम द्वारा घोषित थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' वास्तव में आज की वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह न केवल व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य की चिंता करता है, बल्कि समाज, पर्यावरण और वैश्विक संतुलन को भी केंद्र में रखता है।

**- प्रो. पूनम टंडन, कुलपति**

**म्यूजिकल योग कार्यक्रम :** विश्वविद्यालय विशेष रूप से युवाओं को आकर्षित करने हेतु संगीतमय योग कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें शांति एवं एकाग्रता बढ़ाने हेतु संगीत और योग का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया जाएगा। 'योग को जीवनशैली में कैसे आत्मसात करें' की सोच को रचनात्मक रूप में व्यक्त करेगा।

# स्क्रिनिंग के आधार पर मिलेगा अच्छा इलाज : सीएमओ

## एम्स गोरखपुर के सहयोग से दृष्टिबाधित बच्चों को मिला स्वास्थ्य का उपहार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दृष्टिबाधित बच्चों के लिए स्वास्थ्य विभाग और एम्स गोरखपुर की संयुक्त पहल के तहत मंगलवार को स्पर्श दृष्टिबाधित इंटर कॉलेज, बसंतपुर में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 51 बच्चों की नेत्र जांच और सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने शिविर का निरीक्षण करते हुए बताया कि कटक्ट, ग्लूकोमा और कॉर्नियल ओपेसिटी जैसे नेत्र रोगों से पीड़ित नौ बच्चों की पहचान हुई है, जिन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जुलाई में पुनः शिविर का आयोजन किया जाएगा। एम्स के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रामप्रकाश सिंह व डॉ. शादमान परवीन सहित चिकित्सकों की टीम ने सेवा दी। कार्यक्रम में सौ बेड टीबी अस्पताल, पीएचसी बसंतपुर तथा स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा। कॉलेज के प्रधानाचार्य लक्ष्मी शंकर जायसवाल ने एम्स जैसी संस्था को विद्यालय में सेवा हेतु आमंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया। इसी दिन सीएमओ डॉ. झा ने एनेक्सी भवन में सीएचओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा व मातृ-शिशु देखभाल में भूमिका निभाने के टिप्स दिए।



# अमर शहीद बाबू बंधु सिंह के वंशज को सौंपा पत्रक



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**चौरीचौरा।** नगर पंचायत के सभासदों ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक अमर शहीद बाबू बंधु सिंह के वंशज अजय कुमार सिंह टप्पू को सौंप कर भोपा बाजार मुंडेरा बाजार में बन रहे ओवरब्रिज को जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की है। सभासद विजय कुमार मोदनवाल के नेतृत्व में सभासदों ने अजय कुमार सिंह टप्पू से मुलाकात कर उन्हें बताया की कार्यदायी संस्था की लापरवाही से ओवरब्रीज का निर्माण कार्य आधा ही हुआ है। इस मौके पर सभासद मुन्ना कुमार भुज, मोहित कुमार, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार पासवान, हरी शंकर, पौरुष कुमार, श्रवण कुमार, विजय मोदनवाल, अभय साहू, देव अमृतराज, संदीप गुप्ता, प्रकाश चंद मौजूद रहे।

## विद्यालय में एकल कक्ष का हुआ लोकार्पण



**सहजनवां।** कस्बे स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय केशोपुर में नवनिर्मित एकल कक्ष और दिव्यांग शौचालय का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहजनवां खण्ड शिक्षा अधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा ने कहा की प्राथमिक विद्यालय केशवपुर निपुण विद्यालय है यहां के सभी शिक्षक प्रधानाध्यापिका तूलिका त्रिपाठी के साथ मिलकर पढ़ाई लिखाई का एक बेहतर माहौल लगातार बनाए रखे हुए हैं। मुरारी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर साकेत ने कहा कि विद्यालय का वातावरण काफी खूबसूरत है साफ सफाई तथा पढ़ाई लिखाई का माहौल अच्छा है। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेश शुक्ला, उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्र, महामंत्री अच्युतानंद त्रिपाठी, अटेवा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने अपने विचार रखें। विद्यालय की पूर्व में छात्र रही आस्था यादव ने अंग्रेजी में अपना स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। संचालन शिक्षक यादवेंद्र कुमार यादव ने किया। प्रधानाचार्य तूलिका त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मेवालाल मौर्य, राममिलन, अखिलेश दीक्षित, मनोज श्रीवास्तव, मनोज कुमार राय शैलेंद्र कुमार यादव जितेंद्र मिश्र, अर्चना गुप्ता दिलीप कुमार त्रिपाठी सुरभि चौरसिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एमजीयूजी में बीएससी फॉरेंसिक साइंस कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) की प्रवेश समिति की बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। प्रवेश समिति के समन्वयक डॉ. शशिकांत सिंह ने बताया कि इस सत्र से विश्वविद्यालय में बीएससी फॉरेंसिक साइंस का नया पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसके लिए आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। इसकी प्रवेश परीक्षा 20 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

प्रवेश समिति की बैठक में बताया गया कि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों, पैरामेडिकल, नर्सिंग, एग्रीकल्चर एवं बीबीए में सीटों की अपेक्षा से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। समिति के संयोजक ने बताया कि विश्वविद्यालय

**प्रवेश समिति की बैठक में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अब तक प्राप्त आवेदनों की हुई समीक्षा**

प्रशासन ने आवेदकों की सुविधा हेतु अन्य समस्त पाठ्यक्रमों के आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ा दी है। अभ्यर्थी वेबसाइट www. mgug.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए भी विश्वविद्यालय का प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि समाज के दूरस्थ एवं वंचित वर्गों तक भी हमारे विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी पहुंच सके और उन्हें भी यह अवसर मिल सके कि वे गुणवत्ता परख शिक्षा ग्रहण करके समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें।

# आठ रेल कर्मियों को मिला मैन आफ द मंथ का पुरस्कार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महाप्रबन्धक सभाकक्ष में 6 मई को महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री माथुर ने संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 8 कर्मचारियों को 'मैन ऑफ द मंथ' घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में बभनान स्टेशन पर फाटकवाला के पद पर कार्यरत विवेक कुमार ने 27 दिसम्बर, 2024 को कार्य के दौरान गाड़ी संख्या-12555 के एक कोच से एक लोहे का पाइप लटकते हुये देखकर तुरन्त इसकी सूचना स्टेशन मास्टर, बभनान को दिया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना को बचाया जा सका। कोचिंग डिपो में तकनीशियन के पद पर कार्यरत आशीष कुमार ने 27 जनवरी को गाड़ी संख्या-12203 के परीक्षण के दौरान एक्सल का प्राइमरी आउटर स्प्रिंग टूटा हुआ देखकर तुरन्त पर्यवेक्षक को सूचित करते हुये गाड़ी को गोण्डा स्टेशन पर रोकवाया। निरीक्षण के उपरान्त गाड़ी को स्कोर्टिंग स्टाफ के साथ सतर्कता आदेश पर रवाना किया गया। गोण्डा कचहरी स्टेशन पर स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत विवेकानन्द पांडेय ने 1 मार्च को अप मालगाड़ी पास करते समय ब्रेकवान से तीसरे वैगन के चक्कों से असामान्य आवाज सुनकर इसकी सूचना लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, मैजापुर एवं लखनऊ कन्ट्रोल को दिया। सीवान कचहरी स्टेशन पर की-मैन के पद पर कार्यरत राजन कुमार यादव ने 29 दिसम्बर, 2024 को ट्रैक की गश्ती के दौरान एटी वेल्ड क्रैक देखकर तुरन्त जागलिंग कर ट्रैक को सुरक्षित किया। छपरा जं पर टैउक्र मेंटेनर के पद पर कार्यरत मिथिलेश कुमार ने छपरा कचहरी से छपरा जं स्टेशन के मध्य पेट्रोलिंग के दौरान रेल फ्रैक्चर देखकर तुरन्त इसकी सूचना पर्यवेक्षक को दिया। छपरा कोचिंग डिपो में तकनीशियन के पद पर कार्यरत मदन कुमार ने 27 जनवरी को रोलिंग परीक्षण के दौरान गाड़ी संख्या-15115 के एक कोच का प्राइमरी आउटर स्प्रिंग टूटा हुआ देखकर पर्यवेक्षक को सूचित किया। बैतालपुर स्टेशन पर कांटावाला के पद पर कार्यरत नीलेश कुमार ने 14 फरवरी को बैतालपुर स्टेशन के समपार संख्या-135/ए सी पर कार्य के दौरान किमी. 461/37 पर लाइन संख्या-1 में रेल पटरी टूटा हुआ देखा, जिसकी सूचना इन्होंने तुरन्त स्टेशन मास्टर बैतालपुर को दिया। नीलेश कुमार की सतर्कता से एक सम्भावित दुर्घटना को बचाया जा सका। इज्जतनगर मंडल के रूद्रपुर सिटी स्टेशन पर की-मैन के पद पर कार्यरत मोहम्मद भूरा ने 11 फरवरी को बिलासपुर रोड-रूद्रपुर सिटी के मध्य गश्त के दौरान रेल पटरी में वेल्डिंग क्रैक देखकर त्वरित कार्रवाई करते हुये रेल फ्रैक्चर को ठीक कराया।



## विज्ञान में अनन्या, कला में चंदा रही अव्वल



**चौरीचौरा।** राजकीय बालिका इण्टर कालेज सरदारनगर में अपने अपने कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मंगलवार को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या शकुंतला शाह ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। कक्षा 12 के विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान अनन्या मौर्या द्वितीय स्थान मुस्कान गुप्ता तृतीय स्थान विनीता चौधरी ने प्राप्त किया।कला वर्ग में प्रथम स्थान चंदा निषाद द्वितीय स्थान कल्पना गुप्ता तृतीय स्थान कल्याणी गुप्ता ने प्राप्त किया एव व्यवसायिक में प्रथम स्थान सुंदरी द्वितीय स्थान सीता कुमारी तृतीय स्थान महिमा ने प्राप्त किया। कक्षा 10 में प्रथम रोशनी द्वितीय माधुरी तृतीय रागिनी रहीं। प्रधानाचार्या शकुन्तला शाह ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन एवं संबोधित करते हुए कहा कि अब आप सभी एक नए राह पर अग्रसर हो रहे हैं। कार्यक्रम में सुमन सिंह, भावना, कनकलता, रश्मि वर्मा, शिवि श्रीवास्तव आदि अन्य शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# अबू हुरैरा मस्जिद का जल्द मिलेगा अधिकारिक मानचित्र

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर अबू हुरैरा मस्जिद के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मस्जिद प्रशासन को जल्द ही आधिकारिक मानचित्र प्राप्त होने वाला है, जिसकी प्रक्रिया अगले 10 दिनों में पूरी होने की उम्मीद है। इस घटनाक्रम के बाद मस्जिद पूरी तरह से वैध हो जाएगी, जिससे स्थानीय समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण में मानचित्र पास करने की प्रक्रिया चल रही है।

कुछ विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) आना है। उसके बाद मानचित्र पास कर दिया जाएगा। मानचित्र पर लगभग 1 लाख रुपये का खर्च आने का अनुमान है। घोष कंपनी चौराहा के पास अबू हुरैरा मस्जिद बनाई गई थी। लेकिन इसका मानचित्र पास नहीं कराया गया था। इसको लेकर शिकायत हुई तो ऊपर के दो तल को तोड़ लिया गया। अब ग्राउंड फ्लोर व प्रथम तल बच गया है। इसी को नियमित करने के लिए शमन मानचित्र दाखिल किया गया है। गोरखपुर में नगर निगम की ओर से दो साल पहले लगभग 20 हजार वर्ग फीट जमीन खाली कराई गई थी। इसी बीच में एक पुरानी मस्जिद भी थी। नगर निगम की टीम ने मस्जिद को भी तोड़ दिया था।

जिसका विरोध हुआ तो निगम बोर्ड की ओर से लगभग 600 वर्ग फीट जमन मस्जिद निर्माण के लिए दे दी गई। जमीन मिलने के बाद मस्जिद कमेटी ने ग्राउंड प्लस 3 तल का निर्माण कर लिया था। जीडीए की टीम ने मौके की जांच पूरी कर ली है। प्राधिकरण के जेई मौके पर गए थे और मस्जिद के भवन की जांच की। जांच के बाद रिपोर्ट लगा दी गई है। कुछ कमियां मिली हैं, जिसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। कुछ विभागों की ओर से एनओसी आनी है। एनओसी आने के बाद शुल्क जमा कराकर शमन मानचित्र जारी कर दिया जाएगा। जीडीए उपाध्यक्ष आनन्द वर्द्धन ने बताया कि मस्जिद का मानचित्र जल्द ही पास हो जाएगा। अबू हुरैरा मस्जिद के मानचित्र का अनुमोदन न केवल इसकी वैधता सुनिश्चित करेगा बल्कि भविष्य में विकास और रखरखाव कार्यों के लिए भी मार्ग प्रशस्त करेगा। मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है और उम्मीद जताई है कि इससे मस्जिद के दैनिक कार्यों और सामुदायिक सेवाओं में और अधिक सुगमता आएगी। स्थानीय निवासियों का भी मानना है कि मस्जिद का वैध होना क्षेत्र के सामाजिक और धार्मिक सद्भाव को और मजबूत करेगा।

## कई गाड़ियों का हुआ पुनर्निधारण

**गोरखपुर।** लखपतनगर-मनकापुर स्टेशनों के मध्य पीक्यूआरएस मशीन के लिए ब्लाक दिये जाने के कारण निम्नलिखित गाड़ियों का नियंत्रण, पुनर्निर्धारण किया जायेगा। 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 8, 11, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 29 मई तथा 1, 3, 5, एवं 8 जून को मार्ग में 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। वहीं 22551 दरभंगा-जलंधर सिटी एक्सप्रेस 10, 17, 24, 31 मई तथा 7 जून को दरभंगा से 1 घंटा 30 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस 10, 17, 24, 31 मई तथा 7 जून को नौतनवा से 1 घंटा पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। 22423 गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस 12, 19, 26 मई तथा 2 एवं 9 जून को गोरखपुर से 01 घंटा 30 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

# मन्दिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए दान की कुर्सी व चटाई



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गगहा/गोरखपुर।** गगहा क्षेत्र के मझगांवा स्थित करवल माता मन्दिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ व प्रांगण में बैठने के लिए प्रधान संदीप मोदनवाल ने कुर्सी व चटाई की व्यवस्था की है।

प्रधान ने बताया कि मन्दिर की देखरेख के लिए एक ट्रस्ट का निर्माण किया गया। उसके बाद से मन्दिर पर चढ़ावे में एकत्र पैसों से मन्दिर प्रांगण में कुर्सी, चटाई, सीसी कैमरे, रंगाई पुताई, शौचालय, शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट, मन्दिर पर पर्दा लाइट वगैरह अनेक कार्य किए गये हैं। आगे भी मन्दिर के विकास के लिए कार्य होते रहेंगे। इस कार्य को देखते हुए राम नगीना त्रिपाठी, राधामोहन सिंह, अनुराग सिंह, विनोद श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, सन्त कुमार सिंह, कृपाशंकर सिंह, राहुल हरेंद्र सिंह,डी पी राय,दीपक तिवारी, रंजीत यादव, हरीश तिवारी, गुड्डू सिंह, दिलीप दूबे, अरविंद राय आदि ने हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

# बांसगांव में मिनी स्टेडियम का हुआ भूमि पूजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा विकास खण्ड बांसगांव में निर्मित होने वाले ग्रामीण मिनी स्टेडियम का शिलान्यास एवं भूमि पूजन केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री एवं सांसद लोक सभा क्षेत्र बांसगांव कमलेश पासवान ने किया। उपरोक्त ग्रामीण मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास द्वारा रू 9.24 करोड़ की लागत से कराया जाना है। उपरोक्त मिनी स्टेडियम ज़िला पंचायत के डाक बंगले की भूमि को युवा कल्याण विभाग को हस्तांतरित हुई जमीन पर कराया जाएगा। इस मिनी स्टेडियम में 200 मीटर रनिंग ट्रैक, मल्टीपरपज हाल, वॉलीबॉल, कबड्डी आदि के ट्रैक का निर्माण कराया जायेगा। निर्माण कार्य अगस्त 2026 तक पूर्ण होना है। विदित हो कि निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर यह ज़िले का चौथा ग्रामीण स्टेडियम होगा। इससे पहले विकास खण्ड सहजनवा, ब्रह्मपुर एवं बढ़हलगंज में ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण हो चुका है। सरकार द्वारा जिले के प्रत्येक विकास खण्ड में ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण कराया जाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कमलेश पासवान ने अपने संबोधन में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों को रेखांकित किया। उन्होंने खेल एवं खिलाड़ियों के लिये किए जा रहे कार्यों को विस्तार से बताया। इस दौरान मुख्य अतिथि के अलावा बांसगांव विधायक विमलेश पासवान, मार्कण्डेय राय, शिवाजी चंद, मनोज शुक्ला, सुनील पासवान, उपनिदेशक युवा कल्याण विभाग अजय त्रिवेदी, ज़िला युवा कल्याण अधिकारी अमित सिंह, उपजिलाधिकारी प्रदीप सिंह, खंड विकास अधिकारी बांसगांव अनिरुद्ध सिंह, अधिशासी अभियंता आवास विकास पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।



# विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पीजी कॉलेज में मंगलवार को बीए चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राध्यापिकाओं हेतु फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। प्रबन्धक डॉ. विजय लक्ष्मी मिश्रा ने कहा कि आप सभी छात्राध्यापिकायें हमारे लिए अनमोल है। आराधना श्रीवास्तव, पूनम यादव, अंशिका जायसवाल, दिव्यांशी सिंह, पिंकी कुमारी, देव्यानी देव गुलशन परवेज, निकिता गुप्ता, सुकन्या सिंह, सुकन्या सोनकर को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मिस सीआरडी अर्पिता पाण्डेय, मिस फेयरवेल अंशिका, मिस ब्यूटी सुकन्या सोनकर, को चुना गया। प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह, डॉ. अपर्णा मिश्रा ने आशिर्वाद प्रदान किया। निर्णायक मण्डल में सरिता त्रिपाठी, देवता पाण्डेय उपस्थित रही। जागृति मिश्रा एवं हुमा ने किया । कार्यक्रम में डॉ. इतेन्द्रधर दूबे, डॉ. ममता तिवारी, डॉ. विकास कुमार श्रीवास्तव, श्वेता सिंह, ऋचा दूबे, स्वप्निल पाण्डेय, डॉ. रेखा श्रीवास्तव, डॉ.वीरेन्द्र कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# गोरखपुर होकर चलेगी अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** अमृतसर-सहरसा-अमृतसर वाया गोरखपुर द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन अमृतसर से 12 मई से 8 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार को तथा सहरसा से 14 मई से 10 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार एवं बृहस्पतिवार को 18 फेरों हेतु किया जायेगा। 04618 अमृतसर-सहरसा द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 12 मई से 08 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार को अमृतसर से 20.10 बजे प्रस्थान कर ब्यास से 20.42 बजे, जलन्धर सिटी से 21.20 बजे, फगवाड़ा से 21.40 बजे, ढंडारी कलॉ से 22.40 बजे, सरहिन्द से 23.24 बजे, राजपुरा से 23.52 बजे, दूसरे दिन अम्बाला कैंट से 00.40 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 01.32 बजे, सहारनपुर से 02.40 बजे, मुरादाबाद से 06.00 बजे, बरेली से 07.32 बजे, सीतापुर जं. से 11.25 बजे, गोंडा से 14.20 बजे, गोरखपुर से 17.20 बजे, सीवान से 19.22 बजे, छपरा से 20.30 बजे तथा मानसी से 01.00 बजे छूटकर सहरसा 03.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04617 सहरसा-अमृतसर द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 14 मई से 10 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार एवं बृहस्पतिवार को सहरसा से 05.00 बजे प्रस्थान कर मानसी से 06.20 बजे, खगड़िया से 06.32 बजे, बरौनी से 07.40 बजे, हाजीपुर से 09.10 बजे, गोरखपुर से 16.10 बजे, गोंडा से 19.35 बजे, सीतापुर जं. से 22.55 बजे, मुरादाबाद से 04.00 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 07.50 बजे, अम्बाला कैंट से 08.55 बजे, सरहिन्द से 09.55 बजे, ढंडारी कलॉ से 11.15 बजे, फगवाड़ा से 11.55 बजे, जलन्धर सिटी से 12.25 बजे तथा ब्यास से 13.00 बजे छूटकर अमृतसर 14.00 बजे पहुँचेगी।

## नौतनवां, बढ़नी डेमू हुई बहाल

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व में निरस्त डेमू गाड़ियों का संचलन निम्नवत बहाल किया जा रहा है। नकहा जंगल से 7 मई से 75115 नकहा जंगल-नौतनवा, नौतनवा से 8 मई से 75116 नौतनवा-गोरखपुर, गोरखपुर से 8 मई से 75117 गोरखपुर-बढ़नी, बढ़नी से 08 मई से 75118 बढ़नी-गोरखपुर तथा गोरखपुर से 8 मई से 75106 गोरखपुर-थावे डेमू गाड़ियों का संचलन बहाल किया गया है।

# आरक्षण के जनक थे छत्रपति शाहूजी महाराज : चंद्रभूषण



देवरिया : डुमरी में स्मृति दिवस कार्यक्रम।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** कोल्हापुर रियासत के राजा छत्रपति शाहू जी महाराज ने 26 जुलाई 1902 को एक आर्डर पास कर अपने राज्य की नौकरियों में 50% पद पिछड़े वर्ग( एससी, एसटी, ओबीसी )के लिए आरक्षित किया था।शाहू जी महाराज भारत में आरक्षण के जनक थे जिन्हें 50 प्रतिशत पद आरक्षित करने वाले भारत के प्रथम शासक के रूप में जाना जाता है,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित शाहू महाराज के स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि शाहू जी महाराज ने सन् 1917 ई. में प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य और निशुल्क बनाने का कानून पारित किया था जो बहुजनों को शिक्षित करने का बहुत बड़ा फैसला था। स्मृति दिवस पर शाहू जी महाराज को नमन करने वालों में सुरेश नारायण सिंह, सोनू यादव,दयानंद यादव, रमन भारती, मानसिंह यादव,अशोक यादव, श्यामसुंदर प्रसाद,व्यास यादव, अयोध्या वर्मा, रामनरेश यादव,अभिषेक गोंड गुड्डू, संतोष मद्धेशिया, सचिन कुमार, उत्तम यादव आदि के नाम प्रमुख हैं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में टीएचआर बिल आपूर्ति की बैठक सम्पन्न

**बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द की अध्यक्षता में बीते शनिवार को देर शाम विकास भवन सभागार बहराइच में टी.एच.आर. की आपूर्ति के बिलो के भुगतान हेतु बैठक आयोजित की गई, जिसमे उपायुक्त स्वतः रोजगार अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं ब्लाक मिशन मैनेजर आदि बैठक में उपस्थित हुए बैठक में निम्न बिन्दुओ पर चर्चा हुयी/अनुपालन हेतु निर्देश दिये गये। टीएचआर उत्पादन इकाईयो के प्रस्तुत बिलो एवं परियोजना कार्यालय से अनुपूरक पुष्टाहार का उठान कर रही महिला स्वयं सहायता समूहों के ढुलाई के बिलों को विकेन्द्रीकृत किये जाने हेतु निदेशालय पत्र संख्या सी-3153 दिनांक 21 फरवरी 2025 द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के अनुसार ही चालान सत्यापित कर बिल प्रस्तुत किये जाये।सम्बन्धित मुख्य सेविकाओ द्वारा अपने परिक्षेत्र की ऑगनबाड़ी केन्द्र के भ्रमण / निरीक्षणके दौरान केन्द्र पर उपलब्ध रेसिपी बेस्ड पोषाहार का निरीक्षण की तिथि को भौतिक सत्यापन करते हुय स्टॉक पंजिका पर अपने हस्ताक्षर दिनांक सहित करें। मुख्य सेविकाओ द्वारा अपने परिक्षेत्र के केन्द्रों से प्राप्त बिलों संकलित कर सत्यापित करते हुय पत्र के साथ बाल विकास परियोजना अधिकारी को बिल मूलरूप में उपलब्ध कराये। डीसीएनआरएलएम व बीएमएम के माध्यम से संकलित कर सन्दर्भित माह में रेसिपी बेस्ड पोषाहार की आपूर्ति के नमूने का एनएबीएल से प्राप्त नमूना परीक्षण रिपोर्ट के साथ सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी को पत्र के साथ बिल प्रमाणित करने हेतु प्रस्तुत करें। डीसीएनआरएलएम द्वारा प्रस्तुत बिलो एवं मुख्य सेविकाओ के स्तर प्राप्त बिलो का मिलान करते हुये बिल में यदि कोई विसंगति हो कम या अधिक का विवरण अंकित करते हुय बाल विकास परियोजना अधिकारी बिल प्रमाणित कर भुगतान की संस्तुति सहित जिला कार्यकम अधिकारी को प्रेषित की जाये। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्राप्त उत्पादन इकाईयो के बिलो को मिलान कर निदेशालय द्वारा निर्गत एस0ओ0पी0 के अनुसार तथा दिशा निदेशानुसार समस्त समायोजन, कटौती विलम्ब कटौती पूर्व की कटौती का विवरण करते हुय बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जायेगा। डीसीएनआरएलएम द्वारा अवगत कराया गया है उत्पादन इकाईयो कमशः मिहीपुरवा, चित्तौरा, शिवपुर, रिसिया, फखरपुर, कैसरगंज, विशेश्वरगंज के बिलो के भुगतान हेतु बिल दो पत्रो के माध्यम से कुल 16 बिल प्रस्तुत किया गया है। जिसका भुगतान अभी तक नहीं हो सका है। उत्पादन इकाईयो के बिलो के सम्बन्ध में उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि निदेशालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार परियोजनाओ के टी0एच0आर0 उत्पादनो द्वारा उपलब्ध करायी गयी बिलो का सम्बन्धित मुख्य सेविकाओ द्वारा कार्यकर्ती से प्राप्त बिलो / चालानो से मिलान करते हुये परियोजना कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है जिसे बी0एम0एम0 द्वारा प्रस्तुत बिलो को मुख्य सेविका के द्वारा प्राप्त बिलो का मिलान कर लिया गया है तथा उक्त बिलो का सत्यापन करते हुये बिल भुगतान हेतु प्रमाण पत्र के साथ संस्तुति सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है एस0ओ0पी0 एव निदेशालय द्वारा निर्गत दिशा निर्देशानुसार बिलो का सत्यापन कर लिया गया है। निदेशालय द्वारा पूर्व की कटौतियों से सम्बन्धित विवरण तैयार कर लिया गया है जिसमें समायोजन, पूर्व की कटौती तथा वितरण में विलम्ब की कटौतियो का अंकन कर यथाशीघ्र बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत कर दी जायेगी। डीसीएनआरएलएम द्वारा अनुरोध किया गया है कि वर्तमान में तीन प्लांट के भुगतान न होने के कारण उत्पादन कार्य बन्द है एवं एक सप्ताह के अन्दर जो पॉच प्लांट चल रहे है यह भी भुगतान न हो पाने के कारण बन्द होने की अवस्था में है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा भुगतान के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि जनपद स्तर से बिल सत्यापित कर निदेशालय को प्रेषित कर दिया जाता था तथा निदेशालय द्वारा ही उत्पादन इकाइयो के विलो भुगतान किया जाता रहा है। शासन के निर्देशानुसार मार्च 2025 से बिल जनपद स्तर से ही भुगतान किये जाने का निर्देश दिये गये है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि उत्पादन इकाईयो द्वारा मात्र 16 बिल प्रस्तुत किया गया है जिसे एस0ओ0पी0 के आधार पर मुख्य सेविकाओ तथा बाल विकास परियोजना आधिकारियो से सत्यापित कराते हुये संस्तुति सहित प्राप्त कर लिया गया है। प्राप्त बिलो में समायोजन, विलम्ब की कटौती, पूर्व की कटौती, टी0एच0आर0 की 2 प्रतिशत कटौती का विवरण तैयार कर लिया गया है तो बिल भुगतान हेतु पत्रावली आज ही प्रस्तुत कर दी जायेगी।

## खबर एक नजर

### युवती ने बंद कमरे में की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** अंतू थाना के पूरे अंती निवासी राम खेलावन यादव की 22 वर्षीय पुत्री शिवानी ने किन्ही कारणों से क्षुब्ध होकर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी के फंदे से झूल गई।घर के लोग काम पर गए थे तभी लगभग ग्यारह बजे के करीब शिवानी ने कमरे को अंदर से बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### दुराचार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना के उपनिरीक्षक संजय सिंह ने थाना हाजा पर दुराचार मामले मे दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी राम कृष्ण पटेल उर्फ रामकेश पुत्र रजन लाल निवासी बंधवा मजरा विजयमऊ को साहिजनी स्थित मुर्गी पालन फॉर्म के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### वाहन चेकिंग के दौरान कई वाहनों का हुआ चालान

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में मंगलवार को यातायात प्रभारी गुलाब सिंह अपनी टीम के साथ यातायात दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु साकेत नगर और न्यू कॉलोनी में अभियान चलाकर नो-पार्किंग में खड़े 136 वाहनों का एम वी एक्ट में चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज भी किया गया ।

### दुराचार आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना के उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह मय हमराह सिपाही शिशु पाल सिंह ने थाना हाजा पर दुराचार मामले मे दर्ज मुकदमा मे फरार आरोपी मनीष पटेल पुत्र राम विशाल पटेल निवासी ग्राम कंधेरूआ काकरिहा को चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बकरा चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**कुंडा कोतवाली के उपनिरीक्षक देव नारायण चीता-32 मय हमराह द्वारा जनता के सहयोग से थाना हाजा पर बकरा चोरी के मामले दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी दिलराज पुत्र श्याम लाल निवासी बाघराय थाना बाघराय, अजयकांत शुक्ला पुत्र महारानीदीन शुक्ला निवासी मलावा छजईपुर थाना बाघराय को चोरी का एक बकरा व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल के साथ जनता के सहयोग से गिरफ्तार किया गया।मोटर साईकिल को एमवी एक्ट मे सीज कर जेल भेज दिया है।

### आदर्श नगर पालिका ने गांधी पार्क का भव्य सौंदर्यीकरण करवाया

**नानपारा बहराइच।** आदर्श नगर पालिका परिषद नानपारा के द्वारा नानपारा कस्बे के बीचो-बीच में स्थित जीर्ण शीर्ण अवस्था में गांधी पार्क का सौंदर्य करण करवा कर कस्बे वासियों को दी चेयरमैन ने दी सौगात। आपको बताते चले की नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद की अगुवाई में नानपारा में गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण करवाया गया जिसमें बच्चों व खेलने कूदने के उपकरण लगाए गए। इसी क्रम में आज निर्माणाधीन चेयरमैन नानपारा अब्दुल वहीद कुरैशी तथा अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नानपारा रंग बहादुर ने गांधी पार्क में पहुंचकर निर्माणाधीन सौंदर्यीकरण का मौके पर पहुंचकर मुआयना किया साथ ही संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

### जनपद में आज होगा माक ड्रिल का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि भारत सरकार के निर्देश के क्रम में जनपद में बुधवार को नागरिक सुरक्षा को लेकर माक ड्रिल एवं अभ्यास आयोजित किये जायेगें।उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत तैयारियों के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और कहा कि जिन विभागों के जो दायित्व एवं कार्य सौपे गये है उसका शत प्रति अनुपालन करें।उन्होने बताया कि माक ड्रिल में हवाई हमलों को चेतावनी देने वाले सायरन को बजाया जायेगा,हमले के समय नागरिकों को खुद की सुरक्षा के लिये ट्रेनिंग दी जायेगी,लोगो से जगह खाली कराना और उन्हें सेफ प्लेस तक पहुंचाने की ट्रेनिंग की जायेगी।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह,एआरटीओ दिलीप गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने बाढ़ से बचाव हेतु तैयारियों के दिए आदेश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में बाढ़ से बचाव हेतु कैम्प कार्यालय सभागार में स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गई।बैठक में बाढ़ से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गई और विभागों को दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाढ़ की परिभाषा विभागीय शासनादेश में क्या है इसकी जानकारी अवश्य रखें,बाढ़ प्रभावित ग्रामों का चिन्हांकन करें तथा बाढ़ से बचाव हेतु प्लान बनाये जाय।बाढ़ के सम्बन्ध में शासनादेश का संकलन किया जाय तथा बाराबंकी व रामपुर के आधार पर बाढ़ प्रबन्धन योजना जनपद में बनायी जाय। जनपद के आपदा प्रबन्धन से बाढ़ के प्रकरण की जानकारी निकालें।विभागों में बाढ़ को लेकर जारी शासनादेश को संकलित करें।बैठक में अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति,सिंचाई खण्ड अधिशासी अभियन्ता अरविन्द वर्मा,शारदा सहायक खण्ड-51 के सहायक अभियन्ता मनीष कुमार,जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बदहाल लटकते राष्ट्रीय ध्वज को बदल कर नया फहराया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**÷रेलवे स्टेशन पर बदहाली में लटकता तिरंगा झंडा÷ का समाचार %स्वतंत्र भारत% ने 13 अप्रैल 25 के अंक मे प्रमुखता से प्रकाशित किया,कि रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार के सामने खड़े स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज लटकाया गया था जो बहुत गंदा बदहाल दशा में लटक रहा था।जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के कारण राष्ट्रीय ध्वज के महत्व को जानने वाले लोगों को झंडे की दुर्दशा व बदहाली देखकर अफसोस के साथ आक्रोश था।प्रशासन के संज्ञान में झंडे की बदहाली की जानकारी होने पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के निर्देश पर बदहाल झंडे को हटाकर नया ध्वज लगा दिया गया है।

# डीएम ने नगर पंचायत रिसिया का किया भौतिक निरीक्षण

**बहराइच।** लगातार भ्रमण कर धरातल पर योजनाओं के क्रियान्वयन के भौतिक निरीक्षण की कड़ी में आज डीएम मोनिका रानी ने नगर पंचायत रिसिया का निरीक्षण करते हुए अमृत जल 2.0 के अन्तर्गत जल निगम द्वारा संचालित परियोजनाओं की भौतिक प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अभिलेखों और विकास कार्य संबंधी फाइलो का निरीक्षण कर संचालित परियोजनाओं के एस्टीमेट, एम बी, इंडेक्स प्लान व भुगतान की स्थिति आदि का अवलोकन करते हुए क्षेत्र में निकलकर संबंधित निर्माणाधीन कार्यों की भौतिक प्रगति भी देखी। डीएम ने देवपुर और रविदास नगर में पानी की टंकियों का स्थलीय निरीक्षण किया। देवपुर में पानी की टंकी बनी होने, पाइप लाइन और कनेक्शन आदि का अधिकांश कार्य हो जाने के बावजूद पानी सप्लाई में होने वाले विलम्ब पर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि रिसिया नगर पंचायत पेयजल पुर्नगठन योजना के अन्तर्गत कुल प्रस्तावित 03 नग नलकूप के सापेक्ष 03 नग का बोरिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है साथ ही 23.838 किमी. वितरण प्रणाली लक्ष्य के सापेक्ष 15.575 किमी. का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में कुल 01 नग

**■ निर्माणाधीन पानी टंकी का भी किया निरीक्षण**

शिरोपरि जलाशय का 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। डीएम ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि देवपुर में अवशेष कार्य को पूर्ण कराते हुए जिन घरों में कनेक्शन किया जा चुका है उन घरों तक पानी की सप्लाई शीघ्र सुनिश्चित की जाए साथ ही रविदास नगर में निर्माणाधीन पानी की टंकी का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराया जाए। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्यूबवेल में बिजली कनेक्शन का कार्य तत्काल करायें। जिससे ट्यूबवेल चालू हो और घरों तक पानी की सप्लाई सुचारू रूप से हो सके। उन्होनें पुराने नलकूपों की मरम्मत व नये नलकूपों की स्थापना के कार्य की भौतिक प्रगति व गुणवत्ता की जांच तथा एम बी से मिलान करते हुए कॉरपोरेटर के माध्यम से जल निगम द्वारा घरों में किये गये पानी के कनेक्शन के भौतिक सत्यापन के लिए उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान समुचचित सफाई व्यवस्था न पाये जाने पर सफाई कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होनें संविदा कार्मिकों को उनकी योग्यता के अनुरूप कार्य आंवटन एवं जन्म-मृत्यु पटल को पालिका के मुख्य द्वार के समीप बने आफिस में शिफ्ट करने हेतु भी निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम/अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत रिसिया पूजा चौधरी, एक्सईएन जल निगम आर.के. यादव, जल निगम ग्रामीण व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# छोटे सुल्तान (घोड़ा) ने बिहार जीतने के बाद लखनऊ में जीता शील्ड



**आजमगढ।** लखनऊ (चांदन) में आयोजित घुड़दौड़ प्रतियोगिता में आजमगढ़ के छीहीं गांव निवासी प्रमुख समाजसेवी सलाहुद्दीन का छोटा सुल्तान (घोड़ा) ने एक दर्जन से ज्यादा घोड़े को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर शील्ड जीत लिया है, शील्ड जीतकर छोटे सुल्तान ने अपने मालिक सलाहुद्दीन का नाम एक बार फिर रोशन किया है, छोटे सुल्तान को दौड़ाने वाला घुड़सवार एजाज था । दूसरे स्थान पर लखनऊ के अब्दुल्लाह का घोड़ा रहा, जिसका घुड़सवार गोलू रहा, वहीं तीसरे स्थान पर मोतिहारी के फरहान का घोड़ा रहा । बता दे कि इसके पहले 14 अप्रैल को आयोजित घुड़दौड़ प्रतियोगिता बिहार प्रदेश के श्री अर्जुन बाबू पशु मेला एवं है हाट बाजर, गरहां हथौड़ी रोड रूदहा मुजफ्फरपुर में आयोजित हुई थी, और इस घुड़दौड़ प्रतियोगिता में भी आजमगढ़ जनपद के बिलरियागंज ब्लॉक स्थित छीहीं गांव निवासी व प्रमुख समाजसेवी सलाहुद्दीन का छोटा सुल्तान (घोड़ा) ने यूपी बिहार के एक दर्जन से ज्यादा घोड़ो को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था, बिहार में हुई गुड़दौड़ प्रतियोगिता में भी घुड़सवार आजम ने शुरू से ही अपनी बढ़त बना रखी थीं, और दर्जनों घोड़ों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था, अगर देखा जाए तो छोटा सुल्तान ने नामी-गिरामी घोड़ो को काफी पीछे छोड़ दिया था, वही बिहार के मंत्री जो मुख्य अतिथि के तौर पर थे, उन्होंने घोड़े की सराहना करते हुए कहा कि छोटा सुल्तान (घोड़ा) आने वाले समय में तमाम रेस जीत कर अपने मालिक सलाहुद्दीन का नाम रोशन करेगा, और वही हुआ जो मंत्री ने कहा था, अभी एक महीने भी नहीं बीता और मंगलवार को लखनऊ में आयोजित घुड़दौड़ प्रतियोगिता में भी दर्जनों घोड़े को पहचानते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है । जैसे ही छोटा सुल्तान (घोड़े) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं छीहीं गांव में जश्न का माहौल हो गया, लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटते देखे गए।

**■ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जश्न का माहौल**

# सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में मैराथन धावक शांति राम नेपाल का हुआ स्वागत



देवरिया : स्कूल में मैराथन धावक शांति राम नेपाल का स्वागत करते।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शहर के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में देश के प्रसिद्ध लंबी दूरी के मैराथन धावक शांति राम नेपाल का भव्य स्वागत किया गया। श्री नेपाल सिक्किम राज्य के समदोंग, पूर्व सिक्किम से हैं, जिन्होंने वर्ष 2014 में 500 किलोमीटर की दूरी मात्र 74 घंटे में तय कर एक अद्वितीय कीर्तिमान स्थापित किया। यह दौड़ 25 अगस्त को गंगटोक से शुरू होकर मेली, ग्यालशिंग, रवांगला व मानगन से होते हुए 28 अगस्त को पुनः गंगटोक में समाप्त हुई। यह कारनामा लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में ÷पर्वतीय सड़कों पर सबसे लंबी और तेज दौड़÷ के रूप में दर्ज है।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रीतेश छापड़िया, निदेशक सिद्धांत छापड़िया, उप-निदेशक श्रीमती मुदिता छापड़िया, प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना सिंह, जयपुरिया कॉर्पोरेट ऑफिस प्रतिनिधि रॉबिन श्रीवास्तव, सभी शिक्षकगण एवं विद्यालय के सभी छात्रगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री नेपाल के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई, जिसमें उन्हें बुके, साल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान शांति राम नेपाल ने कहा कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। यदि हम कठिन परिश्रम करें, अनुशासित रहें और अपने उद्देश्य पर केंद्रित रहें। जीवन में आने वाली चुनौतियाँ हमें मजबूत बनाती हैं। उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों और प्रशिक्षण की कहानियाँ साझा कर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि लगन और निष्ठा से हर सपना साकार किया जा सकता है। छात्रों ने भी इस अवसर का लाभ उठाते हुए उनसे प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर श्री नेपाल ने उत्साहपूर्वक दिया। इस दौरान सिक्किम की तेज़तर्रार युवा पत्रकार अंशिका भी मौजूद रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अर्चना सिंह ने सभी विशिष्ट अतिथियों और उपस्थित गणमान्यजनों का आभार प्रकट किया।

# मछली मंडी में छापा, आंध्र प्रदेश से लायी गई दो टन मछलियां जब्त

**नानपारा बहराइच।** नानपारा नगर स्थित थोक मछली मण्डी में छापेमारी की गई। इस दौरान आन्ध्र प्रदेश से लायी गई मछलियों में खतरनाक प्रिजर्वेटिव मिलाकर लंबे समय तक अच्छा रखने की आशंका में होने पर मंगलवार प्रातः 6 बजे मछली मंडी में छापा मारा गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा मत्स्य विभाग की संयुक्त टीम ने पिकप वाहन में रखी लगभग 2 टन मछलियों की जांच की, जिनकी कीमत 3 लाख रुपये से अधिक है। मछलियों को लंबे समय तक ठीक रखने के लिए प्रिजर्वेटिव मिलाने की आशंका होने पर 6 नमूने लिए गए। पंगेशियस मछली के 3 नमूने एवं रोहू मछली के 3 नमूनों की जांच कराई जा रही है, जिसकी मंगलवार शाम तक रिपोर्ट आने की उम्मीद है, तब तक मछलियों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। सहायक निदेशक मत्स्य डॉ0 जितेन्द्र कुमार ने बताया कि आंध्र प्रदेश से आने वाली मछलियों को ज्यादा दिन तक खाने योग्य बनाए रखने के लिए प्रिजर्वेटिव मिलाने की सूचना मिली। यह प्रिजर्वेटिव मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। पहले फार्मालिन मिलाने की बात सामने आती थी लेकिन अब कुछ और केमिकल मिलाया जा रहा है। इसकी जांच के निर्देश मिले थे। प्रातः 6 बजे टीम के साथ अधिकारी मंडी पहुंचे। गेट को बंद कराकर जांच शुरू कराई गई। इस दौरान मौजूद मत्स्य विक्रेताओं को प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को बिक्री न करने हेतु जागरूक किया गया। जांच के दौरान प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली नहीं पाई गई। साथ ही उन्हे निर्देशित किया गया कि थाई मांगुर मछली विक्रेताओं पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस मौके से मछलियों के नमूने भी संग्रहीत किये गये, जिसका परीक्षण कर आगे की कार्यवाही की जायेगी। इस कार्यवाही में सहायक निदेशक मत्स्य डॉ0 जितेन्द्र कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 विवेक कुमार वर्मा व आदित्य वर्मा एवं ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक श्री बाबूराम आदि मौजूद रहे।

# हैंडपम्प शोकपिट की संख्या न बता पाने पर डीपीआरओ ने सचिवों को लगाई फटकार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे ने विकास खण्ड शिवगढ़ के सभागार में सहायक विकास अधिकारी समेत समस्त ग्राम पंचायत सचिव,सूखा न्यूनीकरण की ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों एवं नाम फाउन्डेशन आलोक शुक्ला के साथ समीक्षा बैठक की गयी।सूखा न्यूनीकरण से सम्बन्धित ग्राम प्रधानों को पानी के जल स्त्रोतों को संरक्षित करने हेतु जागरूक किया।सम्बन्धित ग्राम प्रधानों एवं सचिवों को हैण्डपम्प सोकपिट,घरेलू पानी का सोकपिट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं लीचपिट का निर्माण कराये जाने हेतु कड़े निर्देश दिए।डीपीआरओ द्वारा सूखा न्यूनीकरण की ग्राम पंचायत एवं अन्य ग्राम पंचायतों में अधिष्ठापित हैण्डपम्पों की समीक्षा में पंचायत सचिव मधुबाला, अबरार अहमद,दीपांकर तिवारी एवं अशोक कुमार द्वारा हैण्डपम्प की सूचना एवं सोकपिट निर्माण कराये जाने की सूचना नहीं उपलब्ध कराये जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुये समस्त सचिवों को तीन दिवस के भीतर हैण्डपम्प सोकपिट निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिये गये।इस दौरान नाम फाउन्डेशन के आलोक शुक्ला द्वारा अवगत कराया गया कि जो भी व्यक्ति नाम फाउन्डेशन के तहत तालाब खुदाई का कार्य करायेगा उसे नाम फाउन्डेशन के तरफ से 50 प्रतिशत की धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी।डीपीआरओ ने सम्बन्धित सचिवों को यह भी निर्देशित किया कि आगामी बैठक माह जून के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है।बैठक में जिस ग्राम पंचायत में पानी संरक्षण हेतु कार्य होना नहीं पाया जायेगा तो सम्बन्धित सचिव के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी।

# 2 अवैध मदरसों पर हुई ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

**श्रावस्ती।** जिले में अवैध एवं बिना मान्यता के संचालित मदरसों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

**■ निजी भूमि पर अमान्यता प्राप्त अवैध 18 मदरसों को चिन्हांकन कर किया गया सील**

जिसके तहत आज तहसील भिनगा के अन्तर्गत ग्राम अशरफ नगर में शासकीय भूमि पर स्थित मदरसा अरबिया गौसिया सफिउल उलूम पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हुई। वहीं तहसील जमुनहा के अंतर्गत ग्राम रामपुर बस्ती में शासकीय भूमि पर स्थित अवैध मदरसा दारूल उलूम गौसिया फैजान रजा पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हुई। इसके अतिरिक्त निजी भूमि पर अमान्यता प्राप्त कुल 18 अवैध मदरसों पर चिह्नांकन व सीलिंग की कार्यवाही हुई।

# भूमि विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर झोंका फायर

**स्वतंत्र भारत** थाना क्षेत्र के बरवा मीर छापर गांव में मंगलवार को भूमि विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर लाइसेंसी असलहे से फायर झोंक दिया। जिसके चलते बड़े भाई के पैर में गोली लग गई और वह नीचे गिर गया। गोली चलते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कालेज पहुंचाया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बरवा मीरछापर निवासी शंभू पांडेय की चौराहे पर मकान थी। मकान जर्जर होने के चलते नवनिर्माण के लिए गिरा दिया गया। निर्माण के लिए शंभू पांडेय के सगे छोटे भाई से विवाद हो गया। दोनों भाईयों में कहासुनी के बाद मारपीट की नौबत आ गई। कहासुनी के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर फायर झोंक दिया। गोली शंभू पांडेय के पैर में जाकर लगी और वह जमीन पर गिर गए। बीच चौराहे पर गोली चलने की आवाज सुनकर लोग इधर उधर भागने लगे। पुलिस पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया। सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आरोपी की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

## कटान रोकने के लिए चल रहे कार्यों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**बहराइच।** सरयू नदी में पिछले वर्ष आई बाढ़ से जहां किसानों की फसल खराब हो गई थी।वहीं सरयू नदी के बहाव से कटान करते हुए नदी मिहींपुरवा ब्लाक के ग्राम पंचायत पुरैना रघुनाथ के मजरा अस्सीपुरवा व नब्बेपुरवा गांव को कटान के जद में ले लिया है। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर कटान को रोकने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। खंड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव व एडीओ पंचायत अशफाक अहमद ने चल रहे बचाव कार्य का निरीक्षण किया।सरयू ड्रेनेज खंड बहराइच के जेई पंकज श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान रविंदर, सचिन शहनवाज, सुरेश बसंती देवी,रामविलास मौजूद रहे।जेई पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि कार्य 15 जून तक पूरा करना है।

## 7 अभियुक्तों पर गुण्डाएक्ट की कार्यवाही

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस ने 7 अभियुक्तों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। जिसमें बघौचघाट में 4 अभियुक्तों जहरुद्दीन खान पुत्र हारुन खान निवासी बसडिला थाना बघौचघाट, सलमान खान पुत्र हारून खान निवासी बसडिला थाना बघौचघाट, वसीम खान पुत्र हारून खान निवासी बसडिला थाना बघौचघाट और एकलाख पुत्र साजिद निवासी शेखसेमरी थाना बघौचघाट के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 3/4 उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 के अंतर्गत कार्यवाही की गयी है। वही तरकुलवा पुलिस ने तीन अभियुक्तों खुशबूद्दीन उर्फ सर्फराज पुत्र रियासत निवासी पकड़ी बाबू थाना तरकुलवा, समीर अंसारी पुत्र हासन अंसारी निवासी पकड़ी बाबू थाना तरकुलवा और शालू उर्फ इरशाद पुत्र रियासत निवासी पकड़ी बाबू थाना तरकुलवा जनपद देवरिया के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 3/4 उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 के अंतर्गत कार्यवाही की गयी है। इन अभियुक्तों पर कई संगीन मामले दर्ज हैं।

स्वतंत्र भारत

# प्रयागराज

लखनऊ, बुधवार 07 मई 2025

कौशाम्बी/ वाराणसी/ भदोही

## संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति

**प्रयागराज।** कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय जीरो रोड पर पार्टी के गंगा पार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं और निवर्तमान पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं संगठन सृजन अभियान एवं 8 मई 2025 को फूलपुर के भुलई के पूरा में संविधान बचाओ रैली को लेकर रणनीति निर्धारित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अहमद ने कहा कि आज देश में अराजकता, गुंडागर्दी और अव्यवस्था फैल चुकी है।अधिकारी निरंकुश हैं और मनमानी कर रहे है। महंगाई बेरोजगारी चरम पर है किसान, मजदूर, परेशान है। जब सरकार जाति धर्म संप्रदाय की राजनीति कर रही हो। तो उसे देश का मालिक ऊपर वाला ही हो सकता है। अब आप सभी लोगों को गांव-गांव जाकर जनता के हक के लिए संघर्ष के माध्यम से लड़ाई लड़कर न्याय दिलाना होगा। मैं आप लोगों के लिए जहां जरूरत होगी न्याय के लिए लड़ता रहूंगा। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही आपको सम्मान और न्याय दिला सकेगी और आपके संघर्ष के लिए लड़ती रहेगी।



कार्यक्रम का संचालन राम मनोरथ सरोज ने किया। इस अवसर पर सर्व डा.जगत नारायण सिंह, शरद उपाध्याय मुनन,देवराज उपाध्याय, संजय तिवारी, अशोक सिंह, मेराजुलहक गुल्लू गांधी, स्वेता श्रीवास्तव, राजेश कुमार राकेश, गीता भारतीय, परवेज ताहिर, अजीत भारतीय,दिनेश भारतीय, मुन्ने बाबू, बृजेश सिंह, नसीम हाशमी, सौरभ श्रीवास्तव, सुरेश गौतम, महेंद्र प्रताप सिंह, अतुल दुबे, अफ्फान अशहर, राकेश पासवान, सलीम टाइगर, देवेन्द्र गौतम, कैफ वारसी, मनोज राकेश पटेल, संगम लाल गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रयागराज मण्डल ने किया 89 रेल कर्मियों को सम्मानित कर मजदूर दिवस मनाया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में प्रयागराज मण्डल के महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा, वंदना अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रयागराज मण्डल के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य आथिति उत्तर मध्य रेलवे के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चेतना जोशी थी। कार्यक्रम की मुख्य आथिति उत्तर मध्य रेलवे के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चेतना जोशी ने मण्डल कार्यालय के सभागार में 89 समर्पित, कर्मठ और परिश्रमी रेलवे कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए उपहार एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया। उत्तर मध्य रेलवे के महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चेतना जोशी ने कहा किसी भी संगठन की सफलता संगठन के समर्पित कर्मचारियों पर निर्भर करती है। अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस मनाने की शुरुआत अमेरिका में 1 मई 1886 को हुयी थी जब मज़दूर यूनियनों ने काम का समय 8 घंटे निर्धारित करने के लिए लिए हड़ताल की थी। किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। भारतीय रेल आज प्रगति के पथ पर दौड़ रही है इसमें सर्दी, बरसात और गर्मी के मौसम में पसीना बहाने वाले ट्रैकमैन, कीमैन, पॉइंट्समैन, गेटमैन जैसे कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रयागराज मण्डल के महिला कल्याण समिति की अध्यक्षा, वंदना अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि दुनिया के सभी देशों में प्रतिवर्ष 01 मई को श्रमिक दिवस / मजदूर दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देना है। मजदूर दिवस को लेबर डे, श्रमिक दिवस, मजदूर दिवस, मई डे के नाम से जाना जाता है। इस खास मौके पर श्रमिकों द्वारा किये गए योगदान को भी याद किया जाता है। इस दिन श्रमिकों की अहमियत और अधिकारों के बारे में जागरुकता फैलाई जाती है। इस अवसर पर प्रयागराज मण्डल के महिला कल्याण समिति द्वारा संचालित स्कूल के बच्चों ने मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रयागराज मण्डल की रेलवे महिला कल्याण समिति की उपाध्यक्षा, तरुणा प्रकाश; सचिव, प्रीति केसरवानी; कोषाध्यक्ष, निहारिका सिंह; उत्तर मध्य रेलवे के महिला कल्याण संगठन की सचिव रिचा वर्मा एवं कोषाध्यक्षा, सुप्रिया सिन्हा के साथ-साथ संगठन एवं समिति की की अन्य सदस्यायें भी उपस्थित रहीं।



## रोजगार मेला का आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में दिनांक 06.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया गया। डइस मेले में निजी क्षेत्र की विभिनन्न कम्पनियों द्वारा कुल 129अभ्यथिर्यों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 159 बेरोजगार अभ्यथिर्यों ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम में सेवायोजन कार्यालय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के सम्मान में (लोजपा) रामविलास मैदान में राजीव पासवान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पूर्वांचल उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान के नेतृत्व में भारी संख्या में बाबा साहब के सम्मान में एकदिवसीय यात्रा संगम नगरी प्रयागराज से जौनपुर जनपद के लिए रवाना हुए। समाजवादी पार्टी ने भारत रतन बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर की फोटो से आधा फोटो काटकर अखिलेश यादव का चेहरा लगाने के विरोध में



लोजपा (रामविलास) मैदान में बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। यह जानकारी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट आशीष पासवान जी के द्वारा दिया गया।

## इफको महिला चेतना क्लब ने ग्रामीण महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज।** इफको महिला चेतना क्लब ने आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े ग्रामीण महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट किया। इफको महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा विनीता कुदेशिया ने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वरोजगार के लिए महिला चेतना क्लब का यह एक प्रयास है। उन्होने कहा कि ग्रामीण अंचल में भी महिलाओं को सशक्त होना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे पारिवारिक आय बढ़ेगी तथा उनका विकास होगा। महिला चेतना क्लब ने कंचन देवी, महुलिया एवं सोना सिंह जाफरपुर दो नए सिलाई केन्द्र में सिलाई मशीन दिया तथा दो पुराने सिलाई केन्द्र में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली लड़कियों राज कुमारी, मेलाथु एवं मुस्कान मिश्रा, शेखपुर को सूट बाँटे गए। इस अवसर पर महिला चेतना क्लब की सदस्य रमा वैश्य, किरन भदवार, गीता सिंह, नीरू सक्सेना, रेखा जयसवाल, पुष्पलता यादव तथा पूनम वर्मा मौजूद रही।



## भागवत कथा में भगवान की लीलाओं से गूंजा पंडाल, सुनाया गोवर्धन पूजा प्रसंग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कोरांव प्रयागराज।** क्षेत्र के बरहुला गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक देवी प्रसाद पाण्डेय एवं सालिकराम पाण्डेय व्यास ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। भागवत कथा में पांचवें दिन आचार्य सालिकराम पाण्डेय जी ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक श्याम भूषण शुक्ला पूर्व प्रधान ने बताया कि इस दौरान भगवान के जन्मोत्सव, उनके नामकरण पूतना वध और इंद्र के अभिमान दमन के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथावाचक आचार्य शालिकराम पाण्डेय जी ने कहा भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिनन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। कथावाचक ने कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। संगीतमय कथा के दौरान भजनों पर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर नाचते रहे।

**झांकी सजाकर मनाया उत्सव-** इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत राम किशुन गुप्ता के परिजनों से फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता फूलपुर प्रयागराज।** बाबूगंज बाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत राम किशुन गुप्ता के परिजनों से फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया।



ज्ञात हो की 2 दिन पूर्व बाबूगंज बाजार में भोर में चार पहिया वाहन ने बाबूगंज बाजार में कई दुकानों को टक्कर मारते हुए निकल गया था उसी में घर के बाहर सो रहे राम किशुन गुप्ता की मृत्यु हो गई थी इस अवसर पर फूलपुर चेयरमैन अमरनाथ यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता राजकुमार मोदनवाल राकेश केसरवानी नीरज जायसवाल भोला गुप्ता संदीप द्विवेदी आदि रहे

## ओवरलोड हाईवा डिवाइडर पर चढ़ाः नैनी में बिजली के पोल टूटे, मिर्जापुर हाईवे पर लगा जाम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कोरांव प्रयागराज।** के यमुनापार स्थित नैनी में एरीवा कंपनी के सामने सोमवार की देर रात एक बड़ी दुर्घटना हुई। गिट्टी से भरा एक ओवरलोड हाईवा बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। दुर्घटना में डिवाइडर पर लगे बिजली के खंभे टूट गए। हाईवा का ईंधन टैंक भी फट गया, जिससे सड़क पर ईंधन फैल गया। हाईवा डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा पहुंचा। घटना के बाद मिर्जापुर हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। दोपहर तक हाईवा को हटाया नहीं जा सका, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यमुनापार क्षेत्र में मिट्टी, बालू और गिट्टी का अवैध कारोबार चल रहा है।



## टीकरडीह कौशांबी एवं अन्य घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री जी से मिले

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) पूर्वांचल के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान (एडवोकेट) ने लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री जी से शिष्टाचार मुलाकात की। माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया दिनांक 28/04/2025 को सुबह 6:00 बजे वॉर्ड नंबर 6 बाला जी नगर टीकरडीह नगर पालिका परिषद भरवारी कौशांबी तालाब के मिट्टी के खुदाई के दौरान मिट्टी के टीले के नीचे दबे 9 लोगों में से 5 लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत्यु शोकाकुल परिवार एक एक सदस्य को नौकरी एवं आवासीय पट्टा (कृषि भूमि)की माँग की है। साथ ही साथ कोमल सरोज हत्याकांड प्रतापगढ़, शनि हत्याकांड आजमगढ़, देवीशंकर हत्याकांड करछना (प्रयागराज) के दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही पीड़ित परिवार के सदस्य को एक एक नौकरी वा मुआवजा की मांग की। साथ ही साथ यह भी अवगत कराया कि मृतक कोमल सरोज प्रतापगढ़ बासीगांव वा अन्य ग्रामीणों के खिलाफ 150 से 200 लोगों के खिलाफ अज्ञात केस दर्ज कर पुलिस नजायज परेशान कर रही है और जेल में डाल रही है। जिसको उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की।माननीय मुख्यमंत्री जी उपरोक्त प्रकरण को गंभीरता से अपने संज्ञान में लेते हुए कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देषित किए और साथ ही साथ सभी मांगे पूरी करने के लिए आश्वासन दिए।यह जानकारी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष एड आशीष पासवान दिया गया।



## सत्य ही शिव है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री राजेश तिवारी

### भगवान शिव कालों के काल महाकाल हैं। अपने भक्तों की रक्षा में खड़े बनकर ढाल हैं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कोरांव प्रयागराज।** सत्य ही शिव है यह दिव्य वचन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं एशोसिएशन बोरिंग टेकनेशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने वरिष्ठ शिक्षाविद पं0 संतोष कुमार तिवारी से उनके निज निवास पर नव स्थापित नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर के पंचदिवसीय कार्यक्रम के अन्तिम दिन पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद(भण्डारे) के समय गड़ेवरा कोहड़ार प्रयागराज कही।खबरतलब हो वरिष्ठ शिक्षाविद श्री तिवारी के यहाँ भगवान आशुतोष शिव औघड़दानी के नर्मदेश्वर महादेव स्वरुप के स्थापना हेतु पंचदिवसीय कार्यक्रम 01 मई 2025 से आरम्भ हो 05 मई 2025 को समाप्त हुआ।यह कार्यक्रम इस प्रकार रहा पहले दिन वेदी रचना एवं पूजन प्रारम्भ,दूसरे दिन मूर्ति पूजन,अननधिवास,फलाधिवास, जलाधिवास,वस्त्राधिवास,ग्राम भ्रमण एवं शिव बारात तीसरे दिन भगवान नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्राभिषेक चौथे दिन श्री रामचरित मानस पाठ प्रारम्भ एवं पाँचवे दिन पूर्णाहुति महाप्रसाद(भण्डारा)।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री इस अमृतीय कार्यक्रम के अन्तिम दिन पधारकर अमृत महाप्रसाद ग्रहण किया एवं इस कार्यक्रम में वहाँ उपस्थित गणमान्य जनों एवं वरिष्ठ शिक्षाविद श्री तिवारी से अपने उद्बोधन में कहा कि शिव ही सत्य है क्योंकि जहाँ सत्य की छाया ही वहाँ भगवान शिव अवश्य निवास करते हैं और जहाँ भगवान शिव निवास करते हैं वहाँ दुःख दरिद्रता कभी भी वाश नही करती।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जिला मंत्री ने आगे यह भी कहा यह समूचा जगत भगवान शिव के अधीन हो चलाएमान है क्योंकि भगवान शिव कालों के काल महाकाल हैं और उनकी तीसरी नेत्र खुलने का अर्थ सम्पूर्ण जगत का विनाश होना है।इसी कारण इस धरती पर सबसे ज्यादा भगवान शिव की पूजा होती है।हर गाँव,हर गली एवं हर शहर में सबसे ज्यादा भगवान शिव के ही मन्दिर मिलते है।भगवान शिव महादयालु हैं तनिक सा भी कोई प्राणी इनकी भक्ति करता है ये तुरन्त प्रसनन्न हो अपने भक्त को मुँहमांगा वर प्रदान करते हैं।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री ने आगे कहा कि जो प्राणी भगवान शिव का सच्चा भक्त होता है एकबार काल भी पीछे हट जाता है और भगवान शिव के बिना आदेश के उसका कुछ भी नही बिगाड़ सकता है।स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि भगवान शिव कालों के काल महाकाल हैं,अपने भक्तों की रक्षा में खड़े बनकर ढाल है।इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी शिव शंकर मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री द्वारा शिव महिमा का वर्णन बहुत ही सुन्दर एवं सम्पूर्ण सत्यमयता के साथ वर्णित किया गया है।वास्तव में भगवान शिव के शरण में रहने पर एकबार काल भी पीछे हट जाता है और इस जगत में शिव ही सत्य है।इस साहित्यिक एवं शिव परिचर्चा के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज एवं जिला मंत्री के साथ वरिष्ठ समाजसेवी शिव शंकर मिश्रा,वरिष्ठ शिक्षाविद पं0 संतोष कुमार तिवारी,शिक्षाविद पवन तिवारी,अंकित शुक्ला एवं नितिन तिवारी सहित आस पास बहुत से भगवान शिव के अमृत महाप्रसाद ग्रहण करने हेतु बहुतायत गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## कैट बार एसोसिएशन का क्रमिक अनशन नौवें दिन जारी

### अनशन को लेकर कांग्रेस पार्टी का मिला समर्थन




**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** कैट इलाहाबाद बैंच के क्षेत्राधिकार में किए जा रहे हनन के विरोध में कैट बार एसोसिएशन का आंदोलन नौवें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को क्रमिक अनशन स्थल पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन के नेतृत्व में दो दर्जन कार्यकर्ताओं ने कैट बार एसोसिएशन को समर्थन दिया। श्री मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ताओं की मांग जायज है और इसे अपनी पार्टी के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकसभा और राज्यसभा में जरूर उठाया जाएगा। अंशुमन मिश्रा के साथ पूर्व अध्यक्ष इलाहाबाद विश्वविद्यालय रघुनाथ द्विवेदी एवं यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष निशांत रस्तोगी अजेन्द्र गौर महासचिव विनय पांडेय सोमू पाण्डेय आदि ने अपने विचार रखे। साथ ही हाईकोर्ट बार एसोसिएशन से शशि प्रकाश सिंह हरवंश सिंह आशीष दुबे संतोष सिंह बब्बू ने भी कैट बार का समर्थन करते हुए अपने विचार व्यक्त किया।सभा का संचालन कैट बार के महासचिव जितेंद्र नायक ने तथा अध्यक्षता राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने की। सभा को संबोधित करने वालों में कैट बार से पूर्व अध्यक्ष के पी सिंह अनिल सिंह पूर्व महासचिव आशीष श्रीवास्तव धर्मेंद्र तिवारी संतोष कुशवाहा जसवंत सिंह राकेश दीक्षित वशिष्ठ तिवारी आदि रहे। अधिवक्ताओं में पूनम सिंह अतुल शाही प्रवीण शुक्ला एल एस कुशवाहा सुरेश मौर्या सुनील अविनाश शर्मा एस एम अली प्रदीप मिश्रा के के मिश्रा मनोज उपाध्याय शिव मंगल सचिन उपाध्याय रविकांत शुक्ला आदि सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी कैट बार के महासचिव जितेंद्र नायक की ओर से दी गई।

## आयूष पटेल ने इंटरमीडिएट में 82 प्रतिशत अंक अर्जित करके विद्यालय के गौरव को बढ़ाया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता सोरांव प्रयागराज।** सोरांव क्षेत्र के यूसुफ पुर (जिल्ला) करौंदी प्रयागराज के आयूष पटेल पुत्र गुलाब पटेल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में 82प्रतिशत अंक अर्जित करके के वी एम इंटर कालेज कमला नगर प्रयागराज में तीसरे स्थान रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने मेधावी छात्र आयूष पटेल को माला पहनाकर बधाई दी। और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। सूत्र मिली जानकारी के अनुसार उसके पिता एक किसान है माता सुशीला देवी खेती में कठिन परिश्रम करके बच्चो को शिक्षा को ओर प्रेरित करती थी आयूष ने बताया कि इसका श्रेय मेरे गुरूजनो का है उनके कुशल मार्ग दर्शन एवं अध्यापन से मुझे यह सफला मिली है।

## थाना होलागढ़ पुलिस टीम पर दबंगों ने हमला करते हुए वर्दी के सम्मान को किया तार तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** गंगानगर थाना होलागढ़ पुलिस टीम पर दबंगों ने हमला करते हुए वर्दी के सम्मान को किया तारतार मामले से योगी जी की समूची पुलिस की भी छवि हो रही है समाचार घटना का कुछ वीडियो जमकर वायरस सूत्रों के अनुसार बहुत कुछ हुआ सवाल है क्यों मामले को दबा रही है होलागढ़ पुलिस और थाना प्रभारी जबकि घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरस हो रहा है आल्हा अधिकारी भी आखिर पराक्रम का क्यों नहीं ले रहे संज्ञान ऐसी घटना से होलागढ़ के दबंग और अपराधियों के हौसले बुलंद।

## प्रधानमंत्री आदेश दें तो पाक कूच करें साधु-संतःप्रयागराज में गंगा तट पर शास्त्रों के साथ शस्त्र का भी अभ्यास कर रहे संत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता कोरांव प्रयागराज।** पिछले दिनों कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से पूरे देश में आक्रोश है। प्रयागराज के साधु-संतों में भी इससे नाराजगी है। यहां संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि वह यदि संतों को छूट दें तो देश भर के साधु संत पाकिस्तान पर कूच कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से कुछ दिनों से प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पर गंगा किनारे साधु संत शास्त्रों के साथ साथ शस्त्रों का भी अभ्यास कर रहे हैं। जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य महराज शिष्यों के साथ गंगा तट शस्त्र का अभ्यास करते दिखे। उन्होंने कहा कि 'जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला भारत का प्रत्येक देशवासी लेना चाहता है, देशवासियों के अंदर आतंकवाद की नर्सरी कहे जाने वाले पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश भरा पड़ा है, यहां तक की संत, महात्मा भी चाहते हैं कि पाकिस्तान का नेस्तनाबूत हो, संत-महात्माओं का मानना है कि किसी भी बीमारी का इलाज जड़ से होना चाहिए ताकि वह दोबारा पांव ना पसार सके।-- गंगाजल में कराया गया अस्त्र-शस्त्र का सनन-- शांडिल्य महराज ने कहा, संगम नगरी प्रयागराज का वह स्थान जहां प्रभु श्रीराम के जन्म के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ श्रृंग ऋषि ने किया था। वहां से धर्म और देश की रक्षा के लिए तलवार उठ गए हैं। उन्होंने कहा कि शस्त्र को गंगा सनन करके विधि विधान के साथ पूजन किया गया। इसके बाद अभ्यास किया जा रहा है ताकि पाकिस्तान से संत महात्मा बदला ले सकें। जगतगुरु के सानिध्य में लोक कल्याण, जन कल्याण, धर्म रक्षा के लिए श्रृंगवेरपुर के पावन धरती पर संत महात्माओं के आशीर्वाद से शस्त्र का अभ्यास किया जा रहा है। पूरे देश में सनातन धर्म को जागृत किया जा रहा है। आज श्रृंगवेरपुर धाम से जुड़े सभी साधु, संत, महात्मा, बटुक महाराज पुराने अस्त्र-शस्त्र निकालकर गंगा सनन कराया है।--जब तक पाकिस्तान रहेगा आतंकवाद जिंदा रहेगा-- जगद्गुरु स्वामी शांडिल्य जी महाराज ने कहा कि जब तक पाकिस्तान रहेगा, आतंक की नासूर बना रहेगा, इसका जड़ से इलाज जरूरी है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में सभी शस्त्र का विधान है बदलते समय में गोली, बंदूक आ गए हैं लेकिन हर आश्रम में सनातन के पुराने शस्त्र रखे हुए हैं जिसमें तलवार, गदा, भाला, फरसा इत्यादि से नागा संन्यासियों ने मुगलों से युद्ध किया था। इस प्रकार से आज आश्रम के सभी संत, बटुक और महराज ने युद्धाभ्यास और तैयारी कर रहे हैं ताकि पाकिस्तान पर चढ़ाई कर सकें।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मुकदमों का निपटान

अदालतों में बढ़ते लंबित मुकदमे कई सालों से प्रमुख समस्या बने हुए हैं जिसके लिए स्वयं सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न मुख्य न्यायाधीश समय-समय पर चिंता जता चुके हैं। सरकारें इसके लिए कदम उठाने की बात तो कहती रहती हैं फिर भी इनमें कमी नहीं आ सकी। पिछले चार सालों में तो इनकी संख्या और तेजी से बढ़ी। अच्छी बात यह है कि अब इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देकर व्यावहारिकता के साथ समाधान की कोशिशें चल रही हैं। न्यायिक कार्य पद्धति के आधुनिकीकरण की दिशा में कदम उठे हैं और लोक अदालतों की संख्या भी बढ़ी है। दरअसल, आजकल लोगों के बीच बढ़ती असहिष्णुता और लालच से पैदा होने वाले टकराव और हिंसा-प्रतिहिंसा के कारण पैदा होने वाले विवादों से अदालतों में मुकदमों की संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन उनके अनुपात में कोर्ट और जजों की संख्या एवं अन्य जरूरतों को बढ़ाने की दिशा में कदम नहीं उठाए गए। इनसे समाज में अनेक रूपों में घर के भीतर से लेकर बाहर तक टकराव बढ़ा और इनमें कई टकराव हिंसक भी हुए। इस समस्या के समाधान के लिए अब जघन्य अपराधों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों आदि से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए केंद्र सरकार ने त्वरित निपटान न्यायालयों यानी फास्ट ट्रैक कोर्ट्स की स्थापना की है और ऐसी आठ सौ सत्तावन कोर्ट इस समय काम कर रही हैं। राजनीति से तरह-तरह के अपराधों के जुड़ने की समस्या हाल के वर्षों में बढ़ी तो विधायकों-सांसदों से संबंधित आपराधिक मामलों के निपटारे के लिए नौ राज्यों में दस न्यायालय काम कर रहे हैं। बच्चों से जुड़े अपराध भी तेजी से बढ़े हैं जिनके लिए देशभर में 404 पॉक्सो न्यायालयों सहित त्वरित विशेष न्यायालय काम कर रहे हैं। टेली लॉ कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों और वंचितों को परामर्श की सुविधा चल रही है जिसका एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने लाभ उठाया है। ये उपलब्धिया प्रशंसनीय हैं पर भ्रष्टाचार, अपराध और पारिवारिक झगड़ों के तेजी से बढ़ रहे मुकदमों में दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने के लिए न्यायिक प्रक्रिया को और गति देने की जरूरत है। ऐसा न हुआ तो उनके साथ इसी प्रवृत्ति के अन्य लोगों का दुस्साहस भी बढ़ता जाएगा और आगे चलकर बड़ी समस्या हो जाएगी।

## योग के लिए

यह बहुत शुभ है कि गत एक दशक के दौरान भारत सहित पूरे विश्व में योग की महत्ता को समझा और स्वीकार किया जाने लगा है। इसके अभ्यास में निरंतरता आ रही है जिसके लिए तमाम प्रशिक्षण केंद्र तो खुले ही हैं, घरों में भी लोग योग क्रिया बराबर कर रहे हैं जिसका फायदा भी उन्हें मिल रहा है। भारत के लिए यह विशेष रूप से गर्व की बात है क्योंकि योग हमारे प्राचीन ऋषियों-मुनियों की देन है। यह सही है कि देश में विदेशी प्रभाव बढ़ने के कारण पिछली कुछ सदियों से लोग इसकी उपेक्षा करने लगे थे जिसका दुष्परिणाम भी आता रहा लेकिन बाद में इसके प्रति जागरूकता बढ़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस दिशा में किए गए विशेष प्रयत्नों के कारण संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किए जाने के बाद से तो योग की स्वीकार्यता विश्वव्यापी हो गई। कुछ लोगों ने इसके नाम पर कारोबार भी खड़ा किया लेकिन आमजन में इसके प्रति लगाव अलग ही ढंग से होता गया। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का भी कहना है कि युवाओं में योग के प्रति विशेष रूप से जागरूकता का प्रचार-प्रसार हो। उनका आह्वान इस अर्थ में भी प्रासंगिक है कि इसी उम्र से ही योग को अंगीकार कर लिए जाने के बाद सारा जीवन स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी सुरक्षित और आनंदमय होता जाएगा। यही वजह है कि एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर ही कार्यक्रमों का आयोजन हो। ऐसा होने पर योग के प्रति युवा अधिक जागरूक हो सकेंगे। इसके लिए राज्यपाल ने स्कूलों-विश्वविद्यालयों योग केंद्रों की स्थापना पर भी बल दिया है। इनके साथ संस्थानों के अतिरिक्त अन्य लोगों को भी जोड़ने के प्रयास किए जाएं और उनको योग के महत्व से परिचित कराया जाए। यह इसलिए जरूरी है कि योग के प्रति जनमानस में जो उदासीनता आ गई थी, उसको दूर किया जा सके और स्वास्थ्य की दृष्टि से देश में नया वातावरण बन सके।

## काँव-काँव

♦♦♦

**केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिये माकड्रिल के निर्देश**
सिविल डिफेंस वालों के पास भी काम आ गया!

**तनाव के बीच पाकिस्तानी मिसाइल का परीक्षण**
ये हुआ दोनों तरफ है आग बराबर लगी हुई...

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी को लगी फटकार**
सुप्रीम कोर्ट को सरकारी एजेंसियों की मजबूरी नहीं पता

**उत्तर प्रदेश में हर गरीब का बनेगा राशनकार्ड**
मतलब ये कि यूपी में गरीब बढ़ते जा रहे हैं!

**राहुल की नागरिकता संबंधी याचिका खारिज**
अच्छा हुआ वरना चुनाव आयोग फंस जाता!

**लाखों हिंदुओं को कनाडा से निकालने की मांग**
वहां भी एनआरसी का फैशन चल पड़ा क्या?

♦♦♦


# राफेल एम से मजबूत होगी रक्षा क्षमता




– अरुणेंद्र नाथ वर्मा

पहलगाम हमले के बाद भारत की फ्रांस से 26 राफेल एम (मरीन) की खरीद के समझौते पर हुए हस्ताक्षर रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण हैं. कुल 63,000 करोड़ रुपये का यह सौदा हथियारों की खरीद के मामले में फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है. पिछले कुछ वर्षों से 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के सपने देखने वाला भारत अब देश में निर्मित आधुनिकतम शस्त्रास्त्रों के निर्यात की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन हमारी सैन्य सामग्री की विषद जरूरतों के चलते अब भी अरबों रुपयों की खरीद विदेशों से करना जरूरी है. यही कारण है कि 2016 में फ्रांस से 60,000 करोड़ रुपयों में 36 मल्टीरोल राफेल लड़ाकू विमान खरीद लेने के नौ साल बाद भारत ने एक नये रक्षा सौदे के अंतर्गत फ्रांस से ही 26 राफेल एम विमानों की खरीद पर 63,000 करोड़ रुपये खर्च करने का समझौता किया है।

लोगों में यह जानने की उत्सुकता हो सकती है कि इतनी जल्दी देश को एक और रक्षा सौदा करने की क्या जरूरत पड़ गयी. इसे समझने के लिए तीन प्रश्नों के उत्तर जरूरी हैं. पहला, भारतीय नौसेना के सामने कौन-सी नयी समस्याएं हैं, जिनसे निपटने के लिए इतनी बड़ी धनराशि खर्च करना आवश्यक हो गया? दूसरा, क्या नये राफेल एम विमान की जगह पहले आयातित राफेल मल्टीरोल लड़ाकू विमान से काम नहीं चलता? तीसरा, भारतीय नौसेना के दोनों विमानवाहक पोतों-विक्रमादित्य और विक्रांत पर सफलतापूर्वक इस्तेमाल किये जा रहे मिग 29 लड़ाकू विमान यदि पुराने पड़ गये हैं, तो उन्हीं के विकसित और संशोधित संस्करण क्यों नहीं खरीदे जा रहे, जबकि भारतीय वायुसेना मिग 21, 23, 25, 27, 29 और सुखोई एमके 31 आदि अनेक रूसी लड़ाकू विमानों का दशकों से उपयोग करती आयी है? रूसी विमान खरीदकर नौसेना भारतीय वायुसेना में उपलब्ध मेंटेनेंस प्रणालियों और साजो-सामान का साझा उपयोग करके इस खर्च बचा सकती थी. जैसे, विमानवाहक पोतों पर राफेल एम के लिए लिफ्ट जैसे सामान्य उपकरण भी बदलने पड़ेंगे, जो रूसी विमानों के उपयोग के लिए बने थे. दरअसल, हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक गतिविधियों को देखते हुए हथियारों की नयी खरीद जरूरी थी. दक्षिण चीन सागर से आगे बढ़ कर चीन अब म्यांमार के क्यौकफ्यु में गहरा बंदरगाह बना रहा है, जो अंडमान-निकोबार से केवल 970 किलोमीटर दूर है. मालदीव के मराओ अटोल, श्रीलंका के हंबनटोटा, पाकिस्तान के ग्वादर आदि में बड़े-बड़े बंदरगाहों का चीन द्वारा निर्माण और वहां चीनी नौसेना की उपस्थिति ने भारत की तटीय सुरक्षा पर चिंता पैदा कर दी है. भारत के लगातार बढ़ रहे अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए दक्षिण पूर्व से लेकर धुर पश्चिम तक फैले हुए सागर-महासागरों में भारतीय पोतों और उनके कार्मिकों की सुरक्षा तथा अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप एवं हजारों मीलों तक फैले तटीय क्षेत्र की सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की क्षमता में लगातार वृद्धि जरूरी है।चीन के पास 500 युद्धपोत, 60 पनडुब्बियां और तीन विमानवाहक पोत हैं, जबकि भारत के पास केवल 160 युद्धपोत, 20 पनडुब्बियां और दो विमान वाहक पोत हैं. जाहिर है कि यह खाई भरने के लिए बेहद महंगा और लंबा अभियान छेड़ना पड़ेगा. भारत अपनी आर्थिक सीमाओं के मद्देनजर अभी नौसेना के दोनों विमानवाहक पोतों, विक्रमादित्य और विक्रांत की मारक दूरी और क्षमता ही बड़ा सकता है. राफेल एम की खरीद इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. यह राफेल फाइटर जेट की तुलना में उन्नत है. दूसरा प्रश्न भारत में फिलहाल इस्तेमाल हो रहे राफेल लड़ाकू विमानों और प्रस्तावित राफेल एम विमानों के बीच के अंतर के बारे में है. राफेल एम विमानवाहक पोतों से उड़ान भरेंगे. इसके लिए पोत पर स्काई जंप उपकरण से विमान को लांच किया जाता है, ताकि छोटी दौड़ में ही विमान टेक ऑफ कर ले. इसी तरह लैंडिंग के समय विमानवाहक पर लगा हुक विमान में फंस कर उसे रोकता है और डेक पर अरेस्टर बैरियर भी लगे होते हैं. विमानवाहक पोतों से उड़ान भरने वाले जहाजों की अंडर कैरेज अधिक मजबूत होनी चाहिए. त्रिकोणीय डैने अर्थात डेल्टा विंग जिनकी टिप मोड़ी जा सके, विमानवाहक पोतों से उड़ान भरने वाले विमानों की पहचान हैं. ये फीचर राफेल एम में हैं, पर राफेल मल्टीरोल जेट में नहीं हैं, जो वायुसेना के अड्डों से उड़ते हैं. जहां तक शस्त्रास्त्रों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और मारक क्षमता का प्रश्न है, तो वायुसेना में प्रयुक्त राफेल और नौसेना के लिए मंगाये गये राफेल विमान कई तरह के शस्त्रास्त्रों से सुसज्जित लड़ाकू विमान हैं, पर राफेल एम में एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड अरे रडार (एसइए) होगा, जो बेहतर इलेक्ट्रॉनिक टोह ले सकेगा, लंबी मार करने वाले एयर टू एयर और एयर टू सरफेस मिसाइल और एक्सोसेट एंटी शिप मिसाइल होंगे. इसके अतिरिक्त इससे हैमर गाइडेड बम और 30 एमएम कैनन का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा. इन 26 राफेल एम विमानों में से 22 सिंगल सीटर जेट और चार टू सीटर ट्रेनर जहाज होंगे और सभी तकनीकी रूप से संशोधित और विकसित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सुसज्जित होंगे. मिग 29 की तुलना में राफेल एम बेहतर और विकसित कैरियर स्थित लड़ाकू जेट है. मिग 29 नौसेना से 2010 में जुड़ा था, राफेल मल्टीरोल जहाजों की खरीद का ऑर्डर 2016 में दिया गया था और वे वायुसेना में हाल में आये हैं, जबकि राफेल एम की आपूर्ति साढ़े तीन साल बाद शुरू होगी और ढाई साल में पूरी होगी। राफेल एम की खरीद का निर्णय गहन और लंबी प्रक्रिया के बाद लिया गया था. अन्य विकल्पों के तुलनात्मक अध्ययन में इसके निकटतम प्रतिद्वंदी बोईंग के एफ/ए-18इ और एफ सुपरहोर्नेट थे. गोवा में लंबा ट्रायल लेने के बाद जुलाई, 2023 में राफेल एम के पक्ष में निर्णय लिया गया और अब मोलभाव के बाद इस समझौते पर दस्तखत हुए हैं. राफेल के निर्माता दसॉल्ट अविएशन ने राफेल जहाजों की पहली खेप की खरीद का ऑर्डर पाने के समय आश्वासन दिया था कि भारत में उनके रखरखाव और परिचालन प्रशिक्षण के अतिरिक्त लॉजिस्टिक मदद तथा ऑफसेट अनुबंध के अंतर्गत विमानों के पुर्जों का यथासंभव उत्पादन भी किया जायेगा. वैसे ही आश्वासनों के साथ राफेल एम विमानों के निर्माण और आपूर्ति का सौदा हुआ है. एक दिन भारत में सैन्य विमानों के उत्पादन की श्रृंखला में यह विमान एक नयी कड़ी बन जाए, यही कामना इस महत्वपूर्ण समझौते पर दस्तखत किये के बाद की जा सकती है।



## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

यह कैसा बेसमझ लड़का है कि दो पहर हुआ, कुछ खाया न पिया। लाया क्या यह चिमटा ! सारे मेले में तुझे और कोई चीज न मिली, जो यह लोहे का चिमटा उठा लाया। हामिद ने अपराधी भाव से कहा- तुम्हारी उंगलियां तवे से जल जाती थीं; इसलिए मैंने इसे ले लिया। बुढ़िया का क्रोध तुरन्त स्नेह में बदल गया, और स्नेह भी वह नहीं, जो प्रगल्भहोता है और अपनी सारी कसक शब्दों में बिखेर देता है। यह मूक स्नेह था, खूब ठोस, रस और स्वाद से भरा हुआ। बच्चे में कितना त्याग, कितना सद्भाव और कितना विवेक है! दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देखकर इसका मन कितना ललचाया होगा। इतना जब्त इससे हुआ कैसे? वहां भी इसे अपनी बुढ़िया दादी की याद बनी रही। अमीना का मन गद्गद हो गया। और अब एक बड़ी विचित्र बात हुई। हामिद के इस चिमटे से भी विचित्र। बच्चे हामिद ने बूढ़े हामिद का पार्ट खेला था। बुढ़िया अमीना बालिका अमीना बन गयी। वह रोने लगी। दामन फैलाकर हामिद को दुआएं देती जाती थी और आंसू की बड़ी-बड़ी बूंदें गिराती जाती थी। हामिद इसका रहस्य क्या समझता!

### जुलूस

पर्ण स्वराज्य का जुलूस निकल रहा था। कुछ युवक, कुछ बूढ़े, कुछ पूर्ण बालक झंडियां और झंडे लिये वंदेमातरम् गाते हुए माल के सामने से निकले। दोनों तरफ दर्शकों की दीवारें खड़ी थीं, मानो उन्हें इस लक्ष्य से कोई सरोकार नहीं है, मानो यह कोई तमाशा है और उनका काम केवल खड़े-खड़े देखना है। शंभूनाथ ने दुकान की पटरी पर खड़े होकर अपने पड़ोसी दीनदयाल से कहा-सब के सब काल के मुंह में जा रहे हैं। आगे सवारों का दल मार-मार भगा देगा। दीनदयाल ने कहा-महात्मा जी भी सठिया गये हैं। जुलूस निकालने से स्वराज्य मिल जाता तो अब तक कब का मिल गया होता। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**साधुभ्यस्ते निवर्तन्ते पुत्रमित्राणि बान्धवः।**
**ये च तैः सह गन्तारस्तद्धर्मात् सुकृतं कुलम्।।**

जब परिवार का कोई व्यक्ति साधु बन जाता है, संसार के माया- मोह को छोड़कर वैराग्य को अपना लेता है, तो उसके बन्धु- बान्धव स्त्री- पुत्रादि कुछ दूर तक उसके साथ जाकर लौट आते हैं, परन्तु उसके साथ यदि ये भी वैराग्य ग्रहण कर लेते हैं, तो इस प्रकार उनका वंश कृतकृत्य हो जाता है।

♦♦♦

# गांवों में स्वास्थ्य सेवा सुधारनी होगी



– संजना ब्रह्मवार मोहन

एक गर्भवती स्त्री पहाड़ पर पांच किलोमीटर चलते हुए डॉक्टर के क्लिनिक में किस तरह रात को पहुंचती है? सिलिकोसिस और टीबी के शिकार कुपोषित युवा को, जो अंडे और दूध नहीं खरीद सकता, उसे कोई पौष्टिक भोजन करने की सलाह भला कैसे दे सकता है? एक बीमार बच्चे का इलाज भला कैसे संभव है, जब नजदीक का अस्पताल 20 किलोमीटर दूर हो और परिवहन की कोई व्यवस्था न हो? ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में साफ-सफाई के अभाव, बाढ़ और कुपोषण से होने वाली मलेरिया, डायरिया और हैजे जैसी बीमारियों पर अंकुश भला कैसे लगाया जा सकता है? ग्रामीण भारत में ऐसे दृश्य आम हैं, लेकिन यह केवल भारत की सच्चाई नहीं है. दुनिया भर के गांवों में कमोबेश ऐसी ही स्थिति है. यह ठीक है कि विकसित और विकासशील देशों के बीच बहुत ज्यादा फर्क है, लेकिन दुनिया भर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक मरीजों की पहुंच एक बड़ी समस्या है. इसकी वजह यह है कि संसाधन ज्यादातर शहरों में ही केंद्रित होते हैं. परिवहन और संचार के साधनों की समस्याएं हर देश में हैं, इस कारण ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की तैनाती में लगभग सभी देशों को मुश्किलें आती हैं. विगत छह अप्रैल को बेंगलुरु में संपन्न हुए तीन दिवसीय वैश्विक ग्रामीण स्वास्थ्य सम्मेलन में भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका न्यूजीलैंड, नॉर्वे, नेपाल और श्रीलंका के डॉक्टरों ने ही इन्हीं मुद्दों पर बात की. मेडिकल कॉन्फ्रेंसों में सिर्फ डॉक्टरों की ही मौजदूगी रहती है. लेकिन इस ग्रामीण स्वास्थ्य सम्मेलन की शुरुआत ही दाइयों और नर्सों के एक पैनल से हुई. गर्भावस्था, प्रसव होने और प्रसव के बाद की स्थिति में महिलाओं की मदद करने वाली दाइयां उन मध्य आय वाले देशों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जहां कुशल स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने वाले की भारी कमी रहती है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2024 में आंकड़ा दिया कि दुनिया में 2.9 करोड़ नर्से और 22 करोड़ दाइयां हैं. उसका यह भी आकलन है कि 2030 तक दुनिया भर में 45 लाख नर्सों और 3.1 लाख दाइयों की कमी होगी. जाहिर है कि यह एक बड़ी समस्या होगी, क्योंकि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में नर्सें और दाइयां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अगर तुलना करें, तो हम पाते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा सुविधा की कमी 56 प्रतिशत है, जबकि शहरी इलाकों में यह कमी 22 फीसदी ही है. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में 13 करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों की कमी है, जिनमें से दो तिहाई स्वास्थ्यकर्मियों का अभाव ग्रामीण क्षेत्रों में है. इस रिपोर्ट में शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्यकर्मियों की कमी के आंकड़े दिये गये हैं. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्यसेवा सुविधाओं में फर्क सभी जगह है, लेकिन कम आयवाले तथा धन के असमान वितरण वाले देशों में यह फर्क ज्यादा ही है. उदाहरण के लिए, नाइजीरिया की जीडीपी अफ्रीका में सर्वाधिक है, लेकिन इसकी प्रतिव्यक्ति आय कम है. नाइजीरिया की 40 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी में जीवन बिताती है, और वहां स्वास्थ्यसेवा व्यवस्था ऐसी है कि 80 प्रतिशत मामलों में लोगों को अपनी जेब से उसका खर्च देना पड़ता है. भारत में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक स्वास्थ्यसेवा क्षेत्र में जेब से खर्च चुकाने का आंकड़ा कम होता जा रहा है. वर्ष 2017-18 में यह 48.8 प्रतिशत था, जो 2021-22 में घटकर 39.4 फीसदी रह गया. विकसित देशों में ग्रामीण स्वास्थ्य-सेवा की स्थिति बहुत सुखद नहीं है. जैसे, नीदरलैंड एक छोटा और विकसित देश है और शहरों से गांवों की दूरी कम होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्यसेवा की स्थिति संतोषजनक होनी चाहिए. लेकिन बड़ी संख्या में युवाओं का गांवों से शहरों की तरफ जाने से ग्रामीण इलाकों में बुजुर्गों की स्थिति खराब होती जा रही है, क्योंकि उनकी देखभाल करने वाले कम लोग बचे हैं. वर्ष 1992 से वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ फैमिली डॉक्टर्स ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य-सेवा पर खास ध्यान केंद्रित किया है. लेकिन बहुत कुछ नहीं बदला है।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया और भारत इस समस्या का हल निकाल रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया में ग्रामीण इलाकों में काम करने वाले डॉक्टरों को प्रोत्साहन राशि मिलती है, जबकि भारत में युवा डॉक्टरों को ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों की समस्याओं के बारे में बताकर उन्हें वहां के प्रति संवेदनशील बनाया जाता है. इस साल अक्तूबर में युवा भारतीय डॉक्टरों का एक समूह उदयपुर सिटी से 25 किलोमीटर दूर इसवाल गांव में रूरल सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम (आरएसपी) में भाग लेने के लिए एकत्रित होगा. आरएसपी दरअसल एक तीन दिवसीय फील्ड प्रोग्राम होता है, जिसमें ग्रामीण और आदिवासी इलाकों की समस्याओं के बारे में स्वास्थ्यकर्मियों को जानकारी देते हुए उन्हें वहां काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. इसका आयोजन बेसिक हेल्थकेयर सर्विसेज करती है. यह कार्यक्रम उन युवा डॉक्टरों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रहा है, जो शहरी इलाकों में रहते हैं और कॉरपोरेट दुनिया में पले-बढ़े हैं. भारत की स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी, जाहिर है, ग्रामीण भारत से ही मिल सकती है।



## प्रेरक प्रसंग

### तुष- माश

एक सामान्य गृहस्थ था। उसकी धर्म- ध्यान में बड़ा रुचि थी। अपने परिवार का भरण- पोषण करने के साथ- साथ वह संतो का सत्संग किया करता था। अच्छी- अच्छी पुस्तकें पढ़ा करता था।

एक दिन वह कहीं जा रहा था कि रास्ते में एक ओर को लोगों की भीड़ देखकर वहां चला गया। एक मुनि उपदेश दे रहे थे। वह खड़े होकर उनका प्रवचन सुनने लगा। वह शरीर और आत्मा के संबंध में बोल रहे थे। कह रहे थे :

बहुत-से लोग समझते हैं कि आदमी मर जाता है तो शरीर के साथ आत्मा भी मर जाती है। ऐसा नहीं है। आत्मा अमर है। जिस प्रकार पुरानी हो जाने पर सर्प अपनी केंचुली उतारकर नई केंचुल धारण कर लेता है, उसी प्रकार शरीर के पुराने और जीर्ण हो जाने पर आत्मा नया शरीर धारण कर लेती है। याद रखो, यह शरीर मंदिर है और आत्मा उसमें ईश्वर है। आत्मा की आराधना कि लिए शरीर अनिवार्य है। पर दोनों को मिलाओ मत। दोनों अलग- अलग हैं। गृहस्थ ने यह सब सुना और आगे बढ़ गया। तरह- तरह के विचार उसके मन में उठ रहे थे। वह उनमें एकाएक खो गया। अचानक उसे ठोकर लगी। वह गिर गया। उसकी विचार- धारा टूट गई। उठकर चलने लगा। उसे ध्यान आया कि रास्ते में एक साधु मिले थे, लेकिन उसका मस्तिष्क कुछ ऐसा हो गया कि उसे याद नहीं आया कि उन्होंने क्या कहा था।

उसने याद करने की बहुतेरी कोशिश की, लेकिन चिस्मरण इतना हो गया कि वह उसका सूत्र नहीं पकड़ पाया।

कुछ देर चलने पर एक गांव आया। वहां किसी घर के बाहर बैठी एक स्त्री कुछ कर रही थी। उसने पूछा, बहन तुम क्या कर रही हो!

वह बोली, तुष- माश। मैं उड़द की दाल के छिलके उतार रही हूं।

स्त्री का इतना कहना था कि उसे साधु का उपदेश याद आ गया। स्त्री ने उसे बोध दिया कि शरीर और आत्मा एक नहीं हैं, भिन्न हैं। उसे यह भी याद आया। कि साधु ने मैं और तू का गुरु बताया था, जिस प्रकार मैं और तू दो हैं, उसी प्रकार शरीर और आत्मा हैं।

स्त्री का वचन उसके भीतर इतना प्रवेश कर गया कि वह उसे जीवन भर नहीं भूला।

## आपका पत्र मिला

### नकारात्मकता पैदा कर रही सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम बन चुका है, जहां हर व्यक्ति को अपनी बात कहने का अवसर मिलता है। हमारा संविधान भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है, लेकिन यह स्वतंत्रता असीम नहीं है। जब यह स्वतंत्रता किसी की गरिमा, सुरक्षा या मानसिक शांति को ठेस पहुँचाने लगे, तब यह आलोचना नहीं, आक्रोश और अपमान का माध्यम बन जाती है। हिमांशी और शैला नेगी जैसी लड़कियों के उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि किस तरह समाज में साहस और विवेक की जगह ट्रोलिंग और धमकियों ने ले ली है।

इन युवतियों को उनके विचारों और फैसलों के लिए समर्थन देने के बजाय सोशल मीडिया पर गालियां और धमकियां मिल रही हैं। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि इससे न केवल अभिव्यक्ति का स्वस्थ वातावरण दूषित होता है, बल्कि समाज में नकारात्मकता और भय का वातावरण भी पनपता है।

ट्रोलर्स किसी भी मर्यादा का पालन नहीं करते। वे असहमति जताने के नाम पर अपशब्दों और व्यक्तिगत हमलों का सहारा लेते हैं। आलोचना और अपमान में अंतर समझना जरूरी है। संविधान ने हमें आलोचना करने का अधिकार दिया है, लेकिन यह अधिकार किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा को नुकसान पहुँचाने की अनुमति नहीं देता।

समाज को अब यह समझने की जरूरत है कि हिम्मत और विवेकशीलता को प्रोत्साहन देना जरूरी है।

अगर हम सही के साथ नहीं खड़े हुए, तो गलत को ताकत मिलती रहेगी। अभिव्यक्ति की आज़ादी के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता भी उतनी ही जरूरी है।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए गर्मी की छुट्टियां अब सुकून नहीं, बल्कि चिंता का विषय



अमेरिका में पढ़ रहे अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए गर्मी की छुट्टियां अब सुकून नहीं, बल्कि चिंता का विषय बन चुकी हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन डिएगो में पीएचडी कर रहे एक छात्र ने हवाई यात्रा की योजना बनाई थी, लेकिन हाल के वीजा टर्मिनेशन और कानूनी स्थिति की समाप्ति की खबरों के चलते उन्होंने यह यात्रा रद्द कर दी। उन्होंने नाम न बताने की शर्त पर कहा मैं सरकार से जितना कम संपर्क करूं, उतना ही बेहतर है। यह भावना अब अमेरिका भर के अंतरराष्ट्रीय छात्रों में देखने को मिल रही है, चाहे वे अपने देश वापस जाना चाहते हों, रिसर्च के लिए विदेश जाना हो या छुट्टियां मनानी हों।

**वीजा नियमों की सख्ती और यात्रा पर रोक**

हाल ही में ट्रंप प्रशासन की सख्त नीतियों के कारण कई अंतरराष्ट्रीय छात्रों की कानूनी स्थिति अचानक समाप्त कर दी गई। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले ने अपने छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा सख्त जांच और प्रवर्तन के कारण जोखिम भरी हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च के अंत से अब तक अमेरिका में 187 यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के 1,220 से अधिक छात्रों की वीजा स्थिति समाप्त की जा चुकी है। लेकिन 10 अप्रैल को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट द्वारा कांग्रेस को दिए जवाब में बताया गया कि यह संख्या 4,736 छात्रों तक पहुंच गई है।



**डिपोर्टेशन का डर और छिपने की मजबूरी**

कई छात्रों को अचानक डिपोर्टेशन का डर सताने लगा है, जिस कारण वे देश छोड़ चुके हैं या छिपने को मजबूर हैं। कई छात्रों का कहना है कि उनके रिकॉर्ड में बस छोटी-मोटी गलती थी या उन्हें पता ही नहीं चला कि उनका वीजा क्यों रद्द हुआ। हालांकि कुछ मामलों में अदालत के हस्तक्षेप के बाद सरकार ने निर्णय को वापस लिया, लेकिन साथ ही ऐसी नई गाइडलाइंस भी जारी कीं, जिनके तहत छात्रों की स्थिति भविष्य में और भी आसानी से समाप्त की जा सकती है। अब यदि किसी छात्र का वीजा रद्द हो गया, तो वह अमेरिका में रह तो सकता है लेकिन दोबारा प्रवेश नहीं कर पाएगा।

**कॉलेज प्रशासन और वकीलों की बढ़ती चिंता**

एक मिशिगन कॉलेज के कर्मचारी के अनुसार, अब छात्र लगातार पूछ रहे हैं कि क्या उन्हें गर्मियों में यात्रा करनी चाहिए या नहीं। उन्होंने बताया ÷हर सवाल का जवाब देना अब मुश्किल हो गया है। नॉर्थ कैरोलिना के इमिग्रेशन वकील ऋषि ओजा कहते हैं हम लगभग हर दिन यात्रा से जुड़े सवालों से जूझ रहे हैं। यह चिंता की बात है कि छात्र डरे हुए हैं कि अगर वे गए तो क्या वापस लौट पाएंगे।÷ छात्रों को अब सलाह दी जा रही है कि वे यात्रा के दौरान अपने इमिग्रेशन दस्तावेज, कॉलेज ट्रांसक्रिप्ट और अगर कोई केस हुआ हो तो कोर्ट के दस्तावेज साथ रखें।

**मैं डरा हुआ हूं कि शायद वापस ना लौट पाऊं**

यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय में पढ़ रहे एक छात्र ने बताया कि उन्होंने एशिया में अपने घर की यात्रा की योजना बनाई है और टिकट भी खरीद लिया है, लेकिन मन में डर बना हुआ है। उन्होंने चिंता व्यक्त की 'मुझे डर है कि शायद मैं लौट ही न पाऊं।'

## कॅरियर अलर्ट

### कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर भर्ती 2025

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बिहार सरकार की स्टेट हेल्थ सोसाइटी द्वारा भर्तियां जारी की गई हैं। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के पदों पर भर्ती की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया 5 मई 2025 से शुरू होगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, इस भर्ती की अंतिम तिथि 26 मई 2025 तय की गयी है। इस भर्ती अभियान के जरिए लगभग 4500 पदों पर नियुक्तियां की जानी हैं। इच्छुक कैंडीडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

### बीआईएस कंसल्टेंट भर्ती

ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड की ओर से वैकेंसी जारी की गई हैं। कंसल्टेंट के पदों पर भर्ती की जानी है। इस भर्ती की आवेदन प्रक्रिया 19 अप्रैल 2025 से शुरू हो चुकी है, जो 9 मई 2025 तक जारी रहेगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, इच्छुक कैंडीडेट्स अप्रेंटिसशिप वेबसाइट bis.gov.in के जरिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार की अधिकतम आयु 65 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को आयु सीमा में नियम अनुसार छूट मिल सकती है। अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट देखें।

### इंडियन एयरफोर्स अग्निवीर म्यूजिशियन भर्ती 2025

इंडियन एयरफोर्स द्वारा म्यूजिशियन के पद पर भर्ती जारी की गई है। आवेदन प्रक्रिया 11 मई 2025 को समाप्त हो जाएगी। इच्छुक कैंडीडेट्स ऑफ़िशियल वेबसाइट agnipathvayu.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। योग्य कैंडीडेट्स का चुनाव रैली भर्ती के माध्यम से किया जाएगा, जिसकी डेट 10 से 18 जून 2025 तय की गई है। अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल वेबसाइट देखें।

### चिकित्सा अधिकारी के 400 पद रिक्त

तीनों सेनाओं के चिकित्सालयों में चिकित्सा अधिकारी के 400 पदों पर भर्तियां होंगी। ये नियुक्ति सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा महानिदेशालय के जरिए की जाएगी। इसके लिए सैन्य अस्पताल अनुसंधान और रेफरल, दिल्ली कैंट में 19 जून 2025 को साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मई 2025 है।

## अभ्यास

**1. निम्न में से किसे हाल ही में दानिश सिद्दीकी जर्नलिज्म अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है?**
(क) विजय रावत
(ख) शिवांगी जोशी
(ग) अनिकेत ठाकुर
(घ) वैष्णवी राठौर
**(घ) वैष्णवी राठौर**

**2.मोहम्मद मुइज्जू किस देश के राष्ट्रपति हैं जिन्होंने सबसे लंबी प्रेस कांफ्रेंस करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है?**
(क) मालदीव
(ख) सोमालिया
(ग) ईरान
(घ) कतर
**(क) मालदीव**

**3 निम्न में से किस राज्य में भारत का पहला AI बेस्ड डेटा पार्क बनाया जाएगा?**
(क) मध्य प्रदेश
(ख) बिहार
(ग) उत्तराखंड
(घ) छत्तीसगढ़
**(घ) छत्तीसगढ़**

**4.निम्न में से कौन जहाज़ों के लिए समर्पित नीति पेश करने वाला पहला राज्य बन गया है?**
(क) मध्य प्रदेश
(ख) महाराष्ट्र
(ग) बिहार
(घ) केरल
**(क) मध्य प्रदेश**

**5. निम्न में से किस राज्य में दुनिया के पहले ऊर्जा संचरण उद्यान का उद्घाटन किया गया है?**
(क) तेलंगाना
(ख) बिहार
(ग) मध्य प्रदेश
(घ) गोवा
**(क) तेलंगाना**

# डिस्टेंस एजुकेशन के फायदे-नुकसान



शिक्षा प्रणाली की एक ऐसी अवधारणा जिसने पिछले कुछ वर्षों में खूब लोकप्रियता बटोरी है, वो है डिस्टेंस एजुकेशन (Distance Education)। इस व्यवस्था के कारण देश की वो आबादी, जो परिसर-आधारित या पूर्णकालिक पाठ्यक्रमों में भाग लेने में असमर्थ हैं। उन्होंने अपने शिक्षित होने की अकांक्षाओं को पूरा किया है। लेकिन किसी भी अन्य शिक्षा कार्यक्रम की तरह, डिस्टेंस एजुकेशन में कई फायदों के साथ कमियां भी हैं। यहां हम आपको उन्हीं फायदे और कमियों के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बाद आप तय कर सकते हैं कि यह आपके लिए सही कार्यक्रम है या नहीं।

**डिस्टेंस एजुकेशन के फायदे- आसान और सहूलियत भरी प्रैक्टिस** - डिस्टेंस एजुकेशन में छात्र कंप्यूटर और इंटरनेट के माध्यम से किसी भी जगह से अपने मनचाहे कोर्स को पूरा कर सकते हैं। डिस्टेंस एजुकेशन के लिए नामांकन करने वालों में एक बड़ा हिस्सा नौकरीपेशा आबादी का है। इस शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत ऐसे छात्रों को अपने नौकरी या व्यवसाय से समझौता किए बगैर सहूलियत के साथ पढ़ाई का समय मिल जाता है। इसके अलावा स्टडी मटेरियल भी ऑनलाइन ही मिल जाते हैं।

**कहीं आना-जाना नहीं होगा**

जैसा कि हम जानते हैं, डिस्टेंस एजुकेशन ऑनलाइन आधारित होती है, जिससे छात्र घरों मे बैठकर आराम से पढ़ सकते हैं और असाइनमेंट पूरा कर सकते हैं। अधिकांश संस्थान जो डिस्टेंस एजुकेशन कार्यक्रम कराते हैं, वो अपने छात्रों को स्टडी मटेरियल या ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लेक्चर और ट्यूटोरियल उपलब्ध कराते हैं। यह व्यवस्था छात्रों को क्लास रुम से सीधे उनके लिविंग रूम के सोफे, बेडरूम या बगीचे में बैठ कर आराम से अपने पाठ्यक्रम को सीखने की सुविधा देती है।

**डिस्टेंस एजुकेशन की कमियां - सामाजिक संपर्क का अभाव**

एक संस्थान में सीखने से छात्रों को व्यक्तिगत स्तर पर अलग-अलग तरह के लोगों से मिलने और बातचीत करने का मौका मिलता है। डिस्टेंस एजुकेशन केवल छात्रों को ऑनलाइन आधारित कक्षाओं और शिक्षण सामग्री तक सीमित करती है। हालांकि छात्र चैट रूम, डिस्कशन बोर्ड, ईमेल और/या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से बातचीत कर सकते हैं। लेकिन इस अनुभव की तुलना संस्थान में जाकर पढ़ाई करने से नहीं की जा सकती।

**ध्यान भटकने की आशंका**

डिस्टेंस एजुकेशन उन छात्रों के लिए एक अच्छा विकल्प नहीं हो सकता है जो चीजों को टालते रहते हैं या जो अपने लिए समय सीमा का निर्धारण नहीं कर पाते हैं।

ऑनलाइन आधारित होने के कारण डिस्टेंस एजुकेशन किसी भी छात्र को सक्रिय रहने के लिए बाध्य नही कर सकती है।

जिसके कारण प्रशिक्षक और अन्य छात्रों के साथ आमने-सामने बातचीत नही होती है या बहुत ही कम होती हैं।

जिससे ऑनलाइन कार्यक्रम में नामांकित छात्रों के लिए अपने पाठ्यक्रम कार्य और असाइनमेंट पर नज़र रखना मुश्किल हो जाता है और कई बार कुछ छात्र समय पर कोर्स की डिग्री पूरी करने से चूक जाते हैं।

# मई महीने की छुट्टियों का पूरा शेड्यूल




मई का महीना आते ही छात्रों के चेहरे पर खुशियां दिखने लगी हैं, क्योंकि उन्हें अब छुट्टियां मनाने का पूरा मौका मिलेगा। एग्जाम खत्म होने के साथ कई जगहों पर समर वेकेशन की शुरुआत हो रही है। इस महीने छात्रों को न केवल गर्मी की छुट्टियों का आनंद मिलेगा, बल्कि कई खास अवसरों पर भी शिक्षा संस्थानों में छुट्टियां होने वाली हैं। यहां हम मई महीने की छुट्टियों का पूरा शेड्यूल लेकर आए हैं, जिससे स्टूडेंट्स अपने छुट्टी के दिन आसानी से प्लान कर सकेंगे।

**इन तारीखों पर स्कूलों में छुट्टी या विशेष आयोजन संभव**

8 मई, 2025 को रवींद्रनाथ टैगोर जयंती है। इस दिन पश्चिम बंगाल के कुछ स्कूलों में अवकाश घोषित किया जा सकता है या फिर छात्र-छात्राओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें टैगोर की रचनाओं और योगदान को याद किया जाएगा। वहीं, 9 मई, 2025 को महाराणा प्रताप जयंती है। इस मौके पर खासकर राजस्थान में कुछ स्कूलों में छुट्टी रह सकती है या फिर नियमित कक्षाओं के स्थान पर वीरता और इतिहास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। कई अन्य राज्यों में भी इस दिन सांस्कृतिक आयोजन देखने को मिल सकते हैं।

**जानिए स्कूलों में कब-कब रह सकती है छुट्टी**

मई महीने में कुछ महत्वपूर्ण जयंतियां भी हैं, जिनके अवसर पर अलग-अलग राज्यों में स्कूलों में छुट्टी की संभावना रहती है।

**12 मई 2025- बुद्ध पूर्णिमा-** यह दिन एक प्रमुख धार्मिक पर्व है, खासकर बौद्ध धर्म मानने वालों के लिए। इस दिन कई राज्यों में स्कूल बंद रह सकते हैं।

**24 मई 2025- काजी नजरुल इस्लाम जयंती-** पश्चिम बंगाल में इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और छुट्टी की संभावना होती है।

**30 मई 2025-** श्री गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस- पंजाब और कुछ अन्य जगहों पर इस दिन स्कूलों में अवकाश हो सकता है।

# क्या है अनक्लेम्ड डिपाजिट? कितने समय तक इनएक्टिव रहने पर अनक्लेम्ड हो जाती है रकम



जब कोई बचत या चालू खाता 10 साल से ज़्यादा समय तक निष्क्रिय रहता है या किसी सावधि जमा पर उसकी परिपक्वता तिथि के 10 साल के भीतर दावा नहीं किया जाता है तो उस राशि को अदावा जमा माना जाता है। ऐसी राशि बैंकों द्वारा जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष में स्थानांतरित कर दी जाती है, जिसका रखरखाव भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किया जाता है। वर्ष 2023 में आरबीआई ने हर जिले में शीर्ष 100 अदावा जमाराशियों को संबोधित करने के लिए 100 दिन 100 भुगतान पहल शुरू की थी।

**बैंकों में बिना दावे वाली जमाराशि क्या होती है?**

बैंक हर साल निष्क्रिय खातों की समीक्षा करते हैं ताकि दावा न किए गए जमा रकम की पहचान की जा सके। अगर किसी खाते में 10 साल तक कोई जमा या निकासी या ट्रांज़ैक्शन नहीं हुई है तो उसे दावा न किए गए जमा के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। बैंक इन निधियों को अपने रिकॉर्ड में रखते हैं और मालिकों को खोजने की कोशिश करते हैं। अगर कोई आगे नहीं आता है तो ये राशि RBI द्वारा प्रबंधित जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष में स्थानांतरित कर दी जाती है।

**बिना दावे वाली जमाराशियों पर RBI के दिशा-निर्देश**

RBI ने बिना दावे वाली जमाराशियों के बारे में बैंकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसने उनसे उन खातों की सालाना समीक्षा करने को कहा है, जिनमें एक साल से ज़्यादा समय से कोई लेन-देन नहीं हुआ है। टर्म डिपॉजिट के बारे में RBI ने कहा कि अगर इसके नवीनीकरण का कोई आदेश नहीं है तो बैंक को यह जांच करनी चाहिए कि क्या ग्राहक ने मैच्योरिटी के बाद आय वापस ले ली है या उसे बचत या चालू खाते में स्थानांतरित कर दिया है।अगर किसी खाते या जमाराशि का एक साल तक इस्तेमाल नहीं किया गया है तो बैंकों को खाताधारकों या जमाराशि धारकों को सचेत करना चाहिए। यह सचेतन ईमेल, पत्र या स्म्स के ज़रिए भेजा जा सकता है। संदेश में ग्राहक को यह सूचित किया जाना चाहिए कि अगर अगले 1 साल तक इसका इस्तेमाल नहीं किया जाता है तो खाता या जमाराशि निष्क्रिय मानी जाएगी। उसके बाद इसे फिर से सक्रिय करने के लिए नए सिरे से KYC दस्तावेज़ जमा करने होंगे। व्यक्ति अपनी दावा न की गई जमाराशि या संपत्ति का पता कैसे लगा सकते हैं और उसका दावा कैसे कर सकते हैं? किसी भी व्यक्ति के पास दावा न की गई जमाराशि होने पर उसे पहले अपने वित्तीय रिकॉर्ड से पुराने बैंक खातों/सावधि जमाराशि आदि के बारे में ठीक तरह से जांच करनी होगी। वे उन बैंकों की व्यक्तिगत वेबसाइटों पर भी जा सकते हैं जिन्हें RBI द्वारा उनके बैंक में दावा न की गई जमाराशि धारकों का विवरण प्रस्तुत करने के लिए अनिवार्य किया गया है। भारत भर के सभी बैंकों के पास दावा न की गई जमाराशि का कोई केंद्रीकृत डेटाबेस नहीं होता है। हालाँकि, कोई व्यक्ति RBI द्वारा अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन करके अपने बैंक से ऐसी राशि का दावा कर सकता है।

दावा न किए गए डिपॉज़िट का दावा कैसे करें?

दावा न किए गए डिपॉज़िट का दावा करने के लिए आपको निम्नलिखित चरणों का पालन करना होगा-

- उस बैंक में जाएँ जहाँ खाता या डिपॉज़िट मौजूद है।
- अपने और खाते के बारे में सभी प्रासंगिक विवरणों के साथ दावा फ़ॉर्म भरें।
- यदि आप कानूनी उत्तराधिकारी हैं तो आपको खाताधारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की एक प्रति भी जमा करनी होगी।
- बैंक आपके आवेदन की पुष्टि करने के बाद धनराशि जारी कर देगा।

## बीमा कवर खरीदना कितना अहम

एडमिशन सीजन शुरू हो चुका है। भारत के 2.5-3 लाख स्टूडेंट्स ने अपने बैग पैक कर लिए हैं और हायर एजुकेशन के लिए विदेशी यूनिवर्सिटीज में जाने को तैयार हैं। विदेश में पढ़ाई के लिए जिस तरह से फंड्स जुटाना और बाकी तैयारियां जरूरी हैं, उसी तरह से बीमा कवर खरीदना भी अहम है। यूएस और ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटी में पढ़ने जा रहे स्टूडेंट्स के लिए इंश्योरेंस लेना अनिवार्य है। अगर देश या यूनिवर्सिटी इंश्योरेंस के लिए नहीं भी कहते हैं, तब भी बीमा कवर लेना चाहिए, क्योंकि डिवेलप्ड देशों में मेडिकल कॉस्ट और हेल्थकेयर खर्च भारत के मुकाबले कहीं ज्यादा है। मिसाल के तौर पर, एक सामान्य डॉक्टर की कंसल्टेशन फीस भारत में 150-300 रुपए होती है। विदेश में यही 250-300 डॉलर पड़ती है। अमेरिका में भले ही हॉस्पिटल्स एक स्टैंडर्ड टैरिफ स्ट्रक्चर इस्तेमाल करते हैं, तब भी भारतीय स्टूडेंट्स के लिए यह काफी महंगा साबित होता है। स्टेनफोर्ड, हार्वर्ड और एनवाईयू जैसी कई यूनिवर्सिटीज इंश्योरेंस पर जोर देती हैं। यह उनके यहां एडमिशन पेपरवर्क का हिस्सा है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के ट्रैवल इंश्योरेंस के हेड विक्रमजीत सिंह के मुताबिक, 'हर यूनिवर्सिटी की अपनी जरूरतें होती हैं। इनका ब्योरा यूनिवर्सिटी के वेवर फॉर्म में दिया जाता है। इंश्योरेंस कंपनियां इस फॉर्म को भरने के लिए कहती हैं।' भारत में कई बीमा कंपनियां यूनिवर्सिटी की जरूरत के हिसाब से ओवरसीज स्टूडेंट इंश्योरेंस पॉलिसीज ऑफर करती हैं।

# एजुकेशन लोन और उसके प्रकार

आज के समय में एजुकेशन का महत्व बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जरूरी हो गया है कि समाज का हर व्यक्ति एजुकेटेड हो। लेकिन एक सच यह भी है कि आजकल एजुकेशन पर होने वाला खर्च भी काफी बढ़ गया है ऐसे में उन परिवारों जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है, कई बार उनके बच्चों की एजुकेशन पूरी नहीं हो पाती है। ऐसी स्थिति में एजुकेशन लोन बहुत काम आ सकता है और लोग अपनी पढ़ाई पूरी कर अपने सपने को साकार कर सकते हैं। कई बार हायर एजुकेशन के लिए स्टूडेंट्स को विदेश जाना पड़ता है, ऐसी स्थिति में एजुकेशन लोन उनके लिए काफी मददगार साबित होता है। बैंकों के अलावा कुछ फाइनैंशल कंपनियां भी एजुकेशन लोन की सुविधा उपलब्ध कराती हैं। हालांकि अलग-अलग संस्थाओं में एजुकेशन लोन के लिए अलग-अलग शर्ते लागू होती हैं, इसलिए लोन से पहले उनके बारे में जानकारी करना आवश्यक होता है।

**एजुकेशन लोन के प्रकार**

**1. अंडरग्रेजुएट एजुकेशन लोन:** हायर सेकंडरी एजुकेशन पूरा करने के बाद ग्रैजुएशन करने के इच्छुक स्टूडेंट्स इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं।

**3. करियर एजुकेशन लोन:** इस तरह के एजुकेशन लोन स्टूडेंट्स को करियर ओरिएंटेड एजुकेशन प्रोग्राम के लिए मिलते हैं।

**4. पैरेंट्स के लिए लोन:** ऐसे पैरेंट्स जो अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च नहीं उठा पा रहे हैं, वे अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए इस लोन के तहत अप्लाई कर सकते हैं।

**2. ग्रैजुएट एजुकेशन लोन:** हायर एजुकेशन के लिए स्टूडेंट्स इस लोन के लिए अप्लाई कर सकते हैं लेकिन इसके लिए उनका ग्रैजुएट होना जरूरी है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 7 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ वैशाख मासोमते शुक्ल पक्षे दशमी तिथौ बुध वासरे 10/21/ पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रे 18/17/ व्याघात योग 25/05/ गर करणे 10/21/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं.24मि.58पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारंभ घं.24मि.48से। टैगोर जयंती।

**मेष-** यात्राओं से लाभ होगा होगा। बिगड़े कामों में प्रगति होगी। कार्यों में सुचारुता रहेगी। कार्यों में जाशंकार्ट रहेगी।

**वृष-** श्रेष्ठ जनों का सहयोग रहेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी । मित्रों का सहयोग रहेगा। घरेलू सुख उत्तम रहेगा।

**मिथुन-** स्वास्थ्य नरम रहेगा। आकस्मिक व्यय होगा। कार्य बंधन से मन में खिन्नता रहेगी। वाद-विवाद व आरोप का का भय होगा।

**कर्क-** रुके धन की शप्ति होगी। कारोबारी प्रगति होगी। स्वजन हित पीड़ा देंगे। निजी कार्यों में प्रगति होगी। प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह-**रचनात्मक प्रवृत्ति बढ़ेगी । अधीनस्थों से उपेक्षा थों से उपेक्षा मिलेगी। वाणिज्यिक कार्यों पर व्यय बढ़ेगा बढ़ेगा। आस्था बढ़ेगी।

**कन्या-** कार्य अपूर्ण रहेंगे। कामना पूर्ति में गयाएँ आएंगी वाद-विवाद टालें। स्वजन स्वास्थ्य चिंता रहेगी। आएंगी । व्यय बढ़ेगा।

**तुला-** नयी योजनामों में प्रगति होगी। मित्राघात का भय रहेगा। संतति चिंता रहेगी। शुभ समाचारों के होगी। की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक-** उच्च वर्गीय सहयोग मिलेगा । घरेलू कामों में व्यस्त रहेंगे। परिश्रम का पूर्ण लाभ मिलेगा। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा।

**धनु-**आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। निजी प्रेम में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन का लाभ होगा।

**मकर-** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कुंभ-**निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन-** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

# मड़हे पर आकाशीय बिजली गिरने से किसान दंपति की मौत

**कार्यालय ब्यूरो मऊ।** रतनपुरा प्रखंड के दक्षिणांचल स्थित तमसा तटवर्ती ग्राम पंचायत ठैचा का रेता पुरवा एक ऐसा मजरा है, जो नदी के उस पार पड़ता है। मऊ जनपद का यह भूभाग गाजीपुर की सीमा से सटा हुआ है। सीमांकन ऐसे हुआ कि इस पार मऊ जनपद तो उस पार गाजीपुर जनपद अवस्थित है। परंतु रेता का पुरवा उस पार पड़ता है। ग्रामीणों को पीपा का पुल पार करके उस पार जाना पड़ता है। इसी रेता के पूरवा में बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। और दो लोग काल के गाल में समा गए। बताया जाता है कि ढैचा ग्राम पंचायत के रेता पुरवा निवासी कंता राजभर 62 वर्ष तथा उनकी पत्नी श्रीमती बालकेशिया देवी 60 वर्ष तरबूज की खेती करते हैं। घर से तकरीबन 500 मीटर की दूरी पर इनका सात मंडा खेत है। जिसमें इस दंपति ने तरबूज की खेती कर रखी थी । रात्रि में खाना खाने के बाद यह दोनों घर से अपने खेत स्थित मड़हे में रहकर रखवाली करते थे। सोमवार की रात्रि 10÷00 बजे के लगभग बिजली के कड़कने की आवाज के साथ बारिश शुरू हो गई, और तेज धमाके के साथ राजभर दंपति के खेत में स्थित मड़हे पर बिजली गिर पड़ी। अंदर सो रहे कंता राजभर और उनकी धर्मपत्नी बालकेशिया देवी तत्क्षण काल के गाल में समा गए । यही नहीं जैसे ही इनके मड़हे पर बिजली गिरी। इन दोनों की तत्काल दर्दनाक मौत हो गई, तो दूसरी तरफ मड़हे में भी आग लग गई ,और मरने के बाद दोनों झुलस गए। मंगलवार की प्रातः जब यह दंपति घर नहीं पहुंचा, तो सबसे छोटी बिटिया इनको तलाशते हुए खेत में पहुंची ,और वहां जले हुए मड़हे और उनकी जली हुई लाश देखकर के वह सदमे में आ गई। आसपास के लोग रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर के मौके पर पहुंच गए, और स्थिति की जब जानकारी हुई तो पूरे गांव में यह समाचार जंगल के आग की तरफ फैल गया। ग्राम प्रधान सुभाष राजभर ने घटना की जानकारी हलधरपुर पुलिस, राजस्व निरीक्षक राजेश राज तथा लेखपाल अश्वनी कुमार यादव को दी। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर के उसे अंत्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। इस हादसे की सूचना जब भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य को मिली तो वे तत्काल पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर के परिजनों को ढांढस बढ़ाया, और प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की आश्वासन दिया।

## कूड़े के ढ़ेर से निकली चिंगारी, चार गुमटी जली

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** रामपुर थाना क्षेत्र के बेलौली चट्टी पर सोमवार की देर रात्रि कूड़े के ढ़ेर से निकली चिंगारी ने चार गुमटियों को अपने आगोश में ले लिया और देखते ही देखते चारों तरफ गुमटिया धू धू कर जलने लगी कुछ ही पल में गुमटियो में रखा लाखो रुपया का सामान जल कर राख के ढ़ेर में तब्दील हो गया। जानकारी के अनुसार बेलौली निवासी लालमोहन,छोटू व काठतराव निवासी शिवप्रसाद फल की गुमटी डालकर अपने परिवार का भरणपोषण करते थे इनके ही बगल में बेलौली निवासी मकबूल एक गुमटी में अपना सैलून डालकर परिवार गुजर बसर करता था चारों गुमटियों के पिछे कुछ लोग एक कुँए में कूड़े कचड़े का ढ़ेर जमा कर उस मे आग लगा दिये। देर रात गये कूड़े कचड़े के ढ़ेर से निकली चिंगारी ने एक एक कर चारों गुमटियों को अपने आगोश में लेलिया और देखते ही देखते चारों गुमटिया धू धू कर जलने लगी। मौके पर पहुंचे ग्रामीण एवं फायरब्रिगेड जब तक कुछ कर पाते तब तक चारों गुमटिया और उसमे रखा लाखों रुपये का सामान जल कर राख के ढ़ेर में तब्दील होगया।

# अंडरपास में बरसात का पानी जमा होने से आवागमन बाधित



**स्वतंत्रभारत मऊ।** रेलवे द्वारा बनाए गए अंडरपास में बरसात का पानी जमा होने से लगभग दो दर्जन ग्राम पंचायत के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे द्वारा इंदारा फेफना रेल मार्ग पर करऊत ग्राम पंचायत एवं गुलौरी ग्राम पंचायत के धर्मागतपुर पुरवे के पास अंडर पास बनाया गया है इस अंडरपास के माध्यम से लगभग दो दर्जन ग्राम पंचायतों के लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। हजारों लोग आवागमन करते हैं, परंतु जल निकासी की व्यवस्था के अभाव में अंडरपास लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बने हुए हैं। क्योंकि बरसात के समय इनमें पानी जमा हो जाता है, और लोगों का आवागमन दुष्कर हो जाता है । वह जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार कर आवागमन करते हैं, ऐसे में लोगों ने इन दोनों अंडरपास से जल निकासी की समुचित व्यवस्था किए जाने का आग्रह रेलवे प्रशासन से किया है, ताकि बरसात का पानी इनमें जमा ना हो, और लोग सुगमता से आवागमन कर सकें। क्षेत्र के अतुल कुमार सिंह, प्रमोद कुमार यादव, बिजेंद्र यादव , संजय कुमार सिंह, रमाकांत, मुन्ना यादव ,विनोद कुमार, शिवनाथ यादव ,अमलेश कुमार, आदि लोगों ने इस संबंध में रेलवे प्रशासन से अविलंब प्रभावी एवं सुनिश्चित कार्रवाई की आवाज उठाई है ।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशुपालक की मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जनपद के हलधरपुर क्षेत्र के रतनपुरा सेहबरपुर गांव में सोमवार की शाम लगभग 5÷30 बजे भैंस चराते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चरवाहे की मौत हो गई। बताया जाता है कि रतनपुरा प्रखंड के सेहबरपुर ग्राम पंचायत निवासी लालचंद राजभर 50 वर्ष पुत्र खुरचंद राजभर सोमवार की शाम लगभग 5÷30 बजे अपने गांव के बगल के खेत में ही भैंस चरा रहे थे, तभी आकाशीय बिजली की चमक के साथ बारिश शुरू हो गई और तड़तड़ाहट के साथ बिजली जमीन पर आ गिरी तभी भैंस चरा रहे लालचंद आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही लालचंद राजभर की दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही इस घटना की सूचना ग्रामीणों को मिली तो बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए। अचानक इस घटना को सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। गांव के पूर्व प्रधान देव शंकर पांडेय ने इस हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची। मौत तो मौके पर ही हो गई थी। लेकिन परिजनों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा ले आए ,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। इस घटना से संपूर्ण गांव में मातम का माहौल है।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति की मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मऊ कोतवाली थाना क्षेत्र के भुजौटी ऑफीसर कॉलोनी डीएम आवास के सामने बेकाबू अज्ञात ट्रक ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दिया। जिसमें दंपति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि शकील अहमद पुत्र सिराज अहमद 55 वर्ष निवासी जुम्मनपुरा थाना कोपागंज अपनी पत्नी रजिया खातून 50 वर्ष के साथ स्कूटी पर सवार होकर मऊ शहर के फातिमा अस्पताल में मरीज से मिलने के लिए आए हुए थे। सोमवार की देर रात लगभग 11÷00 बजे दोनों पति-पत्नी स्कूटी पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे जैसे ही कोतवाली थाना क्षेत्र के भुजौटी ऑफिसर कॉलोनी डीएम आवास के सामने पहुंचेगी खेती मऊ की तरफ आ रही एक अनियंत्रित बेकाबू अज्ञात ट्रक ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। जिसमें दंपति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और मामले की जांच पड़ताल में जीत गई।

## खबर एक नजर

### अधिवक्ता संगठन की बैठक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन क्या अधिवक्ताओं की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को अधिवक्ता सभागार में संपन्न हुई बैठक में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष फिरोज अहमद एवं महामंत्री उमाशंकर यादव ने बताया कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि तहसील मधुबन में चल रहे आंदोलन को देखते हुए उनके समर्थन में आज समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे जिसके कारण आज सभी अधिवक्ताओं ने अपने कामकाज को ठप रखा बैठक में विजय कुमार एडवोकेट संजय शर्मा आफताब अहमद आरसी आलम पवन श्रीवास्तव संतोष कुमार सुधीर श्रीवास्तव आदि समस्त अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा का होगा आयोजन

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** नगर पंचायत के पिपरा उसुरी में काली माता मंदिर पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन आगामी 10 मई से 16 मई तक आयोजित होगा। श्रीनाथ धाम आश्रम मथुरा वृंदावन के कथाव्यास डॉ नारायण तिवारी द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का वाचन होगा। आयोजक जयप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि आगामी 10 मई को सुबह 7 बजे कलश यात्रा व पंचांग पूजन कार्यक्रम होगा तथा 17 मई को हवन एवं भण्डारा का कार्यक्रम शाम को होगा।

### बैंक प्रबंधक ने कार्यभार संभाला

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया बैंक शाखा मधुबन के नए शाखा प्रबंधक रितेश कुमार ने कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने बताया कि वह बैंक की योजनाओं को जनता के बीच प्रसारित करेंगे। बैंक प्रबंधक ने कहा कि सरकार और बैंक की योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को लाभ मिले इसके लिए वह लगातार प्रयास करते रहेंगे। बैंकिंग सेवाओं में सुधार के लिए वह ग्राहकों से संपर्क करके बेहतर सेवाएं देने का प्रयास करेंगे।

### जिलाधिकारी ने तहसील सदर का किया निरीक्षण

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए की तहसील स्तर पर जितनी भी शिकायतें आती हैं उसका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें एवं जो भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर आता है उसकी समस्याओं को सुने एवं यथाशीघ्र उसका निस्तारण कराए। उन्होंने तहसील में कागजातों का रख रखाव ठीक ढंग से करने एवं तहसील में साफ सफाई का विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा न्यायालय वार 5 वर्ष से अधिक लंबित वादों के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी ली एवं पाया गया कि उप जिलाधिकारी सदर के यहां 87 वाद लंबित है, उप जिलाधिकारी न्यायिक सदर के यहां 135 वाद लंबित, तहसीलदार सदर के यहां 84 वाद लंबित, तहसीलदार न्यायिक के यहां 74 वाद लंबित, नायब तहसीलदार के यहां 31 वाद लंबित, नायब तहसीलदार न्यायिक सदर के यहां 03 वाद लंबित पाए गए। इस तरह कुल 5 वर्ष से अधिक लंबित वादों की संख्या 414 पाई गई। जिलाधिकारी ने 5 वर्ष से अधिक लंबित वादों के जल्द से जल्द निस्तारण के सख्त निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार न्यायिक सदर के यहां कुल 1371 वाद लंबित एवं तहसीलदार के यहां 1293 वाद लंबित पाए गए इसके निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने अपर उप जिलाधिकारी सदर को भी 5 वर्ष से अधिक लंबित वादों के निस्तारण के निर्देश दिए।

### अपर आयुक्त राज्य कर ने व्यापारिक संगठनों की वार्ता

**स्वतंत्र भारत मऊ।** अपर आयुक्त राज्य कर वाराणसी जोन-द्वितीय वाराणसी मिथिलेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता जनपद-मऊ के व्यापारिक संगठनों, व्यापारियों एवं उद्यमियों तथा टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत वार्ता की गई। वार्ता के दौरान व्यापारियों की समस्याओं का अनुश्रवण किया गया । टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के द्वारा जी0एस0टी0 अधिनियम के अन्तर्गत आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया गया। इसी प्रकार व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा जी0एस0टी0आर-1 की अवधि की तिथि बढ़ाने के लिए तथा व्यापारी दुर्घटना बिमा योजना की धनराशि को रू0 10 लाख से बढ़ाकर और अधिक किये जाने सम्बन्धी ज्ञापन दिया गया। मौके पर उपस्थित अधिवक्ताओं एवं व्यापारियों को माननीय मुख्यमंत्री जी के विजन को पूर्ण करने के लिए अधिक-से-अधिक संख्या में व्यापारियों को पंजीयन लेने हेतु तथा शत-प्रतिशत पंजीकृत व्यापारियों के द्वारा समय से नियमानुसार टैक्स एवं जी0एस0टी0 के रिटर्न दाखिल करने हेतु अवगत कराया गया। अपर आयुक्त द्वारा समस्त व्यापारियों को आश्वस्त किया गया कि जी0एस0टी0 के रिटर्न फाइल करने में यदि कोई असुविधा हो रही हो तो परदहाँ मिल रोड स्थित जी0एस0टी0 कार्यालय में सम्पर्क कर अपना रिटर्न दाखिल फाइल करा सकते हैं। बैठक में संयुक्त आयुक्त वि0अनु0शा0 राज्य कर आजमगढ़ नीलेश कुमार सिंह, उपायुक्त अवनीश कुमार चौधरी, समस्त सहायक आयुक्त, टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश सिंह, महामंत्री शिवाजी सिंह तथा व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी उमाशंकर ओमर, भवानी शंकर थरड, बालकृष्ण थरड, राकेश तिवारी, आजाद यादव, वीरभद्र सिंह, कौशल कुमार राय सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

### फिरदौस खान ने जिला का नाम रोशन किया

**स्वतन्त्र भारत** मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)। नगर के भट्ठी मुहल्ला की होनहार बेटी फिरदौस खान ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर जनपद का नाम रोशन किया है। फिरदौस खान को भारत सरकार के रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) में संयुक्त निदेशक (एसएंडटी/सेंटर ऑफ एक्सीलेंस/कवच) के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। उनकी यह उपलब्धि जनपद सहित प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। फिरदौस खान केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, मुहम्मदाबाद के अध्यक्ष मोहम्मद तन्हाई खान की पुत्री हैं। उन्होंने गाजीपुर के सेंट जॉन्स स्कूल से दसवीं तक की पढ़ाई पूरी की और इसके बाद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से इंटरमीडिएट और बीटेक (इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स) की डिग्री हासिल की। फिरदौस ने 2013 में गेट (व्रज्ञश्च) परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 31 प्राप्त कर आईआईटी मुंबई में एमटेक में प्रवेश लिया, लेकिन इसी दौरान देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों से नौकरी के प्रस्ताव भी मिले। उन्होंने एचपीसीएल, मुंबई में एक वर्ष तक कार्य किया और इसके बाद 2014 में यूपीएससी आईईएस परीक्षा में ऑल इंडिया थर्ड रैंक हासिल कर देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# बच्चों के चारित्रिक विकास में सहायक होगी रामायण अभिरुचि कार्यशाला

**स्वतंत्र भारत मऊ।** संस्कृति विभाग से संचालित अंतर्राष्ट्रीय रामायण और वैदिक शोध संस्थान अयोध्या के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय कइयाँ में रामायण अभिरुचि कार्यशाला का आयोजन 6 मई से 15 मई तक किया जाएगा। इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के छात्र रामलीला मंचन, वेद गान व वेद सामान्य ज्ञान, रामचरितमानस गान, रामायण चित्रकला,रामायण मुख सज्जा, हैण्ड प्राब्स, मुखौटा निर्माण, रामायण क्ले मॉडलिंग आदि के गुर सीखेंगे और 15 मई को रामलीला का मंचन करेंगे। कार्यशाला का वर्चुअली शुभारम्भ करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि ग्रीष्मकालीन रामायण अभिरुचि कार्यशाला से स्कूलों के बच्चों में अपने संस्कृति के संस्कार पिरोने और कला के प्रति रुचि विकसित करने में सहयोग प्राप्त होगा। इसमें स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का चारित्रिक विकास हो सकेगा और वह मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों व जीवन चरित्र से परिचित हो सकेंगे। आज के कार्यशाला का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी रतनपुरा अरविन्द कुनार ने दीप प्रज्वलन के साथ करते हुए सकुशल सम्पन्न होने की शुभकामनाएँ विद्यालय परिवार को दिया। कार्यशाला के जनपदीय संयोजक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय मानस विद्वानों व मर्मज्ञों का उद्बोधन भी कार्यशाला में समय-समय पर होता रहेगा। कार्यशाला के उपरांत बच्चों और प्रशिक्षकों को अंतरराष्टीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान सम्मानित करेगा। प्रमुख रूप से सरिता सिंह, जयप्रकाश सिंह, राजेश कुमार, लालसा सिंह, अंजलि वर्मा, मीना यादव, रमेश कुमार उपस्थित रहे।

## पॉली और ग्रीन हाउस में बेमौसम सब्जियों और फूलों की खेती कर सकते है किसान

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी डॉ0 सीमा सिंह राणा ने अवगत कराया है कि पाली हाउस एवं ग्रीन हाउस 500 वर्ग0मी0 से 2500 वर्ग0मी0 तक के निर्माण के लिए उद्यान विभाग देगा 50 प्रतिशत तक का अनुदान। सरकार की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना किसानों की आय में बढ़ोतरी करेगी। उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। इस योजना के तहत किसानों को फूल और सब्जियों की उन्नत खेती के लिए तकनीकी सहायता के साथ-साथ अनुदान भी दिया जाएगा। इसका उद्देश्य बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहित कर कृषि आय में वृद्धि करना है। इस योजना के तहत किसानों को पॉली और ग्रीन हाउस निर्माण पर लागत का 50 प्रतिशत तक का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। इससे किसान अब बेमौसम सब्जियों और फूलों की खेती कर सकेंगे, जिससे बाजार में उनकी मांग बनी रहेगी और आय में वृद्धि होगी।

# मण्डलायुक्त वाराणसी ने ग़ाज़ीपुर पहुँचकर कलेक्ट्रट स्थित विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया



**स्वतंत्र भारत।** गाजीपुर मंडलायुक्त वाराणसी एस. राजलिंगम ने आज जनपद गाजीपुर भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, जिला सचिवालय, अभिलेख कक्ष (माल) का स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर उप जिलाधिकारी सदर न्यायालय कक्ष मे पुराने पेडिंग केसो को जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया तत्पश्चात जिला सचिवालय पहुचकर उन्होने जी सी लिपिक शम्भु कुमार से सबसे पुरानी विभागीय कार्यवाही तथा उनसे सम्बन्धित अनुपालन आख्या की जानकारी ली, अनुपालन आख्या प्रस्तुत न करने तथा कर्मचारियों के सर्विस बुक अद्यतन न पाये जाने पर स्पष्टिकरण का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होने विभिन्न पत्रावलियों को चेक किया जिसमे कुछ न कुछ कमिया पायी गयी। उन्होने निर्देश दिया कि कार्यालयीय कार्यों में इस प्रकार की उदासीनता व लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बार इस तरह की लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी को सभी पटलों के रजिस्टर अद्यतन करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे सभी आवश्यक रजिस्टरों, अभिलेखों एवं दस्तावेजों को अद्यतन रखें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन देना प्राथमिकता है, और यदि कोई कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह या उदासीन पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# अलविदा तनाव शिविर में मनाया गया अलौकिक जन्मोत्सव, झूमीं महिलाएं

**मुंगराबादशाहपुर जौनपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सिटी पब्लिक स्कूल में आयोजित अलविदा तनाव कार्यक्रम में आध्यात्मिकता और भक्ति का संगम देखने को मिला। शिविर में अलौकिक जन्म उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें दिव्यता और आनंद की झलक हर ओर दिखाई दी।प्रख्यात तनाव मुक्ति विशेषज्ञ ब्र.कु. पूनम बहन ने÷परमात्मा का÷ विषय पर जानकारी दी। मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह,सीओ प्रतिमा वर्मा, थाना प्रभारी दिलीप सिंह, पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद साहू, एसबीआई शाखा प्रबंधन निधि पटेल, अतुल त्रिपाठी, स्मिता भोजवाल व संजय जयसवाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। देवी देवताओं का स्वरूपों में सजे ब्रह्माकुमारियों में रजनी, ममता, ज्योति, खुशबू, बबीता, शोभा, प्रमिला, शुभम व रामपाल आदि ने लोगों के ऊपर पुष्प वर्षा कर परमात्मा के सुख, शांति व आनंद की अनुभूति कराई। शिविर में कृष्णा सिद्धि, राधा आयूषी, लक्ष्मी जया व नारायण भगवान अदिति गुप्ता के स्वरूपों में सजे प्रतिभागियों ने सतयुग के प्रथम राजकुमार-राजकुमारी, राधा और कृष्णा जो आगे चलकर लक्ष्मी नारायण बनें झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। बधाई हो बधाई हो शुभ दिन की बधाई हो... जन्मोत्सव गीत पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मेरी चाहत का मुझको सिला मिल गया, अब क्या मांगू तुझको खुदा मिल गया गीत पर महिलाओं ने जमकर झूमकर मधुर रास (नृत्य) किया। मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आत्मा परमात्मा का अंश है। मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार को आत्म लय कर देना ही योग है।

## सामूहिक विवाह में नौ जोड़ो ने लिया सात फेरा

**मुफ्तीगंज जौनपुर।** स्थानीय ब्लाक के मुर्तजाबाद गांव में मनीद्वीप एकेडमी फाउंडेशन द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में क्षेत्र के नव जोड़ो ने साथ फेरा लिया।आयोजक की तरफ से सभी नव विवाहित जोड़ों के लिए दस हजार रुपया तिलक मंगलसूत्र अंगूठी पायल मिना डबल बेड आलमारी डिनर सेट कूलर टी बी सहित शादी में देने वाले सभी उपहार दिया गया।कार्यक्रम के आयोजक प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी महेश चंद्र विश्वनाथ दुबे ने बताया की असहाय और बेसहारा लोगो की मदद करना बड़े ही सौभाग्य की बात होती है हमारी संस्था लगभग एक दशक से इस तरह का आयोजन करती रहती है आज मुर्तजाबाद में कुल नव जोड़ो को सामूहिक विवाह के तहत एक दूजे के हुए।शादी में नगदी सहित उपहार आदि देने में एक जोड़े के उपहार सहित अन्य कार्यक्रमों में कुल लगभग दो लाख इक्यावन हजार रुपए का खर्च आया है ऐसा पुनीत कार्य लिए जो अवसर मिला यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

# हथकरघा बुनकर संत कबीर राज्य पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**स्वतंत्र भारत मऊ।** सहायक आयुक्त उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित कर हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देनें के उद्देश्य से उ0प्र0सरकार द्वारा संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना वर्ष 2025-26 संचालित की जा रही है। बुनकरों को प्रोत्साहित करनें हेतु परिक्षेत्रीय जनपद- मऊ, आजमगढ़ बलिया, गाजीपुर के हथकरघा बुनकर को प्रथम पुरस्कार रू0 20000/- द्वितीय पुरस्कार रू0 15000/- एवं तृतीय पुरस्कार रू0 10000/- नगद एवं शील्ड, प्रमाण-पत्र तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। परिक्षेत्र स्तर पर चयन किये गये हथकरघा बुनकरों को राज्य स्तर पर चयन होनें पर प्रथम पुरस्कार रू0 100000/- द्वितीय पुरस्कार रू0 50000/- एवं तृतीय पुरस्कार रू0 25000/- नगद एवं शील्ड, प्रमाण-पत्र तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। हथकरघा पर बुनाई का कार्य कर रहे व्यक्तिगत बुनकर हथकरघा सहकारी समिति के सदस्य स्वयं सहायता समूह के सदस्य बुनकर द्वारा उनके उत्कृष्ट एवं कलात्मक नमूनें जैसे हथकरघा पर उत्पादित वस्त्र पूर्ण साईज में सम्पूर्ण विवरण जैसे वार्प, वेफ्ट, रंग, डिजाइन तथा उनका तकनीकी विवरण सहित सैम्पल आवेदन-पत्र सहायक आयुक्त, उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, निजामुद्दीनपुरा मऊ के कार्यालय में आनलाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 05 अगस्त 2025 तक जमा कर सकते है।

## सांसद प्रिया सरोज के सौजन्य से आयोजित हुआ कैंप

**गौराबादशाहपुर जौनपुर।** भारत सरकार के राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत परीक्षण कैंप का आयोजन मंगलवार को धर्मापुर ब्लाक के सेवईनाला स्थित मां कलावती इंटर कालेज में किया गया। मछलीशहर सांसद प्रिया सरोज के सौजन्य से आयोजित इस कैंप में धर्मापुर ब्लाक क्षेत्र के गांवों के वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजन को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर 52 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। कैंप में सामाजिक अधिकारिता एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार एलिम्को कानपुर के पुनर्वास विशेषज्ञ अमित कुमार ने बुजुर्गों और दिव्यांगजन की जांचकर रजिस्ट्रेशन किया। इस मौके पर धर्मापुर के खंड विकास अधिकारी कृष्णमोहन यादव, प्रधान नीरज यादव, घनश्याम जायसवाल, फौजी अनिल यादव, घनश्याम यादव, बड़ेलाल यादव, अखिलेश यादव, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की पहल से अमृता को मिला नया जीवन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी द्वारा अमृता प्रजापति 6 वर्ष पुत्री मदन प्रजापति एवं अनिता प्रजापति , निवासी नसीराबाद कला, ब्लॉक रतनपुरा, जनपद मऊ का जन्मजात बहरापन कॉक्लियर इंप्लांट का बी एच यू , वाराणसी में निःशुल्क ऑपरेशन होने के बाद परिवारजनों से बच्ची की स्थिति के बारे में जानकारी ली।शनिवार को डिस्चार्ज होकर घर लौटने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में बच्ची एवं उसके परिजन से भेंट कर बच्ची के ऑपरेशन के संबंध में एवं उसके वर्तमान स्थिति के संबंध में हाल चाल की जानकारी ली गई।जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त जन्मजात बहरेपन की शिकार बच्ची का प्रत्येक दशा में उपचार सुनिश्चित हो सके उस हेतु कटिबद्ध रहे।कार्यक्रम के दौरान उत्साह वर्धन हेतु बच्ची को उपहार दिया गए। साथ ही स्पीच थेरेपी के सम्बन्ध में जानकारी देकर प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी मऊ के सौजन्य से सी एस आर फंड द्वारा बी एच यू, वाराणसी में इस बच्ची का निःशुल्क ऑपरेशन होने पर परिवार के लोगों में खुशी का माहौल है, ऑपरेशन हेतु जिलाधिकारी महोदय के प्रति परिवार के लोगों ने मिलकर धन्यवाद दिया।

# आर्य बालिका इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**स्वतंत्रभारत मऊ।** आर्य बालिका इंटर कॉलेज में मेधावी हाई स्कूल व इंटर में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्राओं को कॉलेज कि प्रधानाध्यापिका स्मिता राय के द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं इस सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण के साथ हुआ। उसके बाद छात्राओ ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया और संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। हाई स्कूल में रश्मी राजपूत ने 86त्न लाकर प्रथम अंक द्वितीय लक्ष्मी मोदनवाल 83त्न और खुशी कन्नौजिया ने 80त्नलाकर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में इंटर में कॉलेज की छात्रा रीतु प्रथम निकिता साहनी द्वितीय और यासमीन तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कॉलेज कि प्रधानाध्यापिका स्मिता राय ने सभी छात्राओ को शील्ड, मेडल व प्रशस्ति पत्र के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं उपस्थित सभी लोगों ने मिठाई खिलाकर छात्राओ को बधाइयां दिया और उज्वल भविष्य कि कामना किया। कॉलेज के प्रबधक राम विलास राय ने कहा कि छात्राओ ने कॉलेज के साथ क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह के दौरान अंशु, अतिया महजबीन, सदनलाल श्रीवास्तव महादेव प्रसाद, गौरी राय, राजेश कुमार, संदीप चौहान, नूर हसन ने बधाइयां दिया।

## प्रेमिका बरात लेकर प्रेमी दूल्हे के घर पहुंची व्याह रचाने

**महराजगंज जौनपुर।** कहते हैं कि प्यार के आगे सब झुक जाते है।तीन माह पहले प्रेमिका के परिजन जब उसकी शादी किसी अन्य जगह तय किए तो वह शादी ठुकरा दी ऐसे में लड़की के परिजन भटौली गांव निवासी प्रेमी के साथ 5 मई को बरात लेकर उसके घर पहुँच गए।गाजे बाजे के साथ शादी हुई। तेज़ी बाजार थाना क्षेत्र के गोठवा गांव निवासी अजय गौतम की भड़सरा पिलकिच्छा थाना खुटहन गांव निवासी रिश्तेदारी की एक युवती शिवकुमारी पुत्री फूलचंद से प्रेम प्रपंच चल रहा था।किंतु युवती के परिजनों को जानकारी नहीं थी।ऐसे में युवती के पिता तीन माह पहले किसी अन्य जगह शादी तय किए किंतु युवती ने शादी ठुकरा दिया।पूछताछ के बाद परिजनों को जब पता चला तो प्रेमी अजय के घर शादी के लिए अड़ गए।परिजनों के मना करने के बाद भी प्रेमी उस युवती से शादी के लिए राजी हो गया।तय समय 5 मई को प्रेमिका अपने परिजनों के साथ डीजे रथ के साथ बरात लेकर प्रेमी के घर व्याह रचाने पहुँची।

# 4वीं डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का सफल आयोजन

**स्वतंत्र भारत मऊ।** डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, मऊ द्वारा आयोजित 4वीं डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2025 का आयोजन 4 मई को भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। जिले के विभिन्न विद्यालयों से कुल 164 प्रतिभागियों ने विभिन्न आयु वर्गों व इवेंट्स में भाग लिया।प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल, आर्टिस्टिक, रिदमिक व ग्रुप योगासन के अलावा इस बार पहली बार ट्रेडिशनल ग्रुप व न्यू ट्रेडिशनल इवेंट भी सम्मिलित किए गए। कार्यक्रम में वर्ल्ड योगासन महासचिव डॉ. जयदीप आर्य ने वर्चुअल माध्यम से शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथियों में ओमेंद्र सिंह, राघवेंद्र शर्मा, गिरम फातिमा, प्रतीक जायसवाल व कृष्णा खंडेलवाल सम्मिलित रहे।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालय÷सनबीम स्कूल, अमृत पब्लिक स्कूल, महर्षि दयानंद चिल्ड्रन स्कूल, लखनी, लिटिल फ्लावर ग्रुप ऑफ स्कूल्स, प्राथमिक विद्यालय सौसारवां व प्राथमिक विद्यालय कइयाँ आदि रहे। सब-जूनियर गर्ल्स÷में स्नेह-काजल प्रथम रही,जूनियर गर्ल्स÷में रंजू प्रजापति प्रथम व सीनियर गर्ल्स÷ में खुशबू प्रथम रही तो सब-जूनियर बालक÷ में पीयूष प्रथम जूनियर बालक÷ आयुष मौर्या प्रथम सीनियर बालक÷ विनीत प्रथम रहे। सीनियर अ पुरुष÷ नकुल यादव प्रथम सीनियर ब पुरुष÷ सुमित दुबे व सुनील मौर्य प्रथम सीनियर स महिला÷ सुमन राय प्रथम सीनियर ब महिला÷ में कविता चौधरी प्रथम रहे।अंडर-12, 16 व 20 वर्ग में लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल, निज़ामुद्दीन पूरा प्रथम न्यू ट्रेडिशनल (इंडिविजुअल)÷बालक÷ आशीष कुमार प्रथम,बालिका÷ अदिति मिश्रा व तृषा यादव प्रथम मैक्सिमम पार्टिसिपेंट्स अवार्ड÷प्रथम स्थान÷ अमृत पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान÷ लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल, निज़ामुद्दीन पूरा तृतीय स्थान÷ सनबीम स्कूल, मऊ रहा। प्रबंधन व तकनीकी संचालन÷ कंपीटिशन मैनेजर÷ प्रज्ञा नीरज सिंह,कंपीटिशन डायरेक्टर÷ कन्हैया बरनवाल, कंपीटिशन ऑब्ज़र्वर÷ नेहा श्योरान निर्णायक मंडल÷ मनु श्री गुप्ता, ऋषभ पांडेय, हर्ष राय, इंद्रजीत, ऋतु, आकांक्षा, दीक्षा वर्मा आदि रहे। डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव राजन वैदिक, उपाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष राजेश गोस्वामी सहित सभी पदाधिकारियों ने विद्यालयों, प्रतिभागियों, निर्णायकों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम संचालन कर रहे बृज मोहन ने लिटिल फ्लावर ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर मुरलीधर यादव व लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल गीता लेप्चा का विशेष आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

# नगर निगम कार्यालय अयोध्या में कर्मचारी खरीदकर पी रहे हैं पानी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** ज्यों-ज्यों भीषण गर्मी दिन-प्रतिदिन पड़ रही है अयोध्या नगर निगम के कर्मचारी, यहां तक कि अधिकारी भी खरीदकर पानी पी रहे हैं। यह विडम्बना नहीं तो क्या है। जब भी नगर निगम पूरे साठ वार्डों में पानी की व्यवस्था कराता है और स्वच्छ पानी देने का कसम भी खाता है परन्तु आज की परिस्थिति यह हो गयी है कि नगर निगम पानी की सप्लाई अच्छी तरह या गंदी पानी दे रहा है जिससे लोग नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी भी बाहर से पानी मंगाकर पीने पर मजबूर हो रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या नगर निगम में जितने अधिकारी और कर्मचारी के कमरे हैं सबके कमरे में पानी का वाटर टैंक रखा हुआ




मिलेगा। जैसे ही आफिस खुलता है सुबह लगभग ग्यारह बजे वाटर टैंक की सप्लाई बाहर से आने लगती है। सूत्रों ने बताया कि बीस रुपये का वाटर टैक मिलता है और दिन भर अधिकारी और कर्मचारी उसी पानी को पीते हैं। यह बीस रुपया सरकारी तौर से नहीं खर्च किया जाता बल्कि कर्मचारी अपना पैसा लगाकर पानी मंगाते हैं और दिनभर पीते हैं। जबकि नगर निगम को चाहिये कि अपने कार्यालय में अच्छी सी बोरिंग करा करके ढंगे पानी की व्यवस्था कराये जिससे बाहर से पानी की सप्लाई न करनी पड़े। यह सोचने वाली बात है कि जनता के लिये नगर निगम, नगर पालिकायें ही पानी की सप्लाई देती हैं और जगह-जगह पर बड़ी-बड़ी टंकी बने हुए हैं, उसमें पानी भरा जाता है परन्तु वह पानी स्वच्छ नहीं रहता है। अयोध्या की जनता इन टैंकों से पानी पीने के लिये मजबूर हैं। स्वतंत्र-भारत का मकसद लिखने का यह है कि नगर वासियों को स्वच्छ पानी मिले, इससे कोई बीमारियां न होने पाये और नगर पालिका, नगर निगम के कर्मचारियों को अपने ही घर में, अपने ही कार्यालय में स्वच्छ पानी मिलना चाहिये, यही मेरा मकसद है।

# कृषि विवि के कुलपति को मिला कर्नल कमांडेंट का रैंक

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह को भारत सरकार द्वारा एनसीसी का कर्नल कमांडेंट का प्रतिष्ठित रैंक प्रदान किए जाने पर पीपिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कुलपति के पिता एवं रिटायर्ड सैन्य अधिकारी परमहंस सिंह एवं कुलपति की धर्मपत्नी मीना सिंह भी मौजूद रहीं। इस दौरान एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर प्रयागराज के कमांडर, ब्रिगेडियर यू.एस कंदील ने उत्साहपूर्वक कुलपति को कर्नल का रैंक लगाया साथ ही पूर्व सैन्य अधिकारी परंमहंस सिंह ने उन्हें कैप लगाया। पीपिंग समारोह में ब्रिगेडियर यू.एस.कंदील ने कहा कि कर्नल कमांडेंट का पद प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ अधिकारियों को दिया जाने वाला सम्मान है। इससे विवि और एनसीसी के बीच संबंध मजबूत होंगे साथ ही साथ विवि की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस




पद से जुड़ने के बाद कुलपति के दिशा-निर्देशन में एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों में तेजी के साथ बदलाव आएगा। कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि यह पद हमारा ही नहीं पूरे विश्वविद्यालय की टीम भावना का प्रतीक है। प्रत्येक छोटे और बड़े कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है कि विवि का राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना है। कुलपति ने कहा कि उनके पिता सेना में थे और उन्हीं से अनुशासित जीवन जीना सीखा है। उन्होंने कहा कि यह पल विश्वविद्यालय परिवार को गौरवान्वित करने वाला है। विश्वविद्यालय में एनसीसी की स्थापना की गई। वर्तमान समय में फुल कंपनी एनसीसी का प्रशिक्षण ले रहीं हैं। कमान अधिकारी 65वीं यूपी बटालियन एनसीसी के कर्नल एम.के सिंह ने कहा कि कुलपति को कर्नल का रैंक मिलना उनकी कड़ी मेहनत और परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कुलपति के प्रत्येक कार्यक्षेत्र में फौज की अनुशासन नजर आती है। उन्होंने अपेक्षा किया कि कुलपति एनसीसी के कार्यों में बढ़-चढ़ कर सहयोग करें और भारत के भविष्य को मजबूत करें। एनसीसी कैडेटों ने कर्नल (डा.) बिजेंद्र सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे पहले कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने कुलपति के जीवन परिचय से सभी अतिथियों को अवगत कराया। सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर व बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। यह पीपिंग समारोह एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डा.) नवीन कुमार सिंह के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. सुप्रिया एवं डीएसडब्ल्यू डा. डी.नियोगी ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वन यूपी गर्ल्स के कमान अधिकारी, बटलियन के समस्त सैन्य अधिकारी, एनसीसी कैडेट, ए.एन.ओ, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जनौरा व कल्याण सिंह वार्ड में कल महापौर जानेंगे समस्याएं



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जनौरा व कल्याण सिंह वार्ड में गुरुवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी नगर निगम की टीम के साथ भ्रमण कर नगर की सफाई, पेयजल, नालियों एवं गलियों की स्थिति देखेंगे। इस टीम में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा और क्षेत्रीय पार्षद भी शामिल होंगे। यह पहल महापौर ने जनसमस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण के लिए की है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत 08 मई को महापौर वार्ड में भ्रमण कर लोगों की शिकायतें और समस्याएं संकलित करेंगे और उसका यथासंभव समाधान कराएंगे। जन समस्याओं के निराकरण की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सभी विभागों के मुखिया को आवश्यक टीमों सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। सुबह सात बजे होने वाले भ्रमण में जलकल, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं निर्माण विभाग से जुड़ी टीमें मौजूद रहेंगी। इस दौरान शिविर लगाकर गृह एवं जलकर, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं को संकलित किया जाएगा और उसका यथासंभव निदान भी कराया जाएगा। महापौर ने लोगों से अपेक्षा की है कि वह नगर निगम के कर्मचारियों को अपनी समस्याएं बताने में संकोच न करें। समस्याओं को संकलित करने के लिए स्वयंसेवी संस्था राम का घर की टीम भी सक्रिय रहेगी।

# प्रतिभागी लोक कला में प्रयोग होने वाले प्रतीक चिन्हों से हुए रूबरू



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स विभाग एवं उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में चल रही सात दिवसीय चित्रकला कार्यशाला पांचवे दिन सृजन शीर्षक के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को लोक कला मे प्रयोग होने वाले प्रतीक चिन्हो के अर्थ से अवगत कराया गया। कार्यशाला की मुख्य प्रशिक्षका डॉ0 सरिता द्विवेदी ने बताया कि लोक कला के चिन्हो का प्रयोग सदैव सकारात्मक होता है। यह लोककला को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यशाला की सह प्रशिक्षिका रीमा सिंह ने प्रतिभागियों को चित्र बनाने की प्रविधि से प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि के चित्र का प्रदर्शन इस प्रकार करें कि चित्र और भी प्रभावी लगने लगे। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय चित्रकला कार्यशाला के चित्रों का प्रदर्शन 8 मई को किया जायेगा। इस कार्यशाला में प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 प्रिया कुमारी, डॉ0 अलका श्रीवास्तव सहित प्रतिभागी मौजूद रहे।

# दस मई को आयोजित होगा कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** संविधान बचाओ सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करके जनपद अयोध्या के कांग्रेस जन अपनी अलग पहचान स्थापित करें। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने 10 मई को प्रेस क्लब में आहूत संविधान बचाओ सम्मेलन की तैयारी के लिए बुलाई गई प्रमुख नेताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा आज कांग्रेस पार्टी आमजन की आवाज बनकर राहुल गांधी के नेतृत्व में उभर रही है जिसे मजबूती देने का काम हर कांग्रेस कार्यकर्ता को करना है उन्होंने कहा हर ब्लॉक से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि 10 मई को प्रेस क्लब में होने वाले संविधान बचाओ सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक कुमार तथा प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम सम्मिलित होंगे। इस सम्मेलन




में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा जाति जनगणना हमारे नेता राहुल गांधी के संघर्षो का परिणाम है, जिससे मजबूर होकर भाजपा की केंद्र सरकार को जाति जनगणना की घोषणा करनी पड़ी अब इसे पूरी तरह से लागू करने का काम कांग्रेस कार्यकर्ताओं करना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा, अशोक कनौजिया, बजरंग सिंह, युवा जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, सेवा दल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, धीरेंद्र प्रताप सिंह बबलू, विजय श्रीवास्तव, ताज मोहम्मद, प्रवीण श्रीवास्तव, अशोक कुमार राय, उमेश उपाध्याय, डॉ विनोद गुप्ता, कविंद्र साहनी, अरुण साहू आदि उपस्थित रहे।

# हनुमानगढ़ी को विवाद में लपेटना अच्छी बात नहीं : संजय दास

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** बजरंगबली की शीर्ष पीठ हनुमानगढ़ी की सागरिया पट्टी के श्रीमहंत धर्मसम्राट ज्ञानदास महाराज के उत्तराधिकारी व संकटमोचन सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास ने मंगलवार को अपने आश्रम पर मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि हनुमानगढ़ी की संपूर्ण विश्व में मर्यादा एवं गरिमा है। इसको विवादों में नही घसीटा जा सकता है। तपस्वी छावनी के महंत परमहंसाचार्य द्वारा कहा गया है कि पूरी हनुमानगढ़ी उनके साथ है। तो यह बातें निराधार है।



क्योंकि हनुमानगढ़ी में पंचायती व्यवस्था एक है। इसे कभी अलग नही किया जा सकता है। हम सब एक हैं। हनुमानगढ़ी को विवादों में न लाएं। उसे विवादित चीजों से दूर रखें। हनुमानगढ़ी विवादित मामले में परमहंसाचार्य का साथ नही देगी। हनुमानगढ़ी ने उनके गुरु सर्वेश्वर दास व उसके बाद परमहंसाचार्य को एक बार तपस्वी छावनी आश्रम पर प्रतिष्ठित कर दिया था। अब परमहंसाचार्य अपने आश्रम की व्यवस्था व विवाद स्वयं देखें। क्योंकि उनका पीठ विवादित है। हर बार हनुमानगढ़ी उनका साथ नही देगा। हर विवादित चीजों में हनुमानगढ़ी दखल अंदाजी नही करेगा। पूरे हनुमानगढ़ी को विवाद में लपेटना अच्छी बात नही है। वह किसी भी विवादित चीजों में नही शामिल हो सकता है। हनुमानगढ़ी न किसी विवादित चीजों में पड़ा और न पड़ेगा। निर्वाणी अनी व हरिद्वारी पट्टी के श्रीमहंत मुरली दास महाराज ने कहा कि हनुमानगढ़ी सिद्ध और प्राचीन पीठ है। इसका गौरवमयी इतिहास रहा है। इसको व्यक्तिगत विवाद में नही घसीट सकते हैं। व्यक्तिगत विवाद एवं झगड़े में हनुमानगढ़ी नही जा सकती है। इसे विवादित चीजों से दूर रखें। यहां पंचायती व्यवस्था है। हम सब पंचायती व्यवस्था के साथ हैं। हनुमानगढ़ी बसंतिया पट्टी के श्रीमहंत रामचरण दास महाराज ने कहा कि हम हनुमानगढ़ी पंचायती व्यवस्था के साथ हैं। हनुमानगढ़ी में पंचायती व्यवस्था बनी रहे। इसे विवादित चीजों में नही लाना चाहिए। हरिद्वारी पट्टी के युवराज राजेश दास महाराज ने कहा कि हनुमानगढ़ी के साधु-संत विवाद में नही रहा करते हैं। हनुमानगढ़ी ने परमहंसाचार्य को तपस्वी छावनी पर एक बार प्रतिष्ठित कर दिया। अब परमहंसाचार्य अपना और अपने आश्रम की व्यवस्था देखें। वह बार-बार हनुमानगढ़ी को विवादित मामले में न लाएं। निर्वाणी अनी के महासचिव सत्यदेव दास महाराज ने कहा कि हनुमानगढ़ी सम्मानित सिद्धपीठ है। यह गलत का साथ नही देता है। हमेशा सत्य के साथ रहता है। प्रेसवार्ता में हनुमानगढ़ी के पुजारी हेमंत दास एवं शिवम श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के संबंध में कलेक्ट्रेट में हुई बैठक

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सिविल डिफेंस मार्क ड्रिल के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने किसी भी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार एवं शासन की ओर से 7 मई 2025 को मॉक ड्रिल किए जाने के निर्देश के क्रम में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के जरिए लोगों को आपात स्थिति के संबंध में जागरूक किया जाए। आपात स्थिति में किस प्रकार से जान-माल की रक्षा करने के संबंध में लोगों को जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य हवाई हमले के चेतावनी प्रणालियों/सायरन की प्रभावशीलता का आकलन।, आम जनता को सेल्फ डिफेंस तथा आपदा के समय अपने आप को सुरक्षित रखने के संबंध में जानकारी देना। उन्होंने समस्त दूरसंचार एजेंसियों यथा बीएसएनएल, एयरटेल, जिओ आदि को भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय को समस्त चिकित्सालय में सभी आवश्यक दवाइयां को पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित रखने, एवं सभी उपकरणों को क्रियाशील रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने एनटीपीसी, अल्ट्राटेक, चीनीमिल को मॉक ड्रिल की तैयारी के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में स्काउट गाइड, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, होमगार्ड, पीआरडी, अग्निशमन, पुलिस आज के वालंटियर/जवानों को किसी आपात स्थिति से निपटने हेतु प्रशिक्षित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मॉक ड्रिल के तैयारी के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी न्यायिक रणजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी आदि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने तुलसी महिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार बनियान ने तुलसी महिला चिकित्सालय अयोध्या का निरीक्षण किया। निरीक्षण में ओपीडी संचालन, औषधीय की उपलब्धता, आकस्मिक सेवा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के विभिन्न कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति, साथ ही चिकित्सालय में वार्डो की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा, निरीक्षण के समय सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे डॉ रीना सिंह सीसीएल अवकाश पर थी। मेडिकल ऑफिसर इनचार्ज डॉ रम्या त्रिपाठी उपस्थित थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि सभी को जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य करना चाहिए। पैरामेडिकल स्टाफ कि समय से उपस्थिति, दवाओं की पर्याप्त मात्रा की उपलब्धता, प्रसव सेवाएं, परामर्श सेवाएं एवं इमरजेंसी सेवाएं दुरुस्त रखने और इलाज के लिए आने वाले सभी मरीजों को एक समान रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् सीतापुर आई हॉस्पिटल, का जूनियर इंजीनियर एस बी सिंह एवं डी पी एम के साथ भ्रमण किया वहां पर 300 बेड का हॉस्पिटल बनना प्रस्तावित है। उसी परिपेक्ष्य में ज़मीनी हकीकत देखने हेतु भ्रमण किया। अयोध्या का चार्ज लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिले के विभिन्न चिकित्सालय में दौरा करते हुए वहां के हालात का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा मकसद है कि जनपद के मरीजों का इलाज सुंदर ढंग से होना चाहिए व दवाइयां भी अस्पताल में मिलना चाहिये। किसी का भी पर्चा बाहर न जाय क्योंकि दवाइयां उपलब्ध हैं।

# महिला समाजवादियों ने प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का मनाया जन्मदिवस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने अपने समाजवादी महिलाओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का जन्मदिन केक काटकर बहुत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। संगठन की सभी महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष की लम्बी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से प्रार्थना करते हुए केक काटकर सभी को खिलाया। जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में हम सभी जिले की समाजवादी पार्टी की महिलाएं उनके आदर्शों को और उनके निर्देशों का पालन करते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर उनके आदेशों का हम लोग बराबर पालन करते चले आ रहे हैं। विधानसभा चुनाव हो, लोकसभा चुनाव हो या जिला परिषद का चुनाव हो, हम लोग बड़ी मेहनत से



समाजवादी महिला घर-घर जाकर समाजवादी विचारधारा को बताने का काम करती है। हम सभी जिले की समाजवादी पार्टी की महिलाएं उनके आदर्शों का और उनके निर्देशों का पालन करते हुए समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि अभी तुरन्त हुए नगर पंचायतों के चुनाव में समाजवादियों का कब्जा रहा है। इससे यह साफ जाहिर है कि तहसील और ब्लाक स्तर की जो महिलाएं हैं वह बराबर अपने क्षेत्र में निकल करके काम कर रही हैं। उसी का आज यह परिणाम है कि जिले में दो जगहों पर समाज वादियों ने झण्डा लहराया है। सरोज यादव ने कहा कि आने वाले समय में इस बार जैसे लोकसभा की सीट हम लोगों ने जीता था वैसे ही विभिन्न विधानसभाओं की सीट भी जीतेंगे। इस अवसर पर महासचिव डा. निशात अख्तर, जिला सचिव रीता निषाद, जिला कोषाध्यक्ष पूनम यादव, आरसी, नीलू, शादाब खान, साजिया बानो, प्रवीण, रुखसार, तब्बसुम, शिखा, दीपिका आदि ने भाग लिया।

# महाविद्यालय के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के साकेत महाविद्यालय इकाई द्वारा छात्र संघ बहाल को लेकर तथा अन्य विभिन्न अनिमितताओं के निवारण के लिए समहाविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन प्राचार्य प्रो दानपति तिवारी जी को दिया गया,और अंत में निर्णय लिया गया कि अगर जल्द ही इन समस्याओं का निवारण न हुआ तो छात्र आंदोलन करने के लिये बाध्य है विभाग सयोंजक शशांक विद्यार्थी ने कहा कि छात्र संघ बहाल किया जाए साकेत महाविद्यालय के छात्रसंघ से निकले विद्यार्थी आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठा प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ा रहे है गत वर्षो में महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव न होने से विद्यार्थियों में निराशा का भाव है छात्र संघ चुनाव अबिलम्ब बहाल कराया जाए जिससे छात्रों का नेतृत्व पुनः निकल सके छात्र संघ बहाल न होने की स्थिति में विद्यार्थी परिषद बृहद आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। महानगर मंत्री मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा परीक्षा के समय आने वाले छात्र छात्राओं के वाहन महाविद्यालय के मैदान या छात्र संघ भवन के पास सुरक्षित खड़े कराए जाएं जिससे छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। इकाई के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने बताया महाविद्यालय प्रशासन को कैम्पस में व्याप्त विभिन अनियमितताओं के सम्बंध में ज्ञापन दिया गया है जिसमें कल शुरू होने वाली सेमेस्टर परीक्षा के लिये छात्र छात्राओं की समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन दिया गया है जिसमे परीक्षा कक्ष की साफ सफाई पेयजल व्यवस्थाओ के विषय उठाये गए है जिससे छात्र छात्राओं को परेशानी का सामान न करना पड़े। महानगर सहमंत्री आदर्श चतुर्वेदी ने बताया कि अगर विषय की गम्भीरता को संज्ञान में नही लिया गया तो जल्द से जल्द साकेत महाविद्यालय इकाई के कार्यकर्ता आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे। ज्ञापन देने में साकेत महाविद्यालय इकाई के प्रांत संयोजक शिवम मिश्र महानगर सयोंजक प्रियांशु, देव प्रकाश, ज्ञानेंद्र प्रांत कार्यकरणी सदस्य उत्कर्ष पांडेय, आदित्य सिंह, अभिषेक पांडेय, यश पाठक, शिवम, अनुराग, फैज खान, हर्षित साकेत महाविद्यालय के विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय सहित आदि छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# लक्ष्मणकिला में धूमधाम से मना जानकी जन्मोत्सव

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** आचार्य पीठ श्रीलक्ष्मणकिला में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ श्रीजानकी जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव को लक्ष्मणकिला धीश महंत स्वामी मैथिलीरमण शरण महाराज ने अपनी सानिध्यता प्रदान की। लक्ष्मणकिला धीश के कृपापात्र शिष्य अधिकारी सूर्यप्रकाश शरण के संयोजन में श्री रसिकेन्द्र विहारणी-विहारी जू का अभिषेक, श्रृंगार, पूजन पश्चात महाआरती हुआ। रात्रि 8 बजे से नित्य बधाई छठ्ठी तक होगा। महोत्सव से पूरा मंदिर प्रांगण ओत-प्रोत रहा। गर्भगृह से लेकर संपूर्ण मंदिर परिसर को सजाया गया था। मठ की आभा देखते हुए बन रही थी। मध्यांह 12 बजे घंटे, घड़ियालों और शंख की करतलध्वनि बीच मां जानकी का प्राकट्य हुआ। संपूर्ण वातावरण किशोरी जी के जय-जयकार से गूंज उठा। भक्तगण भक्तिभाव में सराबोर रहे, जिनका उल्लास देखते हुए बन रहा था। अयोध्या धाम के नामचीन



कलाकारों ने मंदिर के पूर्वाचार्यों द्वारा रचित जन्म बधाई के पद गाकर उत्सव में चार-चांद लगा दिया। इससे भक्तगण मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों जन्म महा महोत्सव की महफिल सजा दी। इसका सिलसिला देरशाम तक चलता रहा। लक्ष्मणकिला धीश ने कलाकारों को न्यौछावर भी भेंट किया। अंत में जानकी नवमी का प्रसाद वितरित किया गया। सभी ने बड़े ही चाव संग जानकी जन्मोत्सव का प्रसाद ग्रहण किया। नवमी पर जानकी मैया का दर्शन कर भक्तजनों ने अपना जीवन धन्य बनाया। अधिकारी सूर्यप्रकाश शरण ने कहा कि जानकी नवमी का भविष्य पुराण में वर्णन आया है, जिसमें व्रत करने का महत्व बताया गया है। जो लोग जानकी नवमीं का व्रत करते हैं। उन्हें समस्त पृथ्वी के दान तथा सोलह प्रकार के महादान यज्ञों का फल मिलता है। समस्त तीर्थों के दर्शन का फल प्राप्त होता है। सभी जीवों पर परोपकार, दया करने का जो फल है। वही फल सीता नवमीं व्रत करने से ही प्राप्त हो जाता है। इसमे कोई संदेह नहीं है। सीता नवमीं करने से समस्त मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं। फिर भी इस व्रत को करने का उद्देश्य जानकी और रघुनंदन दोनों को प्रसन्न करना है। जन्म महा महोत्सव पर पूरा मंदिर खचाखच श्रद्धालु-भक्तों से भरा रहा। जहां मां जानकी की जय-जयकार हो रही थी।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रामनगर-अम्बेडकरनगर।

पत्रांक :-303/राज्य वित्त-पंद्रहवा वित्त/2025-26 दिनांक - 05.05.2025

## अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत-रामनगर एवं जिला पंचायत/जनपद अम्बेडकरनगर के अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य/पंद्रहवां वित्त योजनान्तर्गत इस विकास खण्ड हेतु वित्तीय वर्ष-2025-26 में अवमुक्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत निम्नांकित परियोजनाओं के निर्माण हेतु मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 06.05.2025 से दिनांक 17.05.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से सायं 02:00 बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय रामनगर पर बिक्री होगा तथा, निविदाएं दिनांक 19.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक विकास खण्ड मुख्यालय पर सील्ड निविदा बाक्स में डाली जायेंगी। तदुपरान्त प्राप्त निविदाएं उसी दिन दिनांक 19.05.2025 को ही अपरान्ह 02:30 बजे समस्त उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा की नियम व भार्तें पत्र में अधोलिखित हैं।

| क्र0 | मद | सम्पर्क मार्ग/परियोजना का नाम | निविदा का मूल्य एवं जी0एस0टी0 अलग से | स्वीकृत लागत (लाख में) | धरोहर की धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्राम पंचायत नसीरपुर में पिचमार्ग से पारसनाथ के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 5.93 | 59300.00 | 06 माह |
| 2 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 तिघरा में रामबुझारत के घर से पिचरोड होते हुए लालचन्द के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 7.56 | 75600.00 | 06 माह |
| 3 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 आमादरवेशपुर में रामविशुन के घर से पुरुषोत्तमपुर होते हुए अखिलेश के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 8.27 | 82700.00 | 06 माह |
| 4 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 रूस्तमपुर में कौडाही पिचमार्ग से सुरेश यादव के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.91 | 99100.00 | 06 माह |
| 5 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 सेहरामऊ में सेहरामऊ नहर से शिवशंकर प्रधान के घर होते हुए श्यामसुन्दर के घर से दक्षिण खदेरू के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 8.58 | 85800.00 | 06 माह |
| 6 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 आमादरवेशपुर में पंचायत भवन से मेवालाल के घर होते हुए रामलखन के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.27 | 92700.00 | 06 माह |
| 7 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 नसीर निषाद बस्ती में रामबचन के घर से पुलिया तक नाली नि0 कार्य। | 1000 | 4.31 | 43100.00 | 06 माह |
| 8 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 नसीरपुर में राजनाथ निषाद के घर से रूदल निषाद के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 5.38 | 53800.00 | 06 माह |
| 9 | रा0वि0/पं0वित्त | शिवनरायन के घर से डॉक्टर के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 5.98 | 59800.00 | 06 माह |
| 10 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 मठिया में कमलजीत के घर से देवेन्द्र के घर होते हुए सियाराम के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.96 | 99600.00 | 06 माह |
| 11 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्राम पंचायत न्योरी बाजार में वाटर कूलर कार्य। | 1000 | 4.53 | 45300.00 | 06 माह |
| 12 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 रामनगर-जहांगीरगंज मेनरोड से निरंकारी भवन तक सी0सी0 रोड नि0 कार्य। | 1000 | 9.81 | 98100.00 | 06 माह |
| 13 | रा0वि0/पं0वित्त | तीर्थराज इंटर कालेज में वाटरकूलर स्थापना कार्य। | 1000 | 4.53 | 45300.00 | 06 माह |
| 14 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 माडरमऊ में पिचमार्ग से पूरब हौशिला मिश्रा के घर तक ख0 नि0 कार्य। | 1000 | 5.48 | 54800.00 | 06 माह |
| 15 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 विढ़हर मंगोलपुर मार्ग पर जलजीवन मिशन पम्प के पास खडण्जा व पुलिया नि0 कार्य। | 1000 | 4.45 | 44500.00 | 06 माह |
| 16 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 इसौरी नसीर में पतराभार इसौरीपुर सम्पर्क मार्ग से शमशेर यादव के घर तक खडण्जा नि0 कार्य। | 1000 | 2.49 | 24900.00 | 06 माह |
| 17 | रा0वि0/पं0वित्त | ब्लाक पिचरोड से गइया जी के पोखरा तक ख0 नि0 कार्य। | 1000 | 5.46 | 54600.00 | 06 माह |
| 18 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 नेवरी में रामअशीष के खेत से हाइवे तक ख0 नि0 कार्य। | 1000 | 9.37 | 93700.00 | 06 माह |
| 19 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 सहिजनाहमजापुर से संतोष के चक से राजेश के चक तक ख0 नि0 कार्य। | 1000 | 8.14 | 81400.00 | 06 माह |
| 20 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 न्योरी में नेवरी पिचरोड से महबूब के घर तक ख0नि0 कार्य। | 1000 | 1.93 | 19300.00 | 06 माह |
| 21 | रा0वि0/पं0वित्त | तपेश्वरी महाविद्यालय से रामअशीष के खेत तक ख0नि0 कार्य। | 1000 | 8.80 | 88000.00 | 06 माह |
| 22 | रा0वि0/पं0वित्त | हरीलाल के खेत से पश्चिम नाले तक नाली नि0 कार्य। | 1000 | 8.70 | 87000.00 | 06 माह |
| 23 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 न्यौरी में तिघर सीमा से न्यौरी पंचायत भवन तक ख0नि0 कार्य। | 1000 | 4.58 | 45800.00 | 06 माह |
| 24 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 कौडाही में पिचरोड से इं0ला0 तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 8.25 | 82500.00 | 06 माह |
| 25 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 सेहरामऊ में घुरहू के चक से शिवतारा माइनर तक सोलिंग अवशेष नि0 कार्य। | 1000 | 5.46 | 54600.00 | 06 माह |
| 26 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 कटोखर में इस्लाम के घर से अजीत के घर ख0नि0 कार्य। | 1000 | 8.85 | 88500.00 | 06 माह |
| 27 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 गोवर्धनपुर पिचरोड से पिकिया नहर तक बन्द नाली नि0 कार्य। | 1000 | 6.55 | 65500.00 | 06 माह |
| 28 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 शाहपुर औराव में केवट बस्ती में नाली नि0 कार्य। | 1000 | 3.53 | 35300.00 | 06 माह |
| 29 | रा0वि0/पं0वित्त | सरायनीलकंठ में पिचरोड से जीत बहादुर के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 5.84 | 58400.00 | 06 माह |
| 30 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 रामपुर इंडीपिंडी में राजेन्द्र कन्नौजिया के घर से फूलचन्द्रघर होते हुए पूरब तालाब तक नाली नि0 कार्य। | 1000 | 4.31 | 43100.00 | 06 माह |
| 31 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 सिपाह में पिन्टू सिंह के घर से जे0पी0 सिंह के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 5.51 | 55100.00 | 06 माह |
| 32 | रा0वि0/पं0वित्त | जल्लापुर सेहरामऊ पिचरोड से पूरब उत्तर दलित बस्ती तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.96 | 99600.00 | 06 माह |
| 33 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 बहरामपुर में राजेश्वर तिवारी के घर से बहरामपुर पिचरोड तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 8.58 | 85800.00 | 06 माह |
| 34 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 नसीरपुर में निशाद बस्ती में रणजीत के घर से रामपुर इण्डीपिण्डी रोड तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.91 | 99100.00 | 06 माह |
| 35 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 भगवानपुर मंझरिया में रामअ ाीश के घर से पश्चिम रामपारस के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.96 | 99600.00 | 06 माह |
| 36 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 तिघरादाउदपुर में पिचरोड से मंतू के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 2.44 | 24400.00 | 06 माह |
| 37 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 आमादरवे ापुर में रामकेवल के घर से जुल्फुल यादव के घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 5.24 | 52400.00 | 06 माह |
| 38 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 शिवतारा में मोईद्दीन मास्टर के घर से महरौवा के घर तक नाली सहित इं0ला0 कार्य। | 1000 | 9.96 | 99600.00 | 06 माह |
| 39 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्रा0पं0 आमादरवेशपुर में मनोज यादव के घर से घर तक इं0ला0 कार्य। | 1000 | 8.05 | 80500.00 | 06 माह |
| 40 | रा0वि0/पं0वित्त | डामर रोड से ब्रिकेश यादव के घर होते हुए आर0पी0 मिश्रा के घर तक खडण्जा व नाली निर्माण कार्य | 1000 | 7.56 | 75600.00 | 06 माह |
| 41 | रा0वि0/पं0वित्त | ग्राम पंचायत रामपुर मठिया पिचरोड से दक्षिण नाला तक खडण्जा निर्माण | 1000 | 5.48 | 54800.00 | 06 माह |
| 42 | रा0वि0/पं0वित्त | रामनगर महुवर कस्तूरबा विद्यालय से नहर तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 1000 | 4.60 | 46000.00 | 06 माह |
| 43 | रा0वि0/पं0वित्त | आमादरवेशपुर में मायाराम मौर्य के घर से गुरूचरन के घर तक इंटर लाकिंग कार्य | 1000 | 5.87 | 58700.00 | 06 माह |
| 44 | रा0वि0/पं0वित्त | अन्नापुर में पंडित का पूरवा शैलेन्द्र कुमार के घर से रामनगर जहांगीरगंज मार्ग तक नाली सहित इंटर लाकिंग कार्य | 1000 | 8.23 | 82300.00 | 06 माह |
| 45 | रा0वि0/पं0वित्त | रामपुर मलिकपुर में हिसामुद्दीनपुर में खण्डजा से पश्चिम दयाराम साधू के घर तक इंटर लाकिंग कार्य | 1000 | 9.38 | 93800.00 | 06 माह |
| 46 | रा0वि0/पं0वित्त | सरफुद्दीनपुर में खदेरू के घर से चौहान के खेत तक इंटर लाकिंग कार्य | 1000 | 5.93 | 59300.00 | 06 माह |
| 47 | रा0वि0/पं0वित्त | नसीरपुर जयराम निषाद के घर से इंटरलाकिंग तक आर0सी0सी0 निर्माण कार्य | 1000 | 5.88 | 58800.00 | 06 माह |
| 48 | रा0वि0/पं0वित्त | तिघरा पिचरोड से राजदेव के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 1000 | 4.27 | 42700.00 | 06 माह |
| 49 | रा0वि0/पं0वित्त | अमड़ी कुटिया में हरिहर के घर से तिघरा बार्डर तक नाली सहित सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 1000 | 5.38 | 53800.00 | 06 माह |
| 50 | रा0वि0/पं0वित्त | बहिगवा जोगीपुर उत्तर फौजी के बाग से दक्षिण गड्ढे तक नाली निर्माण कार्य | 1000 | 8.15 | 81500.00 | 06 माह |
| 51 | रा0वि0/पं0वित्त | खतमीपुर से रामलखन मिश्रा के घर से आरोपुर रन्नापुर सम्पर्क मार्ग तक सी0सी0 सहित नाली निर्माण कार्य | 1000 | 8.23 | 82300.00 | 06 माह |
| 52 | रा0वि0/पं0वित्त | अमड़ी निषाद बस्ती में इंटर लाकिंग से आर0सी0 सी0 सहित बंद नाली निर्माण कार्य | 1000 | 9.78 | 97800.00 | 06 माह |
| 53 | रा0वि0/पं0वित्त | हथिनाराज हुसेनपुर मुसलमान पिचरोड से त्रिलोकीनाथ इंटर कालेज तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 1000 | 6.06 | 60600.00 | 06 माह |
| 54 | रा0वि0/पं0वित्त | बारीडीह सिकन्दरपुर सम्पर्क मार्ग से वेदप्रकाश यादव के घर होते हुए राजबहादुर के घर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य | 1000 | 9.99 | 99900.00 | 06 माह |
| 55 | रा0वि0/पं0वित्त | नसीरपुर में रामपुर सम्पर्क मार्ग से कैलाश के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 1000 | 9.93 | 99300.00 | 06 माह |
| 56 | रा0वि0/पं0वित्त | आमादरवेशपुर में गोपाल बाल विद्या मंदिर से पिकिया नाला तक नाली निर्माण कार्य | 1000 | 9.92 | 99200.00 | 06 माह |
| 57 | रा0वि0/पं0वित्त | ड्वाकरा हाल में दीवाल पेंटिंग का टाइल कार्य | 1000 | 5.81 | 58100.00 | 06 माह |
| 58 | रा0वि0/पं0वित्त | बबू तीर्थराज एजुकेशनल से आर0सी0सी0 तक आर0सी0सी0 रोड निर्माण कार्य | 1000 | 9.40 | 94000.00 | 06 माह |
| 59 | रा0वि0/पं0वित्त | मंगोलपुर अनुसूचित बस्ती में आर0सी0सी0 रोड से रामउग्रह के घर होते हुए नेतराम के घर तक खण्डजा निर्माण कार्य | 1000 | 4.30 | 43000.00 | 06 माह |
| 60 | रा0वि0/पं0वित्त | मकरही जद्हवा में अरविन्द चौहान के घर तक पतिराम चौहान के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 1000 | 7.06 | 70600.00 | 06 माह |
| 61 | रा0वि0/पं0वित्त | पटना में अशोक के घर से हाडिया ताल तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य। | 1000 | 8.19 | 81900.00 | 06 माह |
| 62 | रा0वि0/पं0वित्त | बारीडीह संपर्क मार्ग से अशोक सिंह के घर तक इंटर लाकिंग निर्माण कार्य | 1000 | 5.87 | 58700.00 | 06 माह |
| 63 | रा0वि0/पं0वित्त | सहकारी संघ रामनगर/कैम्प कार्यालय सहकारी समिति कटघर स्थित ग्राम मसेना मिर्जापुर बाभनपुर। | 1000 | 8.06 | 80600.00 | 06 माह |
| 64 | रा0वि0/पं0वित्त | आमा पिच मार्ग से सुनील सिंह के घर तक होते हुए तेजप्रताप सिंह के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 1000 | 9.01 | 90100.00 | 06 माह |
| 65 | रा0वि0/पं0वित्त | खानपट्टी में ओमप्रकाश मिश्रा के घर से चिन्तामणि के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 1000 | 9.99 | 99900.00 | 06 माह |
| 66 | रा0वि0/पं0वित्त | ब्लाक परिसर में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य महिला/पुरुष | 1000 | 8.35 | 83500.00 | 06 माह |
| 67 | रा0वि0/पं0वित्त | रामअनुज के घर से सुरेन्द्र प्रताप के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य | 1000 | 9.98 | 99800.00 | 06 माह |
| 68 | रा0वि0/पं0वित्त | सर्वेश के घर से संदीप के घर तक इंटर लाकिंग कार्य | 1000 | 9.80 | 98000.00 | 06 माह |
| 69 | रा0वि0/पं0वित्त | लखनीपट्टी में संतोष यादव के घर से लल्लु सिंह के खेत तक इंटर लाकिंग कार्य | 1000 | 8.82 | 88200.00 | 06 माह |
| 70 | रा0वि0/पं0वित्त | प्रमुख क्षेत्र पंचायत कक्ष का सौन्दर्यीकरण फर्नीचर व पंचायतीराज कम्प्यूटर कक्ष व लेखाकार कक्ष साज सज्जा कार्य | 1000 | 8.98 | 89800.00 | 06 माह |
| 71 | रा0वि0/पं0वित्त | ड्वाकरा हाल में साउन्ड सिस्टम व बैठक व्यवस्था व साज सज्जा कार्य | 1000 | 9.99 | 99900.00 | 06 माह |

शेष पेज नं. -11 पर

**नियम व शर्तें का विवरण :-**

1. परियोजना पर उपरोक्तानुसार कालम नम्बर-6 में अंकित धरोहर धनराशि निविदा फार्म के साथ एन0एस0सी0/बैंक एफ0डी0आर0 के रूप में जमा करना होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी रामनगर के पक्ष में प्लेज हों, तथा परियोजना लागत की जमानत के रूप में 08 प्रतिशत की धनराशि भुगतान के समय काट ली जायेगी, जो कार्य पूर्ण होने के छः माह उपरान्त अवमुक्त की जायेगी।
2. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् कोई भी निविदा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग अथवा परिलेखन मान्य नहीं होगा।
4. निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना आवश्यक है।
5. बिना कोई कारण स्पष्ट किये किसी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. प्राप्त निविदा परियोजना का कार्य प्रारम्भ धनराशि उपलब्ध होने पर ही कराया जायेगा, पर्याप्त धनराशि उपलब्ध होने पर मानक एवं गुणवत्ता की सभी शर्तें पूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
7. कार्य कराने के पश्चात् गुणवत्ता एवं मात्रा का प्रमाणीकरण के उपरान्त ही भुगतान देय होगा।

(जगन्नाथ चौधरी)
खण्ड विकास अधिकारी
रामनगर-अम्बेडकरनगर।

(विकास यादव)
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत
रामनगर-अम्बेडकरनगर।

# सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत



**मिर्जापुर।** सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रिन्स राव का मंगलवार को जिले में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके लिए पार्टी के जिला कार्यालय पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन्हें माल्यार्पण कर समाजवादी टोपी पहनाया तथा पार्टी का झंडा देकर पद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रिन्स राव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विश्वास के साथ जिले की कमान सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। कार्यकर्ताओं का सम्मान ही प्रथम प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। इस मौके पर आदर्श यादव, सत्यप्रकाश यादव, अरशद अली, झल्लू यादव, राहुल राव, रोहित यादव, धर्मेन्द्र कुमार बिन्द, शिवम बिन्द, चमन प्रजापति, आर्यन राव, अभिषेक राव, सत्यम सिंह, विकाश भारतीय, विक्की राव, कमलेश भारतीय, जगदीश भारतीय, दिनेश चमार, मिठाईलाल चमार, सुभाष चमार, दीनानाथ चमार आदि रहें।

# हेलिकॉप्टर से दुल्हन की अनोखी विदाई, दूल्हा बोला- दादी का सपना पूरा, दुल्हन बोली- सपने में भी नहीं सोचा था

**मिर्जापुर।** जिले में दूल्हा जब रानी की तरह दुल्हन की विदाई हेलिकॉप्टर से कराकर लाया तो देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वहीं दुल्हन की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।





जिले में मंगलवार को दुल्हन हेलिकॉप्टर से अपने ससुराल पहुंची तो देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। दूल्हे की दादी की ख्वाहिश थी कि बहू उड़नखटोला से ससुराल आए। ऐसे में दूल्हे ने दादी की इच्छा पूरी करने के लिए हेलीकॉप्टर से विदाई कराई।

शादी के बाद दूल्हा हेलिकॉप्टर से पत्नी को लेकर अपने घर पहुंचा। हेलिकॉप्टर को देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह नौ बजे पत्नी को ससुराल से लेकर निकले पति का उड़नखटोला नौ बजकर 30 मिनट पर ससुराल पहुंचा।


स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री का नाम श्रीअंशी मिश्रा (SHRIANSHI MISHRA) से बदलकर शैलवी मिश्रा SHAILVI MISHRA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। अनुराग मिश्रा पुत्र सुरेश कुमार मिश्रा, नि.-एम.आई.जी., 24 ऐशबाग, मोतीझील कालोनी, लखनऊ।

सी.आर.-247/L-34

**सूचना**

मेरी जीवन बीमा पॉलिसी सं.-218154702 में त्रुटिवश नाम धर्मपाल अंकित है। सही नाम छत्रपाल है। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाए। छत्रपाल पुत्र सुन्दर नि.-ग्रा.-गढ़ा पोस्ट-नगराम मोहनलालगंज, लखनऊ।

सी.आर.-246/L-27

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं.-567/333 (पुराना नं.-567/163) मोहल्ला आनन्दनगर, बरहा रोड, आलमबाग वार्ड गुरूगोविन्द सिंह नगर, लखनऊ जो कि विवादित है तथा जिसका वाद श्रीमती प्रियंका शर्मा पत्नी स्व0लवीश शर्मा बनाम श्री मनोज शर्मा माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। जिसका केस नं. सिविल सूट / 0000360/ 2023 है। उपरोक्त भवन का क्रय-विक्रय अवैध होगा।

सी.आर.-250/L-46

**सूचना**

मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम सुशीला दर्ज है जबकि मेरा सही नाम कुशला देवी है दोनों नाम की एक ही महिला है। मुझे कुशला देवी के नाम से जाना व पहचाना जाये। कुशला देवी पत्नी राधेश्याम, ग्रा0- शेखापुर पचीठे, बलरामपुर।

सी.आर.-251/D-30

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र आकाश, पुत्रवधू राधा को गलत कृत्यों के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इन दोनों से मेरा वास्ता नही होगा। राजेश पुत्र बाबूराम नि.ग्रा. मितेपुर थाना कांट-शाहजहांपुर।

सी.आर.-253/D-32

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल मार्कशीट वर्ष 2005 अनुक्रमांक 3018069 कही वास्तव में खो गई है। ज्ञानेंद्र कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार नि. ग्रा. ढकिया रूप, पोस्ट औरंगाबाद-खीरी।

सी.आर.-253/D-25

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र सुरजीत, पुत्रवधू पिंकी देवी को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। कल्लू सिंह पुत्र रामस्वरुप सिंह नि.ग्रा. धन्यौरा थाना तिलहर-शाहजहांपुर।

सी.आर.-253/D-33

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अनुराग उर्फ रिंकू को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। राजकुमारी पत्नी श्यामू नि.ग्रा. चिनौर थाना सदर बाजार तह. सदर-शाहजहांपुर।

सी.आर.-253/D-34

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स राव एसोसिएट ग्राम व पोस्ट परवरपार तहसील कसया, जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश नामक फर्म में साझेदारी डीड दिनांक 01- 07- 2012 से श्री रजनीकांत राव व श्री रणजीत राव एवं श्री यशवंत राव जी साझेदार थे। यह कि उक्त फर्म कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स गोरखपुर में पंजीकरण संख्या G 3552 पर पंजीकृत है। यह कि उक्त फर्म के साझेदारी डीड दिनांक 04-03-2025 से श्री रजनीकांत राव जी उक्त फर्म से अपना हक और हिस्सा लेकर रिटायर्ड हो गए हैं। अब उक्त फर्म में क्रमशः श्री रणजीत राव एवं श्री यशवंत राव जी हैं। उक्त फर्म में किसी का कोई लेनदेन बकाया नहीं है।

( रणजीत राव / साझेदार )
मेसर्स राव एसोसिएट।
ग्राम व पोस्ट - परवरपार
तहसील - कसया
जिला - कुशीनगर, उप्र.

सी.आर.-249/D

अदालती सूचना ता. पेशी 30.05.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारुप) न्यायालय सिविल जज जू.डि. कोर्ट संख्या 18 शाहजहांपुर इजरा वाद सं. 09 वर्ष 2024 (मूलवाद संख्या 559 वर्ष 2018) रामपाल सिंह पुत्र स्व. फूल सिंह नि.ग्रा. सेहरामऊ दक्षिणी डींगुरपुर पर. तह. सदर जिला शाहजहांपुर...प्रार्थी वादी/डिग्रीदार बनाम रामू पुत्र कल्लू नि.ग्रा. औदापुर पर. कांट तह. सदर जिला शाहजहांपुर.... प्रतिवादी/ मदयूनडिक्री चूंकि उपरिनिमांकित रामपाल सिंह वादी/डिग्रीदार ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि शेष धनराशि प्राप्त कर बैनामा कराया जावे। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफहेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 ई.के माह 05 के 30 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2025 के माह 05 के 06 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज जू.डि. कोर्ट संख्या 18 शाहजहांपुर।**

सी.आर.-253/D-CN

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।**

वाद संख्या-डी-202510460001316 आई0आई0एफ0एल0 हो0फा0लि0 बनाम भरत सेहता आदि अं0धारा-14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रर्वतन अधिनियम (सरफेसी), 2002 तारीख पेशी - 09.05.2025

पत्रांक सं0 - 866 /ए0डी0एम0(न्यायिक) /रीडर/2025
दिनांक: 26/04/2025

1. भरत सेहता पुत्र गोविन्द कुमार सेहता पता- 547/18 विक्रम नगर, आलमबाग लखनऊ उ0प्र0 व एच0 आशीर्वाद इंटरप्राइजेज जनपथ मार्केट शॉप नं0 सी0 11/12 हजरतगंज लखनऊ व खसरा नं0 133कमि0 पर प्लाट नं0 48 के भाग पर निर्मित मकान स्थित ग्राम रायपुर परगना तालुका व जिला लखनऊ।
2. अंशिका साहनी पत्नी भरत पता-खसरा नं0 133कमि0 पर प्लाट नं0 48 के भाग पर निर्मित मकान स्थित ग्राम रायपुर परगना तालुका व जिला लखनऊ।
3. एच0 आशीर्वाद इंटरप्राइजेज द्वारा प्रो0/एम0डी0/अधोहस्ताक्षरी पता-खसरा नं0 133कमि0 पर प्लॉट नं0 48 के भाग पर निर्मित मकान स्थित ग्राम रायपुर परगना तालुका व जिला लखनऊ व जनपथ मार्केट शॉप नं0 सी0 11/12 हजरतगंज लखनऊ।

नोटिस

एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि आई0आई0एफ0एल हो0फा0लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अतः आप दिनांक 09.05.2025 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा-14 के अर्न्तगत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाए। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है, तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदानुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(हनुमान प्रसाद) अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ, 26.04.2025

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्याः- | विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/201/2025-26 | | | |
| क | कार्य का विवरणः कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आउट आफ वारंटी 25 किलोवॉट ई0आर0आर0यू0 के नवीनीकारण का कार्य। | | | | |
| ख | अनुमानित लागत | रू० 49,92,934/- | ग | धरोहर राशि | रू० 99,900/- |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य | ड. | कार्य समापन अवधि | 12 माह |
| अन्य सूचना | | | | | |
| 2 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय | 30.05.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। | | | |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 30.05.2025 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। | | | |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा संख्याः- विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/201/2025-26 दिनांक-06.05.2025** 1341/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**
**सं.-इज्जत/सी/ई-ऑक्शन/2025/02 दिनांक 05.05.2025**

वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एन.एफ.आर. एवं विज्ञापन ठेकों हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही हैं। ऑक्शन कैटेलॉग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत् है:- **श्रेणीः** NFR/Advt.; **कैटलॉग सं०ः** IZN-ADV-DS-25-4; **एसेट विवरणः** इज्जतनगर मंडल के 26 स्टेशनों पर 35 डिजीटल स्टैन्डीस के द्वारा विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु पाँच वर्ष का ठेका। इज्जतनगर मंडल के टनकपुर स्टेशन पर एलईडी स्क्रीन द्वारा विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु पाँच वर्ष का ठेका; **ऑक्शन प्रारंभः** 13.05.2025 को 12:00:00 बजे; **ऑक्शन समापनः** 13.05.2025 को 12:50:00 बजे; **श्रेणीः** NFR/Advt.; **कैटलॉग सं०ः** IZN-NFRADV-25-5; **एसेट विवरणः** इज्जतनगर मंडल के 07 लोकेशनों जैसे स्टेशन, स्टेशन एरिया, एल.सी. गेट एवं एल.सी. गेट एरिया में तीन वर्ष हेतु विज्ञापन प्रदर्शित करने के संबंध में।; **ऑक्शन प्रारंभः** 19.05.2025 को 12:00:00 बजे; **ऑक्शन समापनः** 19.05.2025 को 13:30:00 बजे; **1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **2.** उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **5.** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

मंडल वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य-29 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं. - 88/2025

**रेल यात्रियों हेतु आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि यात्रियो की अत्यधिक भीड़ होने के कारण निम्नलिखित समर स्पेशल गाड़िया चलाई जाएंगी। जिसका विवरण निम्नवत है :-

गाड़ी सं. 05029/05030
वाराणसी सिटी - लालकुआँ - वाराणसी सिटी स्पेशल गाड़ी


**वाराणसी सिटी से -** दिनांक 07.05.25 से 28.06.25 तक सोमवार, बुधवार, शनिवार को = 23 फेरा, **लालकुआँ से -** दिनांक 08.05.25 से 29.06.25 तक मंगलवार, गुरूवार, रविवार को = 23 फेरा

| 05029 वाराणसी सिटी - लालकुआँ | | स्टेशन | 05030 लालकुआँ - वाराणसी सिटी | |
|---|---|---|---|---|
| आ० | प्र० | | आ० | प्र० |
| ---- | 15.40 | वाराणसी सिटी | 03.10 | ---- |
| 16.15 | 16.20 | औंडिहार | 01.55 | 02.00 |
| 17.20 | 17.25 | मऊ | 00.40 | 00.45 |
| 19.05 | 19.10 | देवरिया सदर | 22.50 | 22.55 |
| 20.25 | 20.35 | गोरखपुर | 21.35 | 21.45 |
| 21.40 | 21.45 | बस्ती | 20.20 | 20.25 |
| 22.55 | 23.00 | गोण्डा | 19.05 | 19.10 |
| 01.10 | 01.15 | सीतापुर | 16.50 | 16.55 |
| 02.55 | 03.00 | मैलानी | 15.20 | 15.25 |
| 04.35 | 04.40 | पीलीभीत | 13.10 | 13.15 |
| 05.25 | 05.55 | भोजीपुरा | 11.55 | 12.25 |
| 06.30 | 06.32 | बहेड़ी | 11.20 | 11.22 |
| 06.50 | 06.52 | किच्छा | 10.58 | 11.00 |
| 07.30 | ---- | लालकुआँ | ---- | 10.35 |

**रेक संरचनाः-** शयनयान - 07, एसी 2 टियर - 01, साधारण द्वितीय श्रेणी - 06, एसी 3 टियर - 02, जीएसएलआरडी - 02 = 18 कोच

मुजाधि/टी - 13 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# शोकाकुल परिवार से मिलने प्रतिनिधिमंडल पहुंचा मुजडीह



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष श्री देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मड़िहान विकास खण्ड के अहरौरा थाना क्षेत्र के मुजडीह गाँव पहुँचा। गाँव निवासी मोनू 23 वर्ष, आर्यन उर्फ छोटू 17 वर्ष की दोपहर रविवार को कुदारन चौराहे के पास सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसकी जानकारी तथा शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधिमंडल मुजडीह अहरौरा पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल शोक संतप्त परिवार से मिलकर दुःख व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में शैलेष पटेल विधानसभा अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह पटेल पूर्व विधायक, रविन्द्र बहादुर सिंह, पूर्व प्रत्याशी, सुरेश पटेल, सन्तबीर मौर्या, विजय यादव, विजय पटेल, मुमताज अहमद आदि रहें।


अदालती सूचना ता.पेशी 09.07.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय जज खफीफा/सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर खफीफा वाद संख्या 661 वर्ष 2024 साजिद हुसैन खां बनाम श्रीमती शाहीन वेगम आदि बनाम 1- श्रीमती शाहीन बेगम पत्नी स्व. अबरार हुसैन खां 2- श्रीमती साजिया बेगम 3- श्रीमती शारिया 4- बुशरा पुत्रियां अबरार हुसैन खां समस्त निवासीगण मोहल्ला मुल्लाखेल तह. सदर जिला शाहजहांपुर पिन-242001 पता दुकान बारसी हार्ड वेयर वाक्ये मोहल्ला बाडूजई प्रथम तह. सदर जिला शाहजहांपुर....प्रतिवादीगण हरगाह साजिद हुसैन खां वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत बेदखली व बसूली धनराशि के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 09 माह 07 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफकिया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 06 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम जज खफीफा/सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर**

सी.आर.-253/D-CN

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1908)**
**नम्बर मुकदमा सन् जिला-खीरी**
**अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय (न्यायिक), मोहम्मदी खीरी**
**वाला देवी**
**बनाम**
**अहुतना बेगम आदि**

1.अहुतना बेगम पत्नी माजिद अली निवासी ग्राम औरगांबाद तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर
2.आरिफ खां पुत्र वासिद खां निवासी ग्राम किरियारा परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
3.इदरीश खां पुत्र अलताफ खां निवासी ग्राम बड़ैययर तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर
4.इस्माइल खां पुत्र अलताफ खां निवासी ग्राम बड़ैययर तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर
5.गायत्री सरकार पुत्री मानिक चन्द्र सरकार निवासी ग्राम मियांपुर परगना व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
6.गुलशन कुमार पुत्र सुन्दरदास निवासी हजिरावां खुर्द तहसील व जिला फतेहाबाद वारिदहाल निवासी बेला पहाडा परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
7. नईम पुत्र जहीर हसन निवासी ग्राम औरगांबाद तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर
8. बजहुल पुत्र जहीर हसन निवासी ग्राम औरगांबाद तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर
9. मुनीसा बेगम पत्नी वाजिद अली खां निवासी ग्राम बेला पहाडा परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
10. रमन कुमार पुत्र शामचन्द्र निवासी हजिरावां खुर्द तहसील व जिला फ्तेहाबाद वारिदहाल निवासी बेला पहाडा परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
11. वारसा बेगम पत्नी जमीदुल्ला निवासी ग्राम बेला पहाडा परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
12. शमीम पुत्र हजीर हसन निवासी ग्राम औरगांबाद तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर
13. शामचन्द्र पुत्र मागेराम उर्फमांगाराम निवासी हजिरावां खुर्द तहसील व जिला फ्तेहाबाद वारिदहाल निवासी बेला पहाडा परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
14. सुन्दरदास पुत्र मागेराम उर्फमांगाराम निवासी हजिरावां खुर्द तहसील व जिला फ्तेहाबाद वारिदहाल निवासी बेला पहाडा परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
15. हजारी वाला सरकार पत्नी मानिकचन्द्र सरकार निवासी ग्राम मियापुर परगना व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
16. कवलप्रीत सिंह पुत्र सरदार अनूप सिंह निवासी खैरपुर हरियाणां
17. मन्दीप सिंह पुत्र सरदार अनूप सिंह निवासी खैरपुर हरियाणां
18. श्रीमती शमीम जहां पत्नी जुल्फिकार खां निवासी ग्राम रामपुर मदारी परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
19. वलीउल्ला पुत्र अजमतुल्ला निवासी ग्राम औरगांबाद तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर
20. वली मोहम्मद पुत्र अजमतुल्ला निवासी ग्राम औरगांबाद तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर
21. शरीफ पुत्र अजमतुल्ला निवासी ग्राम औरगांबाद तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर
22. ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बेला पहाडा परगना अटवा पिपरिया तहसील मोहम्मदी जिला खीरी

बाजेह हो कि वादिनी ने आपके नाम एक नालिश बावत बटवारा की लिहाज आपको हुक्म होता है कि आज तारीख 14 माह 05 सन् 2025 ई0 बवक्त 10 बजे बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात बाकई से बाकिफकिया गया हो और जो कुछ अमूर, अहम मुतालिक मुकदमों का जबाब दे सके, हाजिर हूजिए और जबाबदेही दावा की कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाज के लिए हुई है, आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनीदेही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसे रोज पेश कीजिए।

और आपको इत्तिला दी जाती है कि अर बरोज मसकूर आप हाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिर मसमूअ और फैसला होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज तारीख 02 माह 05 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

**न्यायालय**
**उपजिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट**
**(न्यायिक) मोहम्मदी खीरी**

सी.आर.-252/D-CN


# ट्रैक्टर के साफ्ट में फंसने से महिला की हुई मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बिलरा पटेरा गांव में सोमवार की देर रात ट्रैक्टर के साफ्ट में फसने से महिला की मौत हो गई। मृतक महिला बरौंधा बाजार की रहने वाली है। जानकारी के अनुसार गौरी 55 पत्नी स्व लालमणि कोल ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बिलरा पटेरा गांव में सोमवार को मजदूरों के साथ मकान के छत की ढलइआ में मजदूरी करने गई थी। रात बारह बजे के करीब खाना-पीना के बाद काम कर रही थी। इसी दौरान ट्रैक्टर के साफ्ट में फंस जाने से अचानक ट्रैक्टर बंद हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि महिला का सिर धड़ से अलग हो गया है। मौके का नजारा देख लोगों में अफ्रा तफ्री मच गई। घटना के पश्चात ठेकेदार महिला मजदूर का शव उसके घर भेजवाकर फरार हो गया। बरौंधा चौकी इंचार्ज हरिकेश सिंह ने बताया कि ड्रमण्डगंज पुलिस द्वारा शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। गौरी का इकलौता बेटा विकास पूना में प्रायवेट जाब करता है। पंद्रह वर्षीय पुत्री अंतिमा का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।


प्रारूप संख्या ३
कुटुम्ब न्यायालय सीतापुर के समक्ष
याचिका संख्या ८४६/२०२४
पेशी- १७-०५-२०२५
अभिषेक वर्मा बनाम अंशू वर्मा
याची अंशू वर्मा पत्नी अभिषेक वर्मा पुत्री सुभाष वर्मा निवासी मीरानपुर कटारा सर्राफा बाजार पो- व परगना मीरानपुर कटरा तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर

सेवा में उपरांकित याची आपके विरूद्ध याचिका में यथा-स्थापित (याचिका से संलग्न) याचिका संस्थित की है। आपसे आप पर इस समन की तारीख से चार सप्ताह की अवधि के भीतर इस न्यायालय में वैयक्तिक रूप से उपसंजात होने अथवा न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है। और वाद को दिनांक १७ माह ०५ वर्ष २०२५ को न्यायालय के पटल पर निर्देशों के लिये प्रस्तुत किया जायेगा। आपको एतदद्वारा दिनांक १७ माह ०५ वर्ष २०२५ को १०.०० बजे दोपहर में उक्त पर याची के दावा का उत्तर देने के लिये न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित होने हेतु समन किया जाता है।

आपको यह सूचित किया जाता है कि पूर्वोल्लिखित दिन पर उन पक्षकारों की, वो उपसंजात होते है, सुनवाई के पश्चात न्यायाधीश द्वारा कुटुम्ब न्यायायल के सलाहकार के समक्ष उपस्थित होने की तारीख तथा याचिका से सम्बन्धित अन्य विषयों के बारे में निर्देश दिया जायेगा और पुनः आपको यह सूचित किया जाता है कि यदि आप वैयक्तिक रूप से उपसंजात होने में अथवा यथा पूर्व निर्देशित वकालतनामा दाखिल करने में विफल रहते है या यदि आप पूर्वोल्लिखित दिन पर न्यायालय के समक्ष उपसंजात होने में विफल रहते है, तब याचिका को उसी दिन अथवा किसी पश्चात्वर्ती दिन अप्रतिरक्षित के रूप में अभिखण्डित किये जाने के लिये पटल पर आदेशित करा सकेगा तथा आप अपने विरूद्ध किसी अथवा आदेश पारित किये जाने के लिये दायी होगे।

साक्षी प्रधान न्यायाधीश सीतापुर यथोक्त दिनांक ०५ माह ०५ वर्ष २०२५ न्यायालय अदालीत मुन्सरिम परिवार न्यायालय सं- २ सीतापुर।

मुद्रा
दिनांक------माह- वर्ष २०
याची/ याची का अधिवक्ता
पता---

सी.आर.-248/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 27.06.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण शाहजहांपुर एम.ए.सी.पी नंबर 662 वर्ष 2021 राकेशचंद्र श्रीवास्तव बनाम कृष्ण मोहन शुक्ला आदि बनाम 1- कृष्ण मोहन शुक्ला पुत्र देवी सहाय शुक्ला निवासी 212 चक महमूद थाना बारादरी जिला बरेली (स्वामी वाहन यूपी 25 ए.टी 9278) 2- निजाम पुत्र सलीम निवासी चक नवादा भूसे की टाल थाना बारादरी जिला बरेली (चालक यूपी 25 ए.टी 9278)....प्रतिवादी सं. 01 व 02 हरगाह राकेशचंद्र श्रीवास्तव वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश दायर वावत मोटर दुर्घटना क्लेम (प्रतिकर) के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 06 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 06 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार लेखाकार मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधिकरण शाहजहांपुर**

सी.आर.-253/D-CN


# घटिया निर्माण सामग्री से बन रहा गलरा में शवदाह गृह

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम सभा गलरा में सेवटी नदी किनारे 24.36 लाख की लागत से बन रहे शवदाह गृह में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का आरोप सामने आया है। गांव निवासी अमरनाथ ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि निर्माण में तीस-चालीस साल पुराने विद्यालय की नीलामी से निकाले गए ईंटों और भस्सी का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे गुणवत्ता व सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव की लापरवाही से निर्माण कार्य मनमानी तरीके से कराया जा रहा है। अमरनाथ ने कहा कि शवदाह गृह जैसे संवेदनशील स्थल पर घटिया सामग्री का उपयोग न केवल नियमों की अनदेखी है, बल्कि भविष्य में गंभीर खतरे को भी जन्म दे सकता है। मामले की जांच व कार्रवाई की मांग की जा रही है। पुरे मामले कि जांच कराकर गुणवत्ता के साथ कार्य कराने कि मांग किया है।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## जयशंकर ने दुनिया को दिखाई देश की ताकत

### कहा तकनीक से लेकर विज्ञान तक, हर जगह कुशल भारतीयों की जरूरत



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एक्सेस टू टैलेंट फ्रॉम इंडिया (जीएटीआई) कार्यक्रम में भारत की मानव संसाधन क्षमताओं और वैश्विक स्तर पर उसकी बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत अब स्थायी टैलेंट निर्माण के दौर में है। जहां दुनिया के हर क्षेत्र में कुशल भारतीय की जरूरत है। साथ ही जयशंकर ने भारतीय प्रतिभाओं को दुनियाभर से जोड़ने में विदेश मंत्रालय की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी केवल राजनयिक संबंध तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया और भारतीय टैलेंट को आपस में जोड़ना भी है।

जयशंकर ने आगे कहा कि आज भारत के पास सिर्फ टैलेंट नहीं है, बल्कि उसे पूरी दुनिया में भेजने की क्षमता और जरूरत दोनों है। भारतीय डायस्पोरा (प्रवासी भारतीय) का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि आज अमेरिका में भारतीय टेक प्रोफेशनल्स और उद्यमी हैं, यूरोप व नॉर्थ अमेरिका में ब्लू कॉलर वर्कर्स और स्वरोजगार करने वाले लोग हैं, तो दुनिया के कई देशों में भारतीय वैज्ञानिक और शोधकर्ता भी योगदान दे रहे हैं।

इसके साथ ही विदेश मंत्री ने बताया कि हाल ही में जापान की संसद के स्पीकर भारत आए थे और उन्होंने भारत से कुशल श्रमिकों की एक तयशुदा और स्थायी व्यवस्था की बात की। उन्होंने इस्राइल, मॉरीशस, मलेशिया, सिंगापुर और जर्मनी जैसे देशों का उदाहरण देते हुए बताया कि ये सभी भारतीय प्रतिभा को आकर्षित करना चाहते हैं। जयशंकर ने कहा कि अगर हम अपने विकास की वर्तमान स्थिति को देखें तो दो सच्चाई सामने आती हैं पहली, कि हमने अतीत में अपनी मानव संसाधन क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया; और दूसरी, कि भारत अब दूसरे एशियाई देशों के रास्ते को कॉपी करके तेज़ी से विकसित नहीं हो सकता। हमारे विकास के रास्ते और जरूरतें अलग हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां बड़े पैमाने पर स्थायी टैलेंट निर्माण हो रहा है।

## बाबा केदार के दर्शन के लिए उमड़े शिव भक्त

**देहरादून।** एक तरफ जम्मू कश्मीर में पहलगाम हमले ने पर्यटकों के दिल में खौफ पैदा करने की कोशिश की लेकिन उनकी ये कोशिशें कामयाब नहीं हुई है। भले ही घाटी के कुछ जहगों पर पर्यटकों को जाने से रोक दिया गया है लेकिन पर्यटकों के

### चौथे दिन ही आंकड़ा एक लाख के पार

हौंसले नहीं कम हुए हैं। जहां एक तरफ बाबा अमरनाथ के लिए जोरों से रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ चारधाम यात्रा के लिए भी भक्त पलटनों के साथ पहुंच रहे हैं। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा विशेष रूप से केदारनाथ को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने के बाद से यात्रा के शुरुआती चार दिनों में ही दर्शनार्थियों का आंकड़ा एक लाख के पार पहुंच गया है। रुद्रप्रयाग जिले में 11,000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को खुले थे और सबसे कठिन यात्रा होने के बावजूद पहले



ही दिन से केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पहले दिन ही केदारनाथ में करीब 31,000 श्रद्धालु भगवान शिव के धाम पहुंचे जबकि यात्रा के शुरुआती चार दिनों में यह आंकड़ा बढ़कर एक लाख पांच हजार 879 तक पहुंच गया है। सोमवार को 26,180 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए।

## आतंकवाद से लड़ाई में भारत का समर्थन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कहा है कि पहलगाम हमले को लेकर नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते तनाव के बीच वाशिंगटन आतंकवाद के खिलाफ भारत की रक्षा में उसका

### अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष ने की घोषणा

समर्थन करेगा। जॉनसन ने कैपिटल हिल में कांग्रेस की ब्रीफिंग में कहा कि भारत को आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होना होगा। हम उन प्रयासों का समर्थन करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। ट्रम्प प्रशासन आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत को ऊर्जा और संसाधनों के साथ मदद करेगा। जॉनसन की यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा पिछले सप्ताह विदेश मंत्री



एस जयशंकर से फोन पर बात करने के बाद आई है, जिसमें उन्होंने भारत को पाकिस्तान के साथ मिलकर तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति बनाए रखने के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रुबियो के साथ अपनी बातचीत के दौरान, जयशंकर ने बताया कि दुखद पहलगाम आतंकी हमले के पीछे के अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

### आतंकवादियों के खिलाफ एक्शन के बीच बोले कश्मीर के सीएम

## सुरक्षा उपायों से निर्दोष लोग न प्रभावित हों : उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को इस बात पर चिंता जताई कि नए सुरक्षा उपायों के कारण निर्दोष स्थानीय लोग प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि इससे जम्मू-कश्मीर के निर्दोष लोग प्रभावित न हों।

जम्मू-कश्मीर के सीएम ने पत्रकारों से कहा, हम सभी यहां की स्थिति को समझते हैं, हम इसे अनदेखा नहीं कर सकते या इसके अस्तित्व को नकार नहीं सकते, लेकिन हमें इस पर गौर करना चाहिए ताकि पहलगाम हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के हमारे प्रयासों में जम्मू-कश्मीर के निर्दोष लोगों को प्रभावित न किया जाए। हमने अपनी इस चिंता को जहां तक संभव हो, वहां तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि कुलगाम में जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए था, लेकिन सिर्फ कुलगाम ही नहीं,



कश्मीर के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तारियों की जो ख़बरें आ रही हैं, पहली बार जम्मू-कश्मीर के लोग, ख़ास तौर पर कश्मीर के लोग, हमले के ख़िलाफ़ सड़कों पर उतरे हैं और अपना गुस्सा दिखाया है। उन तक ये संदेश नहीं पहुंचना चाहिए कि उन सबको सज़ा दी जा रही है।

अब्दुल्ला ने कहा, ऐसा नहीं लगना चाहिए कि कुछ अपराधियों को पकड़ने के लिए हम कई स्थानीय लोगों को गिरफ्तार कर रहे हैं। हमें सावधान रहने और तार्किक तरीके से कदम उठाने की जरूरत है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच आज पुंछ और राजौरी जिलों सहित घाटी के कई इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, पुलिस अधिकारियों ने कई सड़कों पर वाहन जांच चौकियां स्थापित की हैं। पुंछ और राजौरी से मिली तस्वीरों में सुरक्षा बलों को वाहनों की बेतरतीब ढंग से जांच करते, लोगों से पहचान पत्र मांगते और कभी-कभी लोगों के बैग भी चेक करते हुए दिखाया गया है।

## एक नज़र

### हार्वर्ड विवि को कोई नया अनुदान नहीं

**वॉशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन और हार्वर्ड विवि के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने अब हार्वर्ड विवि को कोई भी नया अनुदान न देने का एलान किया है। व्हाइट हाउस का कहना है कि नियम कायदे का अनुपालन न होने तक रोक जारी रहेगी। शिक्षा विभाग ने हार्वर्ड अध्यक्ष को लिखे पत्र में कार्रवाई की रूपरेखा बताई गई है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के लिए स्वीकृत 2.2 अरब डॉलर की अनुदान और 60 मिलियन डॉलर (लगभग 500 करोड़ रुपये) के अनुबंध को रोक दिया था। इसके बाद ट्रंप ने कहा था कि अगर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी राजनीतिक, वैचारिक और आतंकवाद समर्थित विचारों को बढ़ावा देता रहा, तो उसकी टैक्स छूट खत्म कर दी जाएगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अगर हार्वर्ड इसी तरह चलता रहा, तो उसे राजनीतिक संस्था मानकर टैक्स लगाया जाना चाहिए। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने हार्वर्ड पर चार क्षेत्रों में गंभीर विफलताओं का आरोप लगाया। इसमें पहला यहूदी-विरोध, नस्लीय भेदभाव, कठोरता का परित्याग और दृष्टिकोण विविधता। नए अनुदानों के लिए पात्र बनने के लिए हार्वर्ड को संघीय सरकार के साथ बातचीत शुरू करनी होगी और यह साबित करना होगा कि उसने प्रशासन की मांगों को पूरा किया है।

### अमेरिका में सड़क हादसा, आठ की मौत

**कन्सास (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्वी कन्सास में सड़क हादसा हुआ है। दो वाहनों में टक्कर के बाद लगी आग के कारण छात्रों-शिक्षकों और स्कूल के कर्मचारी समेत 8 लोगों की मौत हो गई है। पूर्वी कंसास के ग्रामीण क्षेत्र में हुई यह दुर्घटना दो लेन वाले राजमार्ग पर हुई। मृतकों में एक हाई स्कूल का छात्र, एक शिक्षक-प्रशिक्षक और ओक्लाहोमा का एक स्कूल कर्मचारी शामिल है। कन्सास हाईवे पैट्रोल के अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समय के मुताबिक दुर्घटना रविवार शाम करीब 5:45 बजे हुई। ग्रीली के छोटे से शहर के बाहर कन्सास सिटी, मिसौरी से करीब 97 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में हुए इस हादसे के बाद लगी आग में बाल-बाल बचे एक शख्स को रेस्क्यू टीम ने अस्पताल में भर्ती कराया।

## पाक को सताने लगा भारत के हमले का डर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को भारत की ओर से हमले का डर सताने लगा है। उन्होंने कहा कि भारत कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास किसी भी समय सैन्य हमला कर सकता है। आसिफ का यह बयान ऐसे समय आया है, जब पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच तनाव चरम पर है। आसिफ ने इस्लामाबाद में सोमवार को संवाददाताओं से कहा, 'ऐसी खबरें हैं कि भारत नियंत्रण रेखा के पास किसी भी स्थान पर हमला कर सकता है। नई दिल्ली को इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजनीतिक लाभ के लिए क्षेत्र को परमाणु युद्ध के कगार पर धकेलने का आरोप लगाया।

## हमास के हमलों की जांच नहीं कराएगा इजरायल

**तेल अवीव।** इजरायल पर सात अक्तूबर 2023 को हुए हमास के हमलों की जांच की मांग को इस्राइली कैबिनेट ने खारिज कर दिया है। कैबिनेट ने हमलों की जांच के लिए राज्य आयोग गठित न करने की बात कही है। इसे लेकर विपक्षी नेताओं ने नेतन्याहू सरकार को घेरा है। विपक्षी नेता और पूर्व पीएम यायर लैपिड ने कहा कि जांच आयोग गठित न करने का सीधा अर्थ यह है कि सात अक्तूबर जैसी घटना बार-बार होगी। अगर जांच नहीं की जाती है तो यह कभी पता नहीं लग पाएगा कि हमास के हमलों के पीछे का कारण क्या था? हम इससे सबक नहीं ले पाएंगे और ऐसा दोबारा न हो इसके लिए कोई उपाय भी नहीं कर सकेंगे। नेतन्याहू ने मेरोन आपदा और पनडुब्बी मामले में राज्य जांच समिति की स्थापना को भी रोकने की कोशिश की। इस बार भी राज्य जांच समिति स्थापित की जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जांच की मांग का विरोध करते हुए कहा कि यह राजनीतिक रूप से पक्षपाती जांच का विरोध करते हैं।